3 राजधानी
शीला का घर होगा राहुल गांधी का नया आवास

6 अभिमत
फ्रांस में दंगे से यूरोप को सबक

10 विदेश
रूस की अनाज समझौते से हटने की धमकी

12 स्पोर्ट्स
भारोत्तोलन में ज्ञानेश्वरी ने स्वर्ण पदक जीता



RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 246
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 13 जुलाई, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com




समान नागरिक संहिता के पक्ष में थे आंबेडकर

राष्ट्रीय-11

# बंगाल पंचायत चुनाव के नतीजे कोर्ट के अंतिम आदेश पर निर्भर

● कलकत्ता हाईकोर्ट ने कहा, एसईसी, राज्य और केंद्र सरकार को चुनावी धांधली के आरोप लगाने वाली तीन याचिकाओं पर हलफनामा दाखिल करने का दिया निर्देश

**एजेंसी।** कोलकाता

**कलकत्ता** उच्च न्यायालय ने बुधवार को कहा कि पश्चिम बंगाल पंचायत चुनाव और इसके परिणामों की घोषणा मतदान के दिन चुनावी धांधली होने के आरोपों से जुड़े विषयों की सुनवाई के सिलसिले में उसके (अदालत के) अंतिम आदेश पर निर्भर करेगी।

अदालत ने राज्य निर्वाचन आयोग (एसईसी), राज्य सरकार और केंद्र सरकार को चुनावी धांधली के आरोप लगाने वाली तीन याचिकाओं पर हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया है। उच्च न्यायालय ने कहा, ...चुनाव प्रक्रिया और इसके परिणामें की घोषणा इस रिट याचिका में पारित हो सकने वाले आदेशों पर निर्भर करेगी। अदालत ने निर्देश दिया कि आयोग को उन सभी उम्मीदवारों को इस पहलू की सूचना देनी चाहिए, जिन्हें विजेता घोषित किया गया है। राज्य में आठ जुलाई को हुए पंचायत चुनावों में बड़े पैमाने पर हिंसा और चुनावी धांधली होने के आरोप लगाते हुए याचिकाओं में आयोग को करीब 50,000 मतदान केंद्रों पर पुनर्मतदान कराने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया है। पुनर्मतदान 696 मतदान केंद्रों पर कराया गया और 11 जुलाई को

( शेष पेज 9 )

## मतगणना के दौरान झड़प में तीन लोगों की मौत

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले में मतगणना केंद्र के बाहर हुई झड़प में आईएसएफ (इंडियन सेक्युलर फ्रंट) के दो समर्थकों सहित तीन लोगों की मौत हो गई और कई लोग घायल हो गए। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पश्चिम बंगाल में त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव के लिए मंगलवार को सुबह से मतगणना जारी है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि जान गंवाने वाले आईएसएफ समर्थकों की पहचान रेजाउल गाजी और हसन मोल्ला के तौर पर हुई है। अन्य एक व्यक्ति की पहचान राजू मोल्ला के तौर पर हुई। अधिकारी ने बताया कि यह घटना मंगलवार देर रात हुई जब आईएसएफ के सदस्यों ने कोलकाता से करीब 30 किलोमीटर दूर भंगोर में मतगणना केंद्र के बाहर कथित तौर पर बम फेंके और इसके बाद पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा। उन्होंने बताया कि पुलिस कर्मियों ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए रबर की गोलियां चलाईं और आंसू गैस के गोले छोड़े। उन्होंने पीटीआई-भाषा से कहा, एक वरिष्ठ आईपीएस (भारतीय पुलिस सेवा) अधिकारी, उनके अंगरक्षक तथा कई अन्य पुलिसकर्मी और साथ ही आईएसएफ के कुछ कथित सदस्य झड़प में घायल हो गए।



पश्चिम बंगाल के 24 परगना के भंगोर में देसी बम को निष्क्रिय करते बम स्क्वाड के सदस्य।

## पंचायत चुनाव में तृणमूल कांग्रेस भारी जीत की ओर

**पायनियर समाचार सेवा।** कोलकाता

**पश्चिम** बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) हिंसा प्रभावित पंचायत चुनाव में बुधवार को भारी जीत हासिल करने की ओर अग्रसर है, क्योंकि राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा अब तक घोषित परिणामों में उसे अजेय बढ़त मिल गई है। एसईसी की ओर से बुधवार शाम साढ़े चार बजे तक जारी आंकड़ों के अनुसार तृणमूल ने 34,901 ग्राम पंचायत सीट जीत ली हैं, साथ ही उसके उम्मीदवार 613 सीट पर आगे है। ग्राम पंचायत की कुल 63,229 सीट के लिए चुनाव हुए हैं। एसईसी की ओर

( शेष पेज 9 )

# यमुना में 45 साल में सबसे भीषण बाढ़

● बुधवार शाम को रिकॉर्ड 207.89 मीटर पर पहुंचा पानी, सीएम ने बुलाई आपात बैठक, केंद्रीय गृहमंत्री से मांगी मदद

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



बाढ़ प्रभावित यमुना बाजार इलाके से लोगों को निकालते सहायताकर्मी।

**यमुना** में पिछले 45 सालों में सबसे भीषण बाढ़ आई है। नदी का जलस्तर रिकॉर्ड 207.89 मीटर पर पहुंच गया। इससे पहले 1978 में नदी का जलस्तर 207.49 मीटर पहुंचा था। शहर के अनेक इलाकों में बाढ़ का पानी घुस गया है। रिंगरोड समेत कई सड़कों पर यातायात परिवर्तन के लिए परामर्श जारी किया गया है। बाढ़ संवेदनशील इलाकों में निषेधाज्ञा लागू कर दी गई है। हालात से निपटने के लिए मद्देनजर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बुधवार देर शाम अधिकारियों संग आपात बैठक की और आवश्यक दिशानिर्देश दिए।

उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर हालात से निपटने में मदद की गुहार लगाई है। वहीं, एलजी विनय कुमार सक्सेना ने गुरुवार को डीडीएमए की बैठक बुलाई है। केंद्रीय जल आयोग (सीडब्ल्यूसी) के बाढ़-निगरानी पोर्टल के अनुसार, पुराने रेलवे पुल पर जलस्तर बुधवार सुबह चार बजे 2013 के बाद पहली बार 207 मीटर के निशान को पार कर गया। यह शाम चार बजे तक बढ़कर रिकार्ड 207.71 मीटर के निशान तक पहुंच गया। इसके बाद शाम सात बजे यह 207.89 मीटर पर पहुंच गया। दिल्ली सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि नदी का जलस्तर और बढ़ने की आशंका है। वहीं भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने अगले दो दिनों में उत्तराखंड में भारी से बहुत भारी बारिश जारी रहने का पूर्वानुमान जताया है। जल स्तर के रिकॉर्ड स्तर पर पहुचने के बाद, केजरीवाल ने केंद्र सरकार से यह सुनिश्चित करने के लिए हस्तक्षेप करने का आग्रह किया कि यमुना का जलस्तर और न बढ़े। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को लिखे पत्र में केजरीवाल ने अनुरोध किया कि यदि संभव हो तो हरियाणा में हथिनीकुंड बैराज से पानी सीमित गति में छोड़ा जाए। केजरीवाल ने गृहमंत्री शाह का ध्यान आगामी जी-20 शिखर सम्मेलन की ओर आर्कषित करते हुए लिखा कि दिल्ली कुछ हफ्तों में जी-20 शिखर सम्मेलन की मेजबानी करने वाली है।

उन्होंने कहा कि देश की राजधानी में बाढ़ की खबर से दुनिया में अच्छा संदेश नहीं जाएगा। हम सबको मिलकर दिल्ली के लोगों को इस स्थिति से बचाना होगा। यमुना नदी का जलस्तर बढ़ने से बोट क्लब, मोनेस्ट्री मार्केट, नीली छत्री मंदिर, यमुना बाजार, नीम करोली गौशाला, विश्वकर्मा कॉलोनी, मजनू का टीला और वजीराबाद के बीच का हिस्सा जलमग्न हो गया है। आईटीओ के पास स्थित दिल्ली परिवहन निगम मुख्यालय में जलजमाव हो गया। स्थानीय विधायक अजय महावर ने कहा कि उत्तरपूर्वी दिल्ली के गांधी मेंडू और उस्मानपुर गांवों में बाढ़ का पानी चार फुट से ऊपर हो गया है।

राजस्व मंत्री आतिशी ने कहा कि दिल्ली सरकार नदी के तटबंधों को मजबूत कर रही है और लोगों को बाढ़ प्रभावित इलाकों से बाहर निकाल रही है। दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने एक सलाह जारी कर लोगों को सुरक्षित स्थानों पर जाने के लिए कहा है। किसी भी आपात स्थिति में मदद के लिए हेल्पलाइन नंबर 1077 जारी किया गया है। यमुना का जलस्तर सोमवार रात 206 मीटर के निशान को पार कर गया था, जिससे बाढ़ संभावित क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित करना पड़ा और सड़क एवं रेल यातायात के लिए पुराने रेलवे पुल को बंद कर दिया गया। दिल्ली के जलमंत्री सौरभ भारद्धाज ने संवाददाताओं को बताया कि दिल्ली सरकार स्थिति से निपटने के लिए तैयार है। साउथ एशिया नेटवर्क ऑन डैम्स, रिवर्स, पीपुल (एसएएनडीआरपी) के सहायक समन्वयक भीम सिंह रावत ने दिल्ली में यमुना

( शेष पेज 9 )

## आईएम के चार आतंकियों को 10 साल की सजा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**दिल्ली** की एक अदालत ने 2012 में देशभर में आतंकवादी हमलों को अंजाम देकर सरकार के खिलाफ युद्ध छेड़ने की आपराधिक साजिश रचने के लिए बुधवार को इंडियन मुजाहिदीन (आईएम) के चार आतंकियों को 10-10 साल जेल की सजा सुनाई। हालांकि, फैसले ने उनकी रिहाई का मार्ग प्रशस्त कर दिया क्योंकि वे सभी पहले ही इतना समय जेल में काट चुके हैं। विशेष न्यायाधीश शैलेन्द्र मलिक ने दानिश अंसारी, आफताब आलम, इमरान खान और ओबैद-उर-रहमान को भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) और आतंकवाद रोधी कानून-गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) की विभिन्न धाराओं के तहत सजा सुनाई। अदालत ने आदेश पारित करते हुए उल्लेख किया कि आरोपियों ने सात जुलाई को अपने खिलाफ लगाए गए आरोपों को स्वीकार कर लिया था। विशेष अदालत ने 10 जुलाई को इन्हें दोषी करार

( शेष पेज 9 )

# श्रद्धा जैसी वारदात, महिला के टुकड़े कर यमुना खादर में फेंके

● एक पॉलिथीन में सिर तो दूसरी में रखे हुए थे शरीर के अन्य हिस्से, शव की पहचान नहीं

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**राष्ट्रीय** राजधानी में श्रद्धा वालकर हत्याकांड जैसा एक और मामला सामने आया है। पूर्वी दिल्ली के गीता कॉलोनी इलाके में फ्लाईओवर के पास एक महिला का शव कई टुकड़ों में मिला है। एक पॉलिथीन में सिर था, जबकि दूसरी में शरीर के अन्य टुकड़े। शव की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस का कहना है कि महिला की उम्र करीब 35-40 वर्ष है।

शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में रख दिया है। संयुक्त पुलिस आयुक्त परमादित्य ने बताया कि बुधवार सुबह करीब 9.00 बजे पुलिस को एक पीसीआर कॉल मिली। कॉलर ने पुलिस को बताया कि गीता कॉलोनी पुल, यमुना किनारे पॉलिथीन में किसी का शव पड़ा हुआ मिला है। गीता कॉलोनी इलाके की सीमा तीन जिलों से जुड़ी हुई है। इसलिए मौके पर सेंट्रल डीसीपी संजय कुमार सेन, नॉर्थ डीसीपी सागर सिंह कलसी के अलावा शाहदरा डीसीपी रोहित मीणा पहुंच गए। पुलिस की मौजूदगी में शव के टुकड़ों को पॉलिथीन से निकाला गया। एक पॉलिथीन में सिर व दूसरी में हाथ, पैर व शरीर के दूसरे हिस्से थे। पॉलीथीन से कुछ दूरी पर पुलिस को शव के कुछ और टुकड़े पड़े हुए मिले। उन टुकड़ों को कुत्तों ने नोच दिया था।

जांच में पता चला कि इलाका नॉर्थ डिस्ट्रिक्ट के कोतवाली थाने का है। वहां मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। आशंका है कि महिला की हत्या कहीं और की गई है। इसके बाद शव को यहां ठिकाने लगाया गया है। दोपहर के समय ड्रोन से मौके से साक्ष्य जुटाए

( शेष पेज 9 )



गीता कालोनी फ्लाईओवर के पास घटना स्थल पर सबूत एकत्र करती फॉरेंसिक टीम और पुलिस।

## विपक्ष की बैठक में भाग लेंगे 24 दल, सोनिया भी रहेंगी

**भाषा।** नई दिल्ली

**अगले** साल होने वाले लोकसभा चुनाव के मद्देनजर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी को कड़ी चुनौती देने के मकसद से जारी विपक्षी एकजुटता की कवायद के तहत बेंगलुरू में 17 और 18 जुलाई को होने वाली विपक्ष की अगली बैठक में 24 पार्टियां भाग लेंगी। विपक्षी दलों की 23 जून को पटना को हुई पिछली बैठक में 15 राजनीतिक दल शामिल हुए थे। उसके मुकाबले इस बार नौ और राजनीतिक दल भी विपक्षी दलों की बैठक का हिस्सा बनेंगे। कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी भी 17 जुलाई को विपक्षी नेताओं के लिए आयोजित रात्रिभोज में शामिल हो सकती हैं। सूत्रों ने बताया कि 17 जुलाई को रात्रिभोज नेताओं की मुलाकात के बाद इसके अलग दिन विधिवत चर्चा होगी जिसमें 2024 के लोकसभा चुनाव को लेकर आगे की रणनीति तय की जा सकती है। सूत्रों का कहना है कि

( शेष पेज 9 )

## उत्तर भारत में बारिश का कहर थमा, बचाव कार्यों में तेजी

● वर्षा जनित हादसों में हरियाणा, पंजाब में 18 और उत्तर प्रदेश में 12 लोगों की मौत

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**कई** दिनों तक भारी बारिश का सितम झेलने के बाद उत्तर भारत के विभिन्न हिस्सों में मौसम बेहतर हुआ है, जिसके बाद अधिकारियों ने फंसे हुए पर्यटकों को निकालने, मुख्य मार्गों पर यातायात परिचालन बहाल करने और नए इलाकों में बाढ़ के पानी को घुसने से रोकने के लिए बुधवार को युद्धस्तर पर कार्य शुरू कर दिया।

सरकार द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक, पंजाब और हरियाणा में बारिश से जुड़ी घटनाओं में कम से कम 18 और उत्तर प्रदेश में 12 लोगों की मौत हुई है। हिमाचल की राज्य सरकार ने कहा कि प्रदेश के कसोल में फंसे कम से कम दो हजार पर्यटकों को निकाल लिया गया और भूस्खलन व बाढ़ की वजह से लाहौल में फंसे 300 से ज्यादा पर्यटक वाहन अपने-अपने गंतव्य स्थानों की ओर रवाना हो चुके हैं। आईएमडी ने कहा कि उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश और पश्चिमी मध्य प्रदेश में अगले दो दिन तक भारी से बहुत भारी बारिश हो सकती है और उसके बाद बारिश में कमी आएगी।

मौसम विभाग ने उत्तर प्रदेश के 58 जिलों में बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। राहत आयुक्त कार्यालय से मिली रिपोर्ट के मुताबिक पिछले 24 घंटों के दौरान वर्षा जनित हादसों में कुल 12 लोगों की मौत हो गई इस दौरान नौ लोगों की अलग-अलग हादसों में डूबने से तथा आकाशीय बिजली की चपेट में आने, सर्पदंश और अतिवृष्टि की वजह से एक-एक व्यक्ति की मौत हुई है।

राहत आयुक्त कार्यालय से मिली सूचना के मुताबिक हथिनी कुंड बैराज से लगभग 1.90 लाख क्यूसेक पानी छोड़े जाने से प्रभावित होने वाले जिलों शामली, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, अलीगढ़, मथुरा, आगरा, फिरोजबाद और इटावा के स्थानीय प्रशासन से बातचीत कर स्थिति के लिए तैयारी करने को कहा गया है। पंजाब में पिछले तीन दिनों में लगभग 10 हजार लोगों को जलभराव वाले इलाकों से सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाया जा चुका है। अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि पटियाला, रूपनगर, मोगा, लुधियाना, मोहाली, एसबीएस नगर और फतेहगढ़ साहिब जिलों से लोगों को निकाला गया है। उनका कहना

( शेष पेज 9 )

## क्विक न्यूज

### बालासोर ट्रेन दुर्घटना: रेलवे के सात कर्मचारी निलंबित

**भुवनेश्वर।** ओडिशा में बालासोर ट्रेन दुर्घटना केलिए कर्त्तव्य में लापरवाही बरतने के आरोप में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा गिरफ्तार किए गए रेलवे के तीन कर्मचारियों सहित कम से कम सात कर्मचारियों को निलंबित कर दिया गया है। एक शीर्ष अधिकारी ने यह जानकारी दी। दो जून को बालासोर जिले के बाहानगा बाजार रेलवे स्टेशन के पास तीन ट्रेन से जुड़ी दुर्घटना में 293 लोग मारे गए और 1,200 से अधिक घायल हो गए। दक्षिण पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक अनिल कुमार मिश्रा ने संवाददाताओ से कहा, अगर अधिकारी सतर्क होते तो दुर्घटना को टाला जा सकता था। मिश्रा ने दुर्घटनास्थल का दौरा करने के बाद संवाददाताओ से कहा, रेलवे ने अब तक सात कर्मचारियों को निलंबित कर दिया है, जिनमें वे तीन कर्मचारी भी शामिल है, जिन्हें सीबीआई ने गिरफ्तार किया था। नियमों के अनुसार 24 घंटे के लिए गिरफ्तार किए गए कर्मचारी को निलंबित कर दिया जाता है। सीबीआई ने सीनियर सेक्शन इंजीनियर (सिग्नल) अरुण कुमार महंत, सेक्शन इंजीनियर मोहम्मद आमिर खान और तकनीशियन पप्पू कुमार को गिरफ्तार किया था।

## राजस्थान में पुलिस टीम की आंखों में मिर्च झोंक हत्या

● भाजपा नेता की हत्या के दो आरोपियों को भरतपुर पेशी पर ले जाया जा रहा था, टोल प्लाजा पर बस में चढ़कर गैंगस्टर पर बरसाई गोलियां

**पायनियर समाचार सेवा।** जयपुर

**राजस्थान** के भरतपुर में बुधवार दोपहर 12 बजे पुलिसकर्मियों की आंखों में मिर्च झोंक बस में ताबड़तोड़ गोलियां बरसाकर गैंगस्टर की हत्या कर दी। मारा गया बदमाश भाजपा नेता कृपाल जघीना हत्याकांड में आरोपी था, जिसे अन्य आरोपी के साथ भरतपुर पेशी पर ले जाया जा रहा था।

भरतपुर में पिछले साल 4 सितंबर को जमीनी विवाद के चलते भाजपा के नेता कृपाल जघीना की हत्या की गई थी। इस केस में कुलदीप जघीना और उसके साथी विजयपाल को आरोपी बनाया गया था। आरोपी बदमाश कुलदीप जघीना और उसके साथी विजयपाल को 7-8 पुलिसकर्मी पेशी के लिए जयपुर से भरतपुर अदालत बस से ले जा रहे थे। यह बस जब आमोली टोल प्लाजा पर रुकी तो वहां पहले से मौजूद दो बदमाश बस में चढ़े और पुलिसकर्मियों की आंखों में मिर्च झोंक कर ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। करीब 15 राउंड फायरिंग कर कुलदीप की हत्या कर दी।

इसमें विजयपाल गंभीर रूप से घायल हो गया। दो यात्रियों को भी गोली लगी है। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि कुलदीप को छह गोलियां लगी हैं। चार चेहरे पर और दो सीने में उतारी गईं। एसपी मृदुल कच्छावा ने बताया कि चार आरोपियों- विष्णु, सौरभ, धर्मराज और बबलू को हिरासत में लिया गया है। अन्य की तलाश की जा रही है। टोल के फुटेज पुलिस ने बरामद कर आरोपियों की पहचान की है।

बदमाशों की गाड़ी भी बरामद कर ली गई है। मालूम हो कि 48 साल के भाजपा नेता कृपाल जघीना और कुलदीप जघीना के बीच जमीन की खरीद-फरोख्त को लेकर विवाद था। दोनों एक ही गांव के रहने वाले थे। कृपाल जघीना के खिलाफ 15 मामले दर्ज थे और वह रेलवे सलाहकार

( शेष पेज 9 )



# केंद्र दिल्ली में रियायती दरों पर टमाटर बेचेगा

उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के मुताबिक टमाटर की बिक्री नेफेड और एनसीसीएफ की तरफ से होगी

● एनसीआर, यूपी, बिहार और पश्चिम बंगाल में भी सस्ती दरों पर टमाटर उपलब्ध कराए जाएंगे

**पीएनएस/एजेंसी।** नई दिल्ली



प्रतीकात्मक चित्र

**टमाटर** की कीमतों में आए उछाल के बीच ग्राहकों को राहत देने के लिए केंद्र सरकार शुक्रवार से राष्ट्रीय राजधानी और कुछ अन्य शहरों में रियायती दरों पर टमाटर की बिक्री करेगी। कुछ शहरों में इस प्रमुख खाद्य उत्पाद की कीमत 200 रुपए प्रति किलोग्राम से भी अधिक हो गई है।

उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने बुधवार को इस फैसले की घोषणा करते हुए कहा कि टमाटर की बिक्री राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन महासंघ (नेफेड) और राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता महासंघ (एनसीसीएफ) की तरफ से की जाएगी। उपभोक्ता मामलों के सचिव रोहित कुमार सिंह ने पीटीआई-भाषा से कहा कि दिल्ली एवं राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर), उत्तर प्रदेश, बिहार और पश्चिम बंगाल में टमाटर रियायती दरों पर बेचे जाएंगे। इसके अलावा पटना, वाराणसी, कानपुर और कोलकाता में भी रियायती टमाटर उपलब्ध होंगे। सिंह ने कहा, टमाटर विभिन्न क्षेत्रों में मौजूदा भाव से काफी कम दाम पर बेचे जाएंगे। यह उस दिन के बाजार भाव से कम-से-कम 30 प्रतिशत कम होगा। यह कदम उपभोक्ताओं को राहत देने के इरादे से प्रेरित है।

मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि नेफेड और एनसीसीएफ दोनों कर्नाटक, आंध्र प्रदेश और महाराष्ट्र के प्रमुख उत्पादक केंद्रों से टमाटर खरीदेंगे और इसे उन बाजार स्थलों में बेचेंगे जहां खुदरा कीमतें पिछले एक महीने में सबसे अधिक बढ़ी हैं। सिंह ने कहा, यह पहला मौका है जब हम खुदरा बाजारों में टमाटर खरीदेंगे और बेचेंगे। हमने प्याज के लिए भी ऐसा किया। यह एक चुनौतीपूर्ण काम होने वाला है क्योंकि टमाटर एक जल्द खराब होने वाली खाद्य वस्तु है। दिल्ली-एनसीआर में एनसीसीएफ अपने बिक्री केंद्रों, मोबाइल वैन, मदर डेयरी के सफल स्टोर और केंद्रीय भंडार बिक्री केन्द्रों के जरिए टमाटर बेचेगा।

सिंह ने कहा कि अन्य शहरों में नेफेड और एनसीसीएफ दोनों अपने-अपने बिक्री केंद्रों के माध्यम से रियायती दरों पर टमाटर बेचेंगे या इसके लिए स्थानीय स्तर पर गठजोड़ करेंगे। उनके अनुसार, कीमतें कम होने तक टमाटरों की रियायती दरों पर बिक्री जारी रहेगी। अगस्त की शुरुआत तक टमाटर के दाम नरम होने की संभावना है। मंत्रालय ने कहा कि रियायती टमाटर बेचे जाने वाले शहरों की पहचान पिछले एक महीने में खुदरा कीमतों

( शेष पेज 9 )

# धीरेंद्र शास्त्री के कार्यक्रम में भगदड़, 10 घायल

## अर्जी लगाने के लिए लगी थी भारी भीड़, पंडाल में गर्मी-उमस से कई श्रद्धालु हुए बेहोश

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा


कार्यक्रम में आई भीड़, इनसेट में घायल महिलाएं।

ग्रेटर नोएडा में पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के दरबार में बुधवार को भीड़ ज्यादा होने से भगदड़ मच गई। गर्मी-उमस होने से कई लोग बेहोश हो गए। 10 लोगों को गंभीर चोट लगने की भी सूचना है।

सभी को एंबुलेंस से अस्पताल भेजा गया है। बताया जा रहा है कि दरबार में अर्जी लगाने की होड़ मची थी, भीड़ बेकाबू हो गई और अफरातफरी मच गई।

इसी दौरान एक महिला करंट की चपेट में भी आ गई। बताया जा रहा है कि वीआईपी पास से पीछे छोटे से गेट से एंट्री करवाई जा रही थी, वहां पर बिजली के तार होने की वजह से एक महिला को करंट लगा है। बताया जा रहा है कि भगदड़ मचने की वजह से बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं ज्यादातर घायल हुई हैं। कुछ महिलाओं के सिर पर गंभीर चोट लगी है। एक महिला के आंख के ऊपर चोट आई है।

तीन एंबुलेंस से घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया है। दरबार में आयोजकों द्वारा लगाए गए तीनों पंडाल पूरी तरह से भरे थे। पंडाल के बाहर भी भक्तों की भीड़ लगी रही। कार्यक्रम को लेकर बड़ी संख्या में पास जारी किए गए थे। लेकिन भीड़ को देखते हुए एंट्री को पहले ही बंद कर दिया गया। दोपहर 12 बजे से पहले ही दरबार में काफी संख्या में लोग पहुंच चुके थे। इसके बाद भी श्रद्धालुओं का दरबार में आना लगातार जारी रहा। धीरेंद्र शास्त्री की एक झलक पाने के लिए कार्यक्रम स्थल पर हालात बेकाबू हो गए। स्थिति को देख पुलिस ने श्रद्धालुओं से दिव्य दरबार के समाप्त होने की बात कही। श्रद्धालुओं से घर जाने का अनुरोध किया। लोगों से कहा गया कि वे घरों से ही प्रवचन सुनें। टीवी पर उनका कार्यक्रम आ रहा है।

### हमें सबको हनुमानजी का बनाना है: शास्त्री

ग्रेटर नोएडा के जैतपुर में चल रही श्रीमद भागवत कथा के तीसरे दिन बुधवार को दिव्य दरबार लगा। इसमें धीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि 20 जुलाई को लंदन जा रहे हैं। अब पूरी दुनिया में सनातन की शक्ति का डंका बजेगा। गाजियाबाद में सिहानी गांव के तुषार की अर्जी दिव्य दरबार में स्वीकार हुई। तुषार ने कहा, पढ़ाई में ज्यादा मन नहीं है। दिल्ली पुलिस की नौकरी करना चाहता हूं। धीरेंद्र शास्त्री ने नौकरी लगने का आशीर्वाद दिया। आज के दिव्य दरबार में पहली अर्जी छत्तीसगढ़ की महिला भक्त की स्वीकार हुई थी।

# हनीट्रैप मामला: वित्त मंत्रालय के आरोपी कर्मचारी ने 61 पन्नों के खुफिया दस्तावेज पाकिस्तान भेजे

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

● महिला जासूस ने फंसाया था, बरेली का सिम, कराची से करती थी कॉल


कर्मचारी नवीन पाल

हनीट्रैप में फंसकर वित्त मंत्रालय के आउटसोर्सिंग कर्मचारी नवीन पाल ने जी-20 के 61 पेज के खुफिया दस्तावेज पाकिस्तान भेजे थे। अंजलि नाम की लड़की ने उससे कंटेंट राइटर बनकर दोस्ती की थी। फिलहाल फोटो भेजकर जाल में फंसाया। इसके बाद आर्टिकल लिखने के बहाने सीक्रेट डॉक्यूमेंट्स मंगवा लिए थे। पुलिस और इंटेलिजेंस ब्यूरो की जांच में इस बात पुष्टि हुई है। जांच में यह भी सामने आया है कि जिस वॉट्सऐप नंबर पर वह चैट कर रहा था। वह नंबर वेस्ट यूपी का है। बरेली की महिला के नाम पर ये सिम खरीदा गया था। मगर, ऑपरेट कराची से हो रहा था। सुरक्षा और जांच एजेंसियां अब इस पड़ताल में जुटी हैं कि कराची में बैठी वो अंजली आखिर कौन है, शक है कि वो आईएसआई जुड़ी है। डीसीपी ने बताया नवीन के पास से आईफोन बरामद हुआ है। इसमें अंजलि का नंबर अंजलि कलकत्ता के नाम से फीड है। अंजली ने पहले सोशल मीडिया पर नवीन से दोस्ती की। फिर अंजली ने उसे अपनी कुछ फोटोज भेजी। धीरे-धीरे दोनों ने वॉट्सऐप नंबर एक-दूसरे से शेयर किए। वीडियो कॉल पर भी बातचीत शुरू हो गई। जब नवीन हनीट्रैप में पूरी तरह फंस गया, तो लड़की ने अपनी मंशा जाहिर कर दी। अंजलि ने उसे बताया था कि वह कंटेंट राइटिंग का काम करती है। जी-20 पर आर्टिकल लिखने के बहाने से नवीन को बहला-फुसलाकर उससे सीक्रेट डॉक्यूमेंट्स मंगवा लिए। नवीन के आईफोन से करीब 61 पेज डॉक्यूमेंट्स पाकिस्तान में भेजे गए हैं।

डीसीपी ने बताया, नवीन को काम के बदले 85 हजार रुपए मिले थे। इसकी पुष्टि नवीन के बैंक अकाउंट से भी हुई है। नवीन के खाते में पैसे अलवर राजस्थान के बैंक खाते से भेजे जा रहे थे। बैंक को लेटर लिखकर नवीन के खाते में पैसा भेजने वाले खाते की पूरी डिटेल्स मांगी गई है। नवीन के मोबाइल के फोटो बैकअप सेक्शन में वित्त मंत्रालय और जी-20 से संबंधित डॉक्यूमेंट्स मिले हैं। इन सभी डॉक्यूमेंट्स पर सीक्रेट लिखा था। मंगलवार को पुलिस ने एफआईआर नवीन को विदेश मंत्रालय का कर्मचारी बताया था।

# पाकिस्तान से वीडियो पर सीमा को धमकाया

● चेहरे छिपाकर हथियारों के साथ 5 लोग नजर आ रहे

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



भारत आई चर्चित प्रेमिका सीमा हैदर उर्फ सीमा मीणा की कहानी में एक और नया मोड़ आ गया है। सीमा हैदर को भारत ने अब अपनी बहू बना लिया है, उसे लेकर सीमा पार वाले पड़ोसी देश से बड़ी धमकी आई है।

यह धमकी बाकायदा वीडियो के रूप में है। धमकी भरा यह वीडियो इस समय सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। आपको बता दें कि जब ऐसा लगने लगा था कि सीमा हैदर की प्रेम कहानी का हैप्पी दी एंड हो गया है तभी पाकिस्तान की तरफ से एक वीडियो सामने आ गया है। इस वीडियो में चेहरे छिपाकर बाकायदा हथियारों के साथ 6 लोग नजर आ रहे हैं। इन सभी को पाकिस्तानी बलूच डाकू बताया जा रहा है। यह डाकू बेहद भद्दी व गंदी भाषा में धमकी देते हुए नजर आ रहे हैं। वीडियो में डाकू बोल रहे हैं कि सीमा हैदर को वापस पाकिस्तान भेज दो, नहीं इसका अंजाम बहुत बुरा होगा। वीडियो में ढेर सारी घटिया बातें कही जा रही हैं।

इस वीडियो के सामने सामने आने पर जब सीमा हैदर से उसके विषय में पूछा गया तो उसने बताया कि धमकी देने वाले उसके पूर्व पति के रिश्तेदार हैं। उसने एक बार फिर दोहराया कि वह अंतिम सांस तक अब भारत में ही रहेगी। किसी भी कीमत पर वह पाकिस्तान वापस नहीं जाएगी। उसने यह भी कहा कि वीडियो में दी जा रही धमकी को सुनकर वह डरी हुई है।

### देवली गांव में छत से गिरकर महिला की मौत

**नोएडा।** देवला गांव में बीती रात्रि एक महिला की छत से गिरकर संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। थाना सूरजपुर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

थाना ककोड के भौंरा गांव निवासी अशोक की 50 वर्षीय पत्नी शीला देवला गांव में अपने बेटे के साथ रह गई थी। बीते रात्रि खाना खाने के बाद परिजन छत पर सोने के लिए चले गए। आज सुबह परिजन जब सोकर उठे तो शीला घर के नीचे लहूलुहान स्थिति में पड़ी हुई थी। पुलिस आशंका जता रही है कि शीला नींद से उठी होगी और छत से नीचे गिर गई शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और सभी पहलुओं पर जांच पड़ताल की जा रही है।

# अवैध संबंधों के चलते मां ने ही की थी मासूम की हत्या

● महिला, देवर, प्रेमी और एक रिश्तेदार गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा


पुलिस गिरफ्त में आरोपी महिला।

अवैध संबंधों के चलते एक महिला ने अपने 8 वर्षीय बेटे की हत्या कर शव को को जनपद संभल मे सड़क किनारे फेंक दिया था। महिला के पति ने अपने बेटे के लापता होने की रिपोर्ट 5 जुलाई को नोएडा के थाना बादलपुर में दर्ज करवाई थी।

घटना की रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर ही पुलिस ने महिला, उसके देवर, प्रेमी सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस उपायुक्त जोन द्वितीय अनिल कुमार यादव ने बताया कि थाना बादलपुर में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 2 जुलाई से उसका 8 वर्षीय बेटा लापता है। इसी बीच 7 जुलाई को जनपद संभल में लापता बच्चे अंकित का शव सड़क किनारे मिला। पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाया तो पता चला कि उसे पहले जहरीला पदार्थ देकर हत्या का प्रयास किया गया लेकिन जब उसकी मौत नहीं हुई। उसके बाद पानी में डुबोकर उसकी हत्या की गई है। डीसीपी ने बताया कि थाना बादलपुर पुलिस ने इस मामले को अंजाम देने वाली मृतक बच्चे की मां भूरी, चाचा मानक, भूरी के प्रेमी ओमपाल तथा भूरी की भतीजी के ससुर अमर सिंह को गिरफ्तार किया है। पूछताछ के दौरान पुलिस को पता चला है कि महिला के ओमपाल नामक व्यक्ति से अवैध संबंध थे।

बच्चे ने अपनी मां को उसके साथ आपत्तिजनक अवस्था में देख लिया था। इस बात से बच्चा काफी आक्रोशित था, तथा वह अपने गांव संभल पहुंच गया। वहां पर उसने अपने चाचा को यह बात बताई। उन्होंने बताया कि जांच के दौरान यह पता चला है कि भूरी के अपने देवर मानक से भी अवैध संबंध थे।

मानक ने यह बात अपनी भाभी को बताई। भूरी यहां से जनपद संभल पहुंची, तथा उसने बच्चे को जहरीला पदार्थ खिलाकर मारने का प्रयास किया, लेकिन उसकी मौत नहीं हुई। इसके बाद आरोपियों ने बच्चे को पानी में डुबोकर मार डाला तथा शव को सडक किनारे फेंक दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### हत्या का आरोपी मुठभेड़ में घायल



**गाजियाबाद।** निवाड़ी थाना क्षेत्र में हुई मुठभेड़ के दौरान एसओ सुरेंद्र सिंह की टीम व अपराधियों के बीच हुई फायरिंग में पुलिस की गोली लगने से हत्या की वारदात में वांछित भुपेंद्र उर्फ कल्लू निवासी अमानउल्लापुर रोहटा मेरठ के पैर में गोली लगी। इस घटना में घायल हत्याभियुक्त के पास से आलाकत्ल तमंचा, कारतूस व बाइक बरामद हुई। यह जानकारी देते हुए एसीपी मोदीनगर रितेश त्रिपाठी ने बताया कि जिस अपराधी के पैर में गोली लगी है वह 6/7 की रात्रि में हुई कपिल निवासी मौहम्मदपुर की हत्या की वारदात में वांछित चल रहा था। श्री त्रिपाठी ने बताया कि कपिल की हत्या की गुत्थी सुलझाने के लिये एसओ निवाड़ी सुरेंद्र सिंह अपने सहयोगियों के साथ दिन।रात लगे हुए थे।

### दूसरे दिन भी जारी रही आयकर विभाग की छापेमारी

गाजियाबाद। प्रोगेसिव टूल्स कम्पनी के ठिकानों पर दूसरे दिन भी आयकर विभाग की छापेमारी जारी रही। कम्पनी के चेयरमैन से लेकर उससे जुड़े व्यक्तियों के ठिकानों पर मंगलवार सुबह से अब तक जांच चल रही है। आयकर विभाग की टीमें तीन दर्जन से अधिक ठिकानों पर जांच में जुटी हैं। टीमों की छापेमारी 24 घंटे से लगातार जारी है। यहां तक की टीमों ने रात में भी कम्पनी के ठिकानों पर डेरा डाले रखा। टीम के सदस्यों के लिए चाय नाश्ते से लेकर खाने.पीने की व्यवस्था भी वहीं की गई जहां.जहां वह छापेमारी कर रहे हैं। विभागीय जानकारों की मानें तो कम्पनी प्रबंधक कम्पनी में घाटा दिखाकर बड़े पैमाने पर बड़ी रकम उसमें निवेश कर रहे थे। जबकि कम्पनी को घाटे में दिखाया जा रहा था। इसके अलावा भी कम्पनी के दस्तावेजों में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी पाई गई हैं। आशंका व्यक्त की जा रही है कि जांच में अभी वक्त लगेगा।

### सेना की जमीन बेचने वाला गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में सेना की करीब 10 करोड़ रुपए से ज्यादा कीमत की जमीन को बेचने वाले मजीद उर्फ माजिद को पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर लिया है। रजिस्ट्री में इस जमीन का सौदा 10 करोड़ रुपए में होना दिखाया है। हालांकि मजीद के खाते में अभी सिर्फ 4 करोड़ रुपए ही आए हैं। जमीन खरीदने वाले, गवाह सहित अन्य लोगों की भूमिका भी जांच के घेरे में है। 28 जून को सब रजिस्ट्रार ने थाना सिहानी गेट पर एक एफआईआर कराई थी। इसके मुताबिक, खसरा नंबर-529 की जमीन रक्षा विभाग की थी। मजीद नामक शख्स ने सेमटैक एसोसिएट कंपनी को 10 करोड़ रुपए में बेच दी। जमीन के बैनामे में जो नक्शा लगाया गया, उसमें रक्षा विभाग की संपत्ति स्पष्ट रूप से दिखाई गई है। सिहानी गेट पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस ने इस मामले में जमीन बेचने वाले मजीद उर्फ माजिद को बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। वो कस्बा मसूरी में स्टेशन रोड का रहने वाला है। रवि कुमार सिंह ने बताया जमीन खरीदने वाले लोग भी जांच के घेरे में हैं।

### होटल में हेड कांस्टेबल का शव मिला



**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के मरीना होटल में मंगलवार को नोएडा पुलिस के हेड कॉन्स्टेबल रवि मिश्रा की डेडबॉडी मिली है। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। सलोनी अग्रवाल ने बताया, 40 वर्षीय रवि मिश्रा नोएडा के थाना सेक्टर.113 में तैनात थे। वे मूल रूप से प्रयागराज के रहने वाले थे और वर्तमान में इनका परिवार बरेली में रह रहा था। रवि 2006 बैच के सिपाही थे। जांच में पता चला है कि रवि बीते कई दिन से इस होटल के कमरा नंबर.121 में ठहरे हुए थे। मंगलवार को रवि ने ब्रेकफास्ट के लिए ऑर्डर नहीं किया। जब होटलकर्मी ने नॉक किया तो कोई आवाज भी नहीं आई। इसके बाद दरवाजा खोलकर देखा तो रवि की लाश बेड पर पड़ी थी। शरीर पर चोट के कोई निशान नहीं है। कमरे से कोई सुसाइड नोट भी नहीं मिला है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का सही कारण पता चल सकेगा।

# अल्ट्रासाउंड होने में देरी से गई मरीज की जान!

● परिजनों ने मामले में सीएमएस डॉक्टर रेनु अग्रवाल से की शिकायत

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



सेक्टर 39 जिला अस्पताल में अल्ट्रासाउंड जांच में देरी होने से सड़क हादसे में घायल मरीज की मौत का आरोप लगा है। परिजनों ने इस मामले में अस्पताल की सीएमएस डॉक्टर रेनु अग्रवाल से शिकायत की है। सीएमएस ने मामले की जांच के आदेश देकर डॉक्टर से स्पष्टीकरण मांगा है।

परिजनों ने बताया कि 25 वर्षीय रविंदर तीन पूर्व हुए दादरी बाइपास के पास सड़क हादसे में घायल हो गए थे। इलाज के लिए स्वजन ने पहले पास के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। सोमवार को परिजन रविंदर को जिला अस्पताल लेकर आए। यहां जांच के दौरान सामने आया कि मरीज के पैर में फैक्चर हुआ है। भर्ती के दौरान मरीज को उल्टी की शिकायत बनी हुई थी। डॉक्टरों ने आपरेशन से पहले अल्ट्रासाउंड जांच की सलाह दी थी इस कारण मरीज के परिजन बुधवार सुबह अस्पताल में भर्ती मरीज को दोपहर 12 बजे द्वितीय तल पर अल्ट्रासाउंड जांच के लिए लेकर गए थे। वहां करीब एक घंटे तक इंतजार करने के बाद भी नंबर नहीं आया।

इसके बाद मरीज की तबीयत बिगड़ने लगी। हालत बिगड़ने पर रविंदर को आईसीयू में भर्ती कराया। वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मरीज की मौत होने की जानकारी होने के बाद परिजनों ने अस्पताल में जमकर हंगामा किया। मामले की शिकायत सीएमएस से की है। सीएमएस ने मौके पर लापरवाही बरतने वाले स्टाफ को बुलाया। साथ ही परिजनों को उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया।

# कूड़ा गाड़ी को लेकर मधुबन बापूधाम में हंगामा, पुलिस ने किया हस्तक्षेप

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

कांवड़ के कारण शहर से कूड़े का उठान बंद है। ऐसे में नगर निगम अभी मधुबन बापूधाम कॉलोनी स्थित सीवरट्रीटमेंट प्लांट के पास खाली जमीन में कूड़ा डालने का कार्य कर रहा था। पिछले कई दिनों की तरह सुबह नगर निगम के करीब एक सौ से अधिक वाहन कूड़ा डालने के लिए पहुंचे तो विवाद पैदा हो गया।

यहां लोगों ने नगर निगम के वाहनों को रोक दिया और जमकर नारेबाजी की। सुबह करीब नौ बजे से लेकर एक घंटा यहां हंगामा रहा। इसी दौरान किसी ने मधुबन-बापूधाम पुलिस को सूचना दे दी।

पुलिस मौके पर पहुंची और प्रदर्शन कर रहे लोगों को शांत करने की कोशिश की। मगर लोग कूड़े को लेकर इतने गुस्से में थे कि वह पुलिस की बात अनसुना कर रहे थे। बाद में और भी फोर्स मौके पर पहुंची। पुलिस ने किसी तरह से लोगों को समझाने की कोशिश की। लोगों की मांग थी कि नगर निगम अपने कूड़ा लेकर भेजे वाहनों को वापस बुलाए नहीं तो आंदोलन होगा।

# नोएडा में मोबाइल चोरी करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नोएडा के थाना सेक्टर-20 पुलिस ने किराये पर रहने वाले लोगों के कमरों में घुसकर मोबाइल की चोरी कर करने वाले गिरोह के तीन चोरों को गिरफ्तार किया है।

इनके कब्जे से चोरी के 13 मोबाइल, एक तमंचा और कारतूस बरामद हुआ है। पुलिस ने आरोपियों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है। एसीपी रजनीश वर्मा ने बताया कि थाना सेक्टर 20 पुलिस ने मंगलवार को तीन मोबाइल चोरों को गिरफ्तार किया है। इनकी पहचान बुलंदशहर निवासी दानिश अली, उड़ीसा निवासी बबलू उर्फ भवानी और बिहार निवासी अंशु कुमार के रूप में हुई है। तीनों वर्तमान में नोएडा में अलग.अलग जगहों पर रह रहे थे। दानिश गिरोह का सरगना है। उसके खिलाफ अलग.अलग थाने में चोरी सहित अन्य धाराओं में कुल पांच मुकदमे दर्ज हैं। दानिश के पास से तीन, जबकि बबलू और अंशु के कब्जे के से पांच.पांच फोन बरामद हुए हैं। सभी फोन उन्होंने हरौला और अट्टा गांव से विभिन्न कमरे से चुराए हैं।

# कांवड़ यात्रा: दूधेश्वरनाथ मंदिर के आसपास की गई बैरिकेडिंग

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद



दूधेश्वनाथ मंदिर में जलाभिषेक के लिए गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट की ओर से सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद की गई है। मंदिर परिसर के आसपास बेवजह की भीड़ न लग सके और शिवभक्त आसानी से मंदिर परिसर पहुंच सके इसके लिए पुलिस ने पुख्ता व्यवस्था की है।

गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट बनने के बाद से यह पहली कांवड़ यात्रा है जिसे लेकर खुद पुलिस आयुक्त अजय कुमार मिश्रा मॉनीटिरिंग कर रहे हैं। दूधेश्वरनाथ मंदिर में लाखों की संख्या में कांवड़ियां और शिवभक्त भगवान भोले का जलाभिषेक करते हैं।

इसके चलते इस बार जीटी रोड की एक लाइन को अभी से बेरिकेट्स लगाकर वाहनों के आवागमन के लिए बंद कर दिया है। फिलहाल इस रोड का यातायात एक लाइन से गुजर रहा है। इतना ही नहीं बेरिकेट्स लगने से दिल्ली गेट और कैला भट्टा साइड के लोगों का भी बाहरी रोड से सम्पर्क कट जाएगा। लाइनों को भी आरक्षित कर बाकायदा बोर्ड लगाए गए हैं। महिलाए पुरूष के साथ ही कांवड़ियों के लिए अलग लाइन लगाई गई।

साथ ही हर लाइन के पास पुलिस जवान और सिविल डिफेंस के वार्डन भी तैनात होंगे। मंदिर में दर्शन करने के उपरांत पीछे के गेट से निकालते हुए लाइन को जस्सीपुरा के सामने बनी लाइन से निकाला जाएगा ताकि लोग जलाभिषेक के बाद घूमकर वापस न आ सके। इसके अलावा बेरिकेट्स भी इस तरह से लगाई गई ताकि कोई बीच में उसमें से न घुस सके। तीन लाइन दिल्ली गेट, तीन लाइन जिला अस्पताल की ओर से बनाई गई हैं जो जस्सीपुरा मोड़ से प्रवेश के समय तीन लाइन बन जाएंगी और वहां से सीधे मंदिर में प्रवेश कर सकेंगी।

जलाभिषेक के लिए भी यही व्यवस्था की गई है कि एक समय पुरुष और एक समय महिला भक्तों को प्रवेश दिया जाएगा।

हर बार जलाभिषेक से एक दिन पहले बेरिकेट्स लगाए जाते थे, लेकिन इस बार तीन दिन पूर्व ही बेरिकेट्स लगा दिए गए हैं। कांवडियों के लिए अलग से डिवाइडर के पास बेरिकेट्स लगाए गए हैं।

# हिंडन नदी में भी बढ़ने लगा पानी, प्रशासन अलर्ट

● एडीएम प्रशासन विवेक श्रीवास्तव ने बाढ़ चौकियों का किया निरीक्षण

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद



लगातार बारिश और नदियों में बाढ़ का असर अब दिखने लगा है। यमुना की सहायक नदियों में एक मानी जाने वाली हिंडन नदी में भी अब पानी का स्तर बढ़ने लगा है।

यमुना नदी में तीन लाख क्यूसेक पानी हथिनी कुंड बैराज से छोड़ा जा चुका है जिसमें से एक लाख क्यूसेक पहले छोड़ा गया था। इस पानी के आने से यमुना नदी खतरे के निशान से ऊपर पहुंच जाएंगी। इसका असर हिंडन नदी पर भी दिखाई देने लगा है। हालांकि हिंडन नदी का जलस्तर अभी अधिक नहीं बढ़ा है लेकिन जिस तरह से जल स्तर बढ़ रहा है और पानी आ रहा है उससे आशंका व्यक्त की जा रही है कि अभी और नदी में पानी आएगा। इसे देखते हुए प्रशासन की ओर से संबंधित विभाग को निर्देश दिए गए हैं कि स्थिति पर नजर रखें। ताकि समय रहते स्थिति पर नियंत्रण किया जा सके। आम दिनों में सूखी रहने वाली हिंडन नदी में इस समय काफी मात्रा में पानी है, पानी का फ्लो भी अधिक मात्रा में हैं। हालांकि स्थिति अभी नियंत्रण में बताई जा रही है। प्रशासन ने लोनी में दो, मोदीनगर और सदर में एक-एक बाढ़ चौकी को सक्रिय कर दिया है। एडीएम प्रशासन विवेक श्रीवास्तव ने बाढ़ चौकियों का निरीक्षण किया।

### नोएडा में बाढ़ कंट्रोल रूम बनाया गया

***नोएडा।*** *नोएडा में 7 जुलाई से रुक-रुक कर बारिश हो रही है। वहीं हथिनी कुण्ड बैराज ताजेवाला से 3 लाख क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। इससे यमुना का स्तर बढ़ने की संभावना बनी हुई हैं। डीएम मनीष वर्मा ने बताया किसी प्रकार की आपदा से निपटने के लिए कलेक्ट्रेट गौतमबुद्धनगर में बाढ कंट्रोल रूम बनाया गया है। यहां से पानी के चड़ाव पर नजर रखी जाएगी। साथ किसी प्रकार की मदद के लिए 0120-2974274 हेल्पलाइन नंबर पर फोन कर सकते है। इसके अलावा आपदा लिपिक मोबाइल नंबर 9811363725 है। सहायता के लिए उप जिलाधिकारी दादरी मोबाइल नंबर 9927760215, उप जिलाधिकारी सदर मोबाइल नंबर-8299138374, उप जिलाधिकारी जेवर मोबाइल नंबर-9773901899 उपलब्ध रहेंगे। दिल्ली-एनसीआर में हुई बारिश से मानसून की बारिश आफत बन गई है। बुधवार को भी आकाश में काले बादल छाए रहे। इससे लोगों को राहत मिली है। आईएमडी के मुताबिक गुरुवार को हल्की बारिश के आसार है।*

# बदमाश की तेरहवीं पर न जाने पर युवक को पीटा

● दो लोगों के खिलाफ मामला दर्ज

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

मुठभेड़ में मारे गए कुख्यात बदमाश मनोज की तेहरवीं में शामिल न होने पर उसके भाई ने अपने साथी के साथ मिलकर गांव के एक व्यक्ति की जमकर पिटाई कर दी।

दोनों आरोपियों ने पीट-पीटकर युवक को लहूलुहान कर दिया और धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पीड़ित के भाई ने दोनों आरोपियों के खिलाफ थाना दादरी में मुकदमा दर्ज कराया है। ग्राम नगला नैनसुख निवासी राजवीर सिंह ने बताया कि उनका भाई सत्यवीर गत 6 जुलाई को नहर के पुल से गांव की तरफ आ रहा था। गांव के पास ही उसे मुकेश ने अपने एक अन्य साथी के साथ उसे रोक लिया। मुकेश ने अपने भाई मनोज की तेरहवीं पर न आने पर सत्यवीर के साथ गाली गलौज शुरू कर दी। इस बात का विरोध करने पर मुकेश उसके साथी ने सत्यवीर के साथ जमकर मारपीट की। इस दौरान गांव के कुछ लोग मौके पर आ गए जिन्हें देखकर मुकेश अपने साथी के साथ जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गया। इस घटना की जानकारी मिलने पर वह मौके पर पहुंचे और बेहोश हालत में पड़े सतवीर को उपचार के लिए सीएचसी अस्पताल में भर्ती कराया।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ऐ, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# बाढ़ और जाम में फंसी दिल्ली, निषेधाज्ञा लागू

## रिंग रोड तक पहुंचा यमुना का पानी, पुलिस ने जारी किए दिशानिर्देश, बचाव अभियान जारी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

उफनती यमुना का पानी अब रिंग रोड तक पहुंच गया है। नदी का जलस्तर 207.89 के रिकॉर्ड स्तर तक पहुंच जाने के बाद अब पानी के शहर में घुसने का खतरा बढ़ गया है। रेत की बोरियों के सहारे पानी को सड़क पर जाने से रोकने की कोशिश की जा रही है।

लोगों को जलभराव, सड़कों के क्षतिग्रस्त होने और कांवड़ यात्रा के चलते बुधवार को भारी जाम का सामना करना पड़ा। लगातार हो रही बारिश और हरियाणा हथिनी कुंड बैराज से छोड़े जा रहे पानी के कारण यमुना के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए यातायात पुलिस ने परामर्श जारी किया है। साथ ही बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में बुधवार को सीआरपीसी की धारा-144 लागू कर दी है। रुक-रुक कर हो रही बारिश को देखते हुए विमान परिचालन कंपनियों ने यात्रियों के लिए अतिरिक्त समय लेकर चलने की सलाह दी है।

विस्तारा एयर लाइंस ने ट्वीट कर कहा कि इंदिरा गांधी हवाई अड्डे के रास्ते में आज वाहनों की भारी संख्या और उनकी रफ्तार धीमी रहने की संभावना है। ऐसे में उपभोक्ता यात्रा के लिए अतिरिक्त समय लेकर निकलें। पूर्वी दिल्ली के निवासी रवि सक्सेना ने बताया कि शाहदरा फ्लाईओवर से शास्त्री पार्क जाने के रास्ते में भारी जाम मिला। वह दोपहर करीब एक बजे मध्य दिल्ली जाने के लिए निकला था, लेकिन शाहदरा फ्लाईओवर पर जाम में फंस गया। मार्ग के एक हिस्से में कांवड़ियों के लिए अलग लेन बनाए जाने से शास्त्री पार्क पर यातायात प्रभावित रहा।

दिल्ली पुलिस ने भी ट्वीट कर कहा, कांवड़ यात्रा को देखते हुए शंकर विहार सर्विस लेन से रजोकरी फ्लाईओवर तक यातायात प्रतिबंधित है। इसके कारण राष्ट्रीय राजमार्ग 48 पर यातायात प्रभावित रहेगा। इसके साथ ही दक्षिण दिल्ली में इग्नू रोड, एमबी रोड और मालवीय नगर में भी जाम की स्थिति रही। जनकपुरी रोड और विकासपुरी फ्लाईओवर पर भी लोग घंटों जाम में फंसे रहे।

एक और ट्वीट में यातायात पुलिस ने कहा, जलभराव के चलते रोहतक रोड पर राजधानी पार्क से मुंडका तक जाम है। इस रास्ते का इस्तेमाल करने से बचें। दिल्ली के आसपास के क्षेत्रों में लगातार हो रही बारिश के चलते यमुना का जलस्तर खतरे के निशान को पार करते हुए 207.89 मीटर तक पहुंच गया है। इसके तटीय इलाकों से लोगों को अस्थाई शिविरों में पहुंचा दिया गया है। यमुना का जल स्तर बढ़ने से वजीराबाद पुल और विकास मार्ग के बीच बाहरी रिंग रोड और कालीघाट मंदिर और दिल्ली सचिवालय के बीच महात्मा गांधी रोड पर यातायात की आवाजाही को नियंत्रित किया जाएगा। पुलिस ने उत्तरी दिल्ली से दक्षिण दिल्ली के लिए जाने के लिए बाहरी रिंग रोड से वजीराबाद पुल, यमुना मार्जिनल बांध मार्ग, पुश्ता रोड होते हुए विकास मार्ग और बाहरी रिंग रोड से अरिहंत मार्ग, महात्मा गांधी मार्ग और विकास मार्ग से जाने की सलाह दी है। पूर्वी दिल्ली से पश्चिम दिल्ली के बीच आने-जाने के लिए पंजाबी बाग चौक से महात्मा गांधी मार्ग, अरिहंत मार्ग, बाहरी रिंग रोड होते हुए वजीराबाद पुल और पंजाबी बाग चौक से महात्मा गांधी मार्ग, डीकेएफओ, एम्स चौक, महात्मा गांधी मार्ग, सराय काले खां, महात्मा गांधी मार्ग होते हुए विकास मार्ग के रास्ते जाने की सलाह दी है।

दिल्ली के भीतर वाणिज्यिक वाहनों की आवाजाही मुख्य रूप से रिंग रोड पर नियंत्रित रहेगी। रानी झांसी रोड से आईएसबीटी की ओर जाने वाले वाणिज्यिक वाहनों को वीर बंदा बैरागी मार्ग और न्यू रोहतक रोड की ओर मोड़ दिया जाएगा।

उच्चतम न्यायालय के फैसले के मद्देनजर गैर अधिसूचित वाणिज्यिक वाहनों को दिल्ली में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। उन्हें पूर्वी और पश्चिमी पेरिफेरल एक्सप्रेसवे की ओर मोड़ दिया जाएगा। पुलिस ने बताया कि आईएसबीटी कश्मीरी गेट के आसपास बाढ़ के हालात को देखते हुए गाजियाबाद की ओर से आने वाली बसों को सीलमपुर मेट्रो स्टेशन के पास रोक दिया जाएगा।

गाजियाबाद की ओर से आने वाले अन्य वाहनों को पुश्ता रोड की ओर मोड़ दिया जाएगा। साथ ही वजीराबाद पुल से मजनू का टीला की ओर आने वाले यातायात को मुकरबा चौक की ओर मोड़ दिया जाएगा। बुलेवार्ड रोड से आईएसबीटी की ओर आने वाले यातायात को शामनाथ मार्ग और महात्मा गांधी मार्ग की ओर मोड़ दिया जाएगा। पुलिस ने यमुना के तटीय इलाकों में अलर्ट जारी किया हुआ है। इसे देखते हुए इन इलाकों में यात्रा करने से बचने की सलाह दी गई है।



बाढ़ में फंसे लोग, घर की छत बनी सहारा। फोटो: रंजन डिमरी

### अलग-अलग जगहों पर तैनात है मोटर बोट्स



*यमुना के अलग-अलग जगहों पर 50 से अधिक मोटर बोट्स तैनात किए गए हैं। जिसपर बचाव संबंधित सभी जरुरी उपकरण मौजूद है। साथ ही गोताखोर और मेडिकल टीमें भी तैनात है। संबंधित अधिकारियों को प्रभावित क्षेत्रों में जाने के निर्देश दिए गए हैं। फिलहाल आबादी वाले इलाकों में पानी पंहुचने की संभावना नहीं है। मगर डूब क्षेत्रों में जिन इलाकों में खतरे के संकेत नजर आ रहे हैं, वहां पर राहत व बचाव संबंधित उचित कदम उठाए जा रहे हैं। दिल्ली सरकार के सभी अफसर फिल्ड में मुस्तैद है। यमुना के किनारे बसे एवं खेती करने वाले सभी लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जाए।*

### अधिकारियों को चौकस रहने के निर्देश

**नई दिल्ली।** यमुना के बढ़ते जलस्तर के मद्देनजर राहत और बचाव कार्य युद्धस्तर पर चल रहा है। इसी कड़ी में सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण मंत्री सौरभ भारद्वाज ने सिविल लाइंस इलाके में मोटर बोट द्वारा यमुना के विभिन्न हिस्सों में जाकर मुआयना किया। साथ ही किसी भी आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए विभागों को अलर्ट रहने के निर्देश दिए। सरकार स्थिति पर लगातार पैनी नजर रखे हुए है और हर स्थिति से निपटने के लिए तैयारियां कर रहे हैं। डूब क्षेत्रों से लोगों को सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित किया जा रहा है। सौरभ भारद्वाज ने बताया कि यह बड़ी हैरान करने वाली बात है कि पिछले 3 दिनों से दिल्ली में बारिश नहीं हुई है, फिर भी यमुना का जलस्तर लगातार बढ़ता जा रहा है। इसके पीछे जो एकमात्र कारण नजर आता है, वह हथिनी कुंड बैराज की ओर से लगातार लाखों क्यूसेक आता हुआ पानी है। सामान्यत: यमुना में खतरे का निशान 205.33 मीटर है, परंतु देर शाम यमुना का जलस्तर 207.71 मीटर मापा गया है, जो कि खतरे के निशान से काफी ऊपर है।



कपड़ों की गठरी लेकर जाते व्यापारी।

# बाढ़ से व्यापारियों की मुश्किलें बढ़ी

- उत्तरी दिल्ली में मोनेस्टरी बाजार में पानी घुस जाने से अपना घरेलू सामान बचाने के प्रसास में जुटे लोग

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

उत्तरी दिल्ली में मोनेस्टरी बाजार में यमुना नदी के बाढ़ का पानी घुस जाने से स्थानीय लोग कपड़े, बर्तन और अन्य वस्तुओं को बचाने के लिए इधर-उधर भाग रहे हैं जबकि एक दुकानदार ने मीठी चुटकी लेते हुए कहा कि यह तो वेनिस की गलियों में बदल गया है।

मोनेस्टरी बाजार उन स्थानों में से एक है जो यमुना नदी के रिकॉर्ड स्तर पर बहने से प्रभावित हुआ है। दिल्ली सरकार के अनुसार, बुधवार को शाम चार बजे यमुना का जलस्तर अबतक के सबसे ऊंचे 207.89 मीटर पर पहुंच गया जो इससे पूर्व वर्ष 1978 में 207.49 मीटर पर पहुंचा था।

वजीराबाद में सिग्नेचर ब्रिज के करीब गढ़ी मांडू जलमग्न हो गया है। बड़ी संख्या में लोगों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाया गया है और बचे हुए लोगों को नावों की मदद से निकाला जा रहा है।

मोनेस्टरी बाजार के दुकानदार अपने समान को सुरक्षित ले जाने में लगे हैं। एक दुकानदार ने पानी से भरे बाजार की तरफ इशारा करते हुए कहा, सरकार ने कुछ नहीं किया है। हमारा समान बर्बाद हो गया है। यह वेनिस की तरह है। एक अन्य कपड़े बेचने वाले दुकानदार ने कहा कि उसे अपना सामान दूसरी दुकान में भेजना पड़ा। कुछ लोगों ने अपने सामानों को ऊंचे स्थान पर रख दिया है। लेकिन अगर जल का स्तर बढ़ा तो वह डूब जाएगा। यमुना नदी बाजार के पीछे से बह रही है। जल स्तर सुबह नौ बजे से बढ़ रहा है। अबतक सरकार का कोई दल मदद के लिए आगे नहीं आया है।

इस बीच भाजपा के विधायक अजय महावर ने कहा कि गढ़ी मांडू और उस्मानपुर गांवों में लोगों के घरों में पानी घुस गया है।

उन्होंने कहा, सावधानी के तौर पर सुबह चार बजे बिजली काट दी गई और सुरक्षित स्थानों पर पहुंचने में लोगों की मदद की गई। समस्या यह है कि अधिकतर लोग बाढ़ के बावजूद अपने घर को छोड़कर नहीं जाना चाहते। हम उन्हें खाना और आवश्यक समान नाव की मदद से मुहैया करा रहे है। ज्ञात हो जब-जब यमुना का जल स्तर बढ़ता है तब-तब इस बाजार में पानी भर जाता है।

# एलजी ने बुलाई डीडीएमए की बैठक



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने यमुना के बढ़ते जलस्तर को लेकर बृहस्पतिवार को दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) की बैठक बुलाई है। यह जानकारी राज निवास के अधिकारियों ने दी। सक्सेना ने यमुना नदी का निरीक्षण करते हुए मीडिया से बातचीत में कहा कि राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) के कर्मियों को तैनात किया गया है और निचले इलाकों में रहने वाले सभी लोगों को निकाला जाएगा।

यमुना नदी का जलस्तर बुधवार को बढ़कर 207.83 मीटर पर पहुंच गया। एलजी उम्मीद जताई कि अगले कुछ दिनों में यमुना का जलस्तर कम हो जाएगा क्योंकि हरियाणा के हथिनीकुंड बैराज से पानी छोड़ा जाना कम हो गया है।

### अब सड़क पर आशियाना



# मुख्यमंत्री सर्वदलीय बैठक बुलाएं : भाजपा

- केजरीवाल का गृहमंत्री मंत्री को पत्र लिखना दर्शाता है कि बाढ़ से निपटने की उनकी कोई तैयारी नहीं है : सचदेवा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली में बाढ़ जैसे हालात उत्पन्न हो गए हैं। इसको लेकर भाजपा ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधा है।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि कोविड-19 महामारी की तरह आज जब दिल्ली के लोग बाढ़ के संकट से जूझ रहे हैं तो केजरीवाल मीडिया में रिकार्डिड ब्यान देते तो दिखते थे लेकिन बाढ़ पीड़ितों व राहत शिविर में लोगों का कुशलक्षेम जानने के लिए नहीं दिखते हैं। वीरेंद्र सचदेवा ने मुख्यमंत्री पर हमला बोलते हुए कहा कि दिल्ली के लोग बाढ़, जलभराव एवं सड़कें धंसने की परेशानी झेल रहे हैं उस वक्त उनके बीच से केजरीवाल लापता हैं। आज कोविडकाल की याद आती है जब केजरीवाल टीवी पर रिकार्डिड ब्यान देते तो दिखते थे पर कहीं भी किसी राहत कार्य में भाग लेते नहीं दिखते थे। वही स्थिती आज फिर है, गत एक सप्ताह से लोग परेशान है पर मुख्यमंत्री कहीं संकट की जगह नहीं दिखते। कोविड-19 महामारी की तर्ज पर ही आज मुख्यमंत्री ने बाढ़ का संकट आते ही अपनी जिम्मेदारी से भागते हुये केन्द्र सरकार को मदद के लिये पत्र लिखा है। विपदा के समय हर राज्य सरकार केन्द्र से मदद मांगती है पर संकट के पहले चरण में ही आज जिस तरह केजरीवाल ने केन्द्र को पत्र लिखा है वह दर्शाता है कि बाढ़ से निपटने में उनकी बिल्कुल भी तैयारी नहीं है।

# शीला दीक्षित के घर में रहेंगे राहुल गांधी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

- निजामुद्दीन में पूर्व मुख्यमंत्री का निजी घर, अभी रह रहे हैं संदीप दीक्षित



कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी दिल्ली के निजामुद्दीन पूर्व स्थित उस आवास को अपना नया आशियाना बना सकते हैं जहां पहले पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित रहा करती थीं। राहुल गांधी जल्द ही निजामुद्दीन पूर्व के मकान संख्या बी-2 में रहने आ सकते हैं। दिवंगत शीला दीक्षित के इस निजी आवास में अब तक उनके पुत्र एवं पूर्व सांसद संदीप दीक्षित रह रहे थे।

सूत्रों का कहना है कि संदीप दीक्षित इस मकान से कुछ दूरी पर ही स्थित एक अन्य मकान में रहेंगे। लोकसभा की सदस्यता जाने से पहले राहुल गांधी 12 तुगलक लेन स्थित सरकारी आवास में रहते थे।

संसद की सदस्यता से अयोग्य ठहराए जाने के बाद उन्होंने यह बंगला खाली कर दिया था और इसके बाद से अपनी मां सोनिया गांधी के सरकारी आवास 10 जनपथ में रह रहे हैं। गुजरात में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक पूर्णेश मोदी द्वारा दायर वर्ष 2019 के मामले में सूरत की मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट अदालत ने 23 मार्च को राहुल गांधी को भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धाराओं 499 और 500 (आपराधिक मानहानि) के तहत दोषी ठहराते हुए दो साल जेल की सजा सुनाई थी।

अदालत के फैसले के बाद गांधी को जनप्रतिनिधित्व अधिनियम के प्रावधानों के तहत संसद की सदस्यता से अयोग्य घोषित कर दिया गया था। राहुल गांधी 2019 में केरल के वायनाड से लोकसभा के लिए निर्वाचित हुए थे।

### उड़ान में यात्री ने की मारपीट शौचालय का दरवाजा तोड़ा

**नई दिल्ली।** एअर इंडिया ने बुधवार को कहा कि आठ जुलाई को टोरंटो से दिल्ली की उसकी एक उड़ान में एक पुरुष यात्री ने चालक दल और कुछ अन्य यात्रियों के साथ मारपीट की तथा शौचालय के दरवाजे को क्षतिग्रस्त कर दिया। हवाई अड्डा पहुंचने पर नेपाली नागरिक को सुरक्षा एजेंसियों के हवाले कर दिया गया।

एअर इंडिया के प्रवक्ता ने एक बयान में कहा कि टोरंटो से दिल्ली के लिए आठ जुलाई को परिचालित उड़ान संख्या एआई188 में एक यात्री ने यात्रा के दौरान अस्वीकार्य उग्रता दिखाई। उसने शौचालय में धूम्रपान किया और शौचालय का दरवाजा क्षतिग्रस्त कर दिया और चालक दल तथा यात्रियों से मारपीट की, जिन्हें मामूली चोट आई। प्रवक्ता के अनुसार यात्री को चालक दल ने कई बार चेतावनी दी और आखिरकार उसे काबू कर उसकी सीट पर बैठा दिया गया।

# वृंदावन जा रहे दंपति की सड़क हादसे में मौत

- दिल्ली-आगरा राजमार्ग पर फ्लाईओवर से टकराई कार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



दुर्घटनाग्रस्त कार।

मथुरा के छाता क्षेत्र में दिल्ली-आगरा राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक कार अनियंत्रित होकर फ्लाईओवर से टकरा गई। इस हादसे में एक दंपति की मौत हो गई जबकि उनका बेटे को गंभीर अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कार दिल्ली से वृंदावन की ओर जा रही थी।

छाता कोतवाली प्रभारी संजीव कुमार दुबे ने बताया कि दिल्ली के अशोक विहार फेस-2 निवासी एवं ऑटो के कलपुर्जों के व्यवसाई राकेश सूद, पत्नी मधु और बेटे राकेश के साथ मंगलवार को कार से वृन्दावन जा रहे थे।

सुबह करीब नौ बजे वह छाता पहुंचे और दिल्ली-आगरा राजमार्ग की सर्विस रोड से गुजरते समय उनकी कार फ्लाईओवर से टकरा गई। इस हादसे में तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। दुबे ने बताया कि कार राकेश चला रहे थे। उन्होंने घटना की सूचना मिलते नजदीकी थाने की पुलिस और आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और तीनों घायलों को कार से निकालकर केडी मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया।

इलाज के दौरान दंपति की मौत हो गई। पोस्टमार्टम के पश्चात शव परिजनों को सौंप दिए गए हैं।

# दिल्ली नगर निगम स्कूलों को भी बनाएंगे शानदार : केजरीवाल

## आईआईएम अहमदाबाद से प्रशिक्षण लेकर लौटे शिक्षकों से मुख्यमंत्री ने किया संवाद

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

सरकारी स्कूलों की तरह ही अब दिल्ली नगर निगम के स्कूलों का कायाकल्प होगा। आईआईएम अहमदाबाद से सात दिवसीय प्रशिक्षण लेकर एमसीडी स्कूलों के 50 प्रिंसिपल लौट आएं हैं।

इन प्रिंसिपलों को नेतृत्व क्षमता, बच्चों को अच्छी शिक्षा देने और माता-पिता को भागीदार बनाने समेत कई महत्वपूर्ण गुर सीखने का अवसर मिला। बुधवार को प्रधानाचार्यों ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से मुलाकात कर अपने अनुभव साझा किया। केजरीवाल ने उनका हौसला बढ़ाते कहा कि दिल्ली सरकार के स्कूलों की तरह ही वह एमसीडी के स्कूलों को भी शानदार बनाएंगे। अब इस अभियान की शुरूआत हो चुकी है। शिक्षा उनकी पहली प्राथमिकता है। इसी के मद्देनजर उनकी सरकार ने निगम स्कूलों के प्रिंसिपल को भी ट्रेनिंग के लिए भेजा। अभी तक सभी स्कूल अलग-अलग काम कर रहे थे, लेकिन अब एक परिवार बन जाएंगे और सभी एक मिशन के लिए काम करेंगे। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि आईआईएम से लौटे सभी प्रिंसिपल को उनके पड़ोसी स्कूल के प्रिंसिपल, टीचर्स और बच्चे सब देख रहे हैं। आप सभी को अब बहुत अच्छा करके दिखाना है, नहीं तो आईआईएम का नाम बदनाम हो जाएगा। अब आप अपने स्कूल में जो काम करेंगे, उसकी खुश्बू चारों तरफ फैलेगी और उसकी चर्चा चारों तरफ होगी। पहले बैच में केवल 50 प्रिंसिपल ही गए थे लेकिन इसकी चर्चा पूरे स्कूलों में होगी कि उस स्कूल में बदलाव आने लग गए। आप न सिर्फ अपने, बल्कि आसपास के सभी स्कूलों में बदलाव के एजेंट बनने जा रहे हैं।

एमसीडी का पूरा सिस्टम बहुत हताश था। एमसीडी के सिस्टम के अंदर चारों तरफ अभी निराशा थी। आज एक सबसे बड़ा बदलाव यह देखने को मिल रहा है कि सभी के चेहरे पर खुशी और जोश से भरे हुए हैं। यह एक शुरूआत है।



प्रधानाचार्यों ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से मुलाकात कर अपने अनुभव साझा किया।

### शिक्षा क्रांति के ध्वजवाहक बनेंगे एमसीडी स्कूल

शिक्षा मंत्री आतिशी ने कहा कि प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। उन्हें भरोसा है कि आईआईएम से लौटे प्रिंसिपल अब एमसीडी स्कूलों में शिक्षा क्रांति के ध्वजवाहक बनेंगे। वहीं केजरीवाल कहा कि कुछ लोगों ने कहा कि इतना खर्चा क्यों करते हैं। प्रिंसिपल और टीचर्स को आईआईएम भेजने की क्या जरूरत है। अभी तो हम प्रिंसिपल और टीचर को ट्रेनिंग के लिए विदेश भी भेजेंगे। सरकार के प्रिंसिपल को लंदन, सिंगापुर, फिनलैंड भेजते हैं। फिनलैंड की शिक्षा प्रणाली को सबसे अच्छा माना जाता है। वह चाहते हैं कि प्रिंसिपल-टीचर्स दुनिया का सबसे अच्छा एजुकेशन सिस्टम देख कर आएं।

# मायापुरी में कार सर्विस सेंटर में लगी आग, 20 कारें जलीं

- राहत और बचाव कार्य में दमकल की 19 गाड़ियां लगी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



पश्चिमी दिल्ली के मायापुरी इलाके में बुधवार को एक कार सर्विस सेंटर में आग लग गई जिसमें करीब 20 वाहनों को नुकसान पहुंचा है।

घटना में किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। दिल्ली दमकल सेवा के निदेशक अतुल गर्ग ने बताया कि सुबह करीब साढ़े सात बजे आग लगने की सूचना मिली जिसके बाद दमकल की 19 गाड़ियों को रवाना किया गया। दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पा लिया गया है। पुलिस उपायुक्त (पश्चिम) विचित्र वीर ने कहा कि मायापुरी फेज-एक के महिंद्रा सर्विस सेंटर पर लगी आग बुझाने में पुलिस और जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) के दल ने भी मदद की उन्होंने कहा कि आग पर पूरी तरह से नियंत्रण पा लिया गया है। करीब 15-20 वाहन आंशिक या पूरी तरह से जल गए हैं। आग लगने के कारण का पता लगाया जा रहा है।

# अपनी सभ्यता, संस्कृति, संस्कारों से जुड़ी रही युवा पीढ़ी: बोधराज सीकरी

## किसी भी कीमत पर अपनी संस्कृति से विमुख नहीं होना चाहिए

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**हरियाणा** सीएसआर ट्रस्ट के उपाध्यक्ष बोधराज सीकरी ने युवा पीढ़ी को संस्कारों की शिक्षा देते हुए कहा कि किसी भी कीमत पर अपनी सभ्यता, संस्कृति, संस्कारों, तीज-त्योहारों, ग्रंथों से जुड़ा रहना चाहिए। विमुख नहीं होना चाहिए। हमारी सनातन संस्कृति सबसे बेहतर है। भक्ति भाव रखकर हमें अपने आपको धर्म-कर्म से जोड़कर रखना चाहिए। यह बात उन्होंने श्री सनातन धर्म मंदिर सेक्टर-56 में हनुमान चालीसा पाठ के आयोजन के दौरान कही।



गुरुग्राम में आयोजित हनुमान चालीसा कार्यक्रम में भाग लेते बोधराज सीकरी व अन्य श्रद्धालु।

उन्होंने कहा कि हमें अपने धर्म की रक्षा करनी चाहिए। जब हम धर्म की रक्षा करेंगे, तभी धर्म भी हमारी रक्षा करेगा। इस कहावत को कभी नहीं भूलना चाहिए कि धर्मो रक्षति रक्षित। कार्यक्रम में बोधराज सीकरी ने उपस्थित सभी मातृ शक्ति और बंधुओं से प्रार्थना की कि जब मंदिर में आएं तो अपनी पोशाक व वेशभूषा का विशेष ध्यान दें। कई आज के युवा यह नहीं देखते कि हम किस मर्यादित स्थान पर जा रहे हैं। हमें मंदिर जाते समय वहां की मर्यादा और वहां की परिस्थितियों के अनुसार अपनी वेशभूषा डालनी चाहिए।

हनुमान चालीसा पाठ कार्यक्रम में 175 लोगों ने 22 बार श्री हनुमान चालीसा के पाठ का पठन किया। यहां के अलावा जामपुर शिव मंदिर, ईस्ट ऑफ कैलाश में 40 लोगों ने 5-5 बार पाठ किया। फ्लायर पार्क सुशान्त लोक फेज-1 में 20 लोगों ने 5-5 बार पाठ किया। अब तक हनुमान चालीस पाठ की कुल संख्या 2 लाख 32 हजार 965 पार कर गई। बोध राज सीकरी के अनुसार हनुमान चालीसा एक ऐसा विलक्षण ग्रंथ है, जिसमें प्रारंभ में और अंत में गुरु शब्द आता है। संत तुलसीदास हनुमान जी के माध्यम से मर्यादा पुरुषोत्तम राम के दर्शन करने थे। इसलिए उन्हें गुरु बनाना पड़ा। इस आयोजन में ओमप्रकाश कथूरिया डा. परमेश्वर अरोड़ा ने भी इसमें शिरकत की। सुरेंद्र कुमार खुल्लर, गजेंद्र गोंसाईं ने चालीसा का संगीतमयी पाठ किया।

# छात्र राहुल ने केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा को सौंपा उनका चित्र

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

गुरुग्राम के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सेक्टर-4/7 के प्रतिभाशाली छात्र राहुल की चित्रकारी का हर कोई दीवाना है। उसने केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय कुमार मिश्रा का चित्र बनाया है। दिल्ली आवास पर जाकर राहुल ने वह चित्र मंत्री को यह चित्र सौंपा।

कृष्णा स्वीट्स के संचालक विकास गोयल, समाजसेवी उमेश मलिक ने केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय कुमार मिश्रा से मुलाकात का समय लिया था। समय मिलने पर वे दिल्ली पहुंचे। उनके साथ एडवोकेट प्रदीप जांगड़ा भी मौजूद रहे। छात्र राहुल को वे साथ लेकर गए और केंद्रीय मंत्री को उनका अपने हाथ से बनाया हुआ चित्र राहुल ने सौंपा।



केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय कुमार मिश्रा को चित्र सौंपते छात्र राहुल।

# 2024 के चुनावों पर छोटी टोली की बैठक में बड़े नेताओं ने किया मंथन

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**भारतीय** जनता पार्टी हरियाणा के वरिष्ठ नेताओं व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने यहां भाजपा कार्यालय गुरुकमल में 2024 के लोकसभा और विधानसभा चुनावों की रणनीति को आगे बढ़ाकर मजबूती देने के लिए करीब तीन घंटे तक गहन मंथन किया।

प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ की अध्यक्षता और मुख्यमंत्री मनोहर व प्रदेश प्रभारी बिप्लब देब की उपस्थिति में हुई इस बैठक में प्रदेश के राजनीतिक घटनाक्रमों, संगठनात्मक विषयों पर भी चर्चा हुई। खुद मुख्यमंत्री मनोहर लाल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मिलने के बाद तुरंत बाद सीधे इस बैठक में आए। प्रदेश प्रभारी बिप्लब कुमार देब भी बैठक में शामिल होने दिल्ली से गुरुग्राम पहुंचे। संगठन मंत्री रविन्द्र राजू, प्रदेश महामंत्री एडवोकेट वेदपाल और पवन सैनी भी छोटी टोली की इस बैठक में उपस्थित रहे। प्रदेश के भाजपा आला नेताओं की इस बैठक में अत्याधिक बरसात के कारण बने हालातों से निपटने पर भी चर्चा हुई तथा पिछले जून माह में चले महाजनसंपर्क अभियान के दौरान हुए कार्यक्रमों की सफलता के लिए पार्टी कार्यकर्ताओं की मेहनत को भी सराहा गया।



गुरुग्राम भाजपा कार्यालय में छोटी टोली की बैठक में खिलाडियों को सम्मानित करते मुख्यमंत्री मनोहर लाल, प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़, प्रदेश प्रभारी बिप्लब देब।

## बैठक में मुख्यमंत्री मनोहर लाल, प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़, प्रदेश प्रभारी बिप्लब देब, संगठन मंत्री और प्रदेश महामंत्रियों ने की चर्चा

इस बैठक में सभी सांसदों के साथ हुई बैठक में रखे गए विषयों पर हुए कार्यों की समीक्षा की गई। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने इस बैठक से पहले दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ हुई अपनी बातचीत की जानकारी भी सबके सामने रखी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री को बरसात से बने हालातों की जानकारी दी गई है। मुख्यमंत्री ने बैठक में बताया कि सरकार अत्याधिक बरसात से बनी परिस्थितियों से निपटने के लिए लगातार काम कर रही है और सभी प्रशासनिक अधिकारियों को इस संबंध में निर्देश दिए हैं कि जनता को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने बैठक में यह बात भी रखी कि पार्टी के कार्यकर्ता भी परिस्थिति पर नजर रखें और लोगों की सहायता करें।

प्रदेश प्रभारी बिप्लब देब ने अपनी बात रखते हुए प्रोपर्टी आईडी, पीपीपी जैसे योजनाओं में आ रही दिक्कतों को जल्दी से जल्दी हल कराने की बात रखी। प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ ने बताया कि विस्तारक योजना, हर लोक सभा में एक एक हजार लोगों से संपर्क करने के विषय रखे गए। 23 जुलाई को कुरुक्षेत्र में रैली होगी। धनखड़ ने बताया कि सभी मोर्चे द्वारा तिरंगा यात्रा निकालने का फैसला भी हुआ।

## गुरुग्राम पुलिस ने दबोचे 2 नकली पुलिसवाले

**गुरुग्राम।** हरियाणा की गुरुग्राम में पुलिस की वर्दी पहन कर राहगीरों से लूटपाट करने के आरोप में 2 युवकों को गिरफ्तार किया है। ये वाहनों को रोक कर उनके कागजात मांग कर रुपए ऐंठने का काम कर रहे थे। एक ने दिल्ली पुलिस की वर्दी पहनी थी, जबकि दूसरे ने सफेद शर्ट व नीचे खाकी पैंट पहनी हुई थी। पुलिस उनसे पूछताछ कर रही है। दोनों की पहचान हर्षित मान निवासी पानीपत और हिमांशु निवासी करनाल के तौर पर हुई है। गुरुग्राम एसीपी क्राइम वरुण दहिया ने बताया कि गुरुग्राम पुलिस को सूचना मिली थी कि देर रात दौलताबाद फ्लाई ओवर के पास 2 युवक फर्जी पुलिस वाले बनकर लूटपाट कर रहे हैं। सूचना पाकर राजेंद्रा पार्क थाना पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची। वहां पर एक व्यक्ति ने पुलिस को बतलाया कि वह रात लगभग साढ़े दस बजे राजेन्द्रा पार्क की तरफ जा रहा था तो दौलताबाद फ्लाई ओवर के पास शनि मंदिर के सामने एक मोटरसाइकिल पर सवार 2 लड़के मिले। एक ने दिल्ली पुलिस की वर्दी पहनी हुई थी व दूसरे ने सफेद शर्ट व नीचे खाकी पैंट पहनी हुई थी। उन्होंने इसकी बाइक को रोक लिया और वर्दी पहने हुए लड़के ने रोब दिखाकर बाइक के डॉक्युमेंट दिखाने को कहा या 500 रुपए देने के लिए कहा।

# विधायक सुधीर सिंगला शहर की समस्याओं को लेकर निगमायुक्त से मिले

## जलभराव, सीवरेज ब्लॉक, सफाई की समस्याओं के समाधान पर की चर्चा

पायनियर समाचर सेवा। गुरुग्राम

**गुरुग्राम** के विधायक सुधीर सिंगला ने शहर में जलभराव, सीवरेज, सफाई समेत विभिन्न समस्याओं के संदर्भ में नगर निगम आयुक्त पीसी मीणा से मुलाकात की। इन सब समस्याओं का जल्द से जल्द निराकरण करने के निर्देश दिए।

विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि विष्णु गार्डन, राजेंद्रा पार्क, लक्ष्मण विहार, भीमगढ़ खेड़ी, सेक्टर-9, 9ए, डीएलएफ, सेक्टर-26, 27, 29, शीतला कालोनी, अशोक विहार फेज-3, चकरपुर, नाथूपुर, मारुति विहार, सरस्वती विहार आदि क्षेत्रों में बरसात के कारण काफी जलभराव हुआ। वहां नाले, सीवर ब्लॉक हो गए हैं। सफाई भी दुरुस्त नहीं है। इन सब समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान किया जाए, ताकि लोगों को परेशानी न हो।



गुरुग्राम नगर निगम आयुक्त से मुलाकात करते विधायक सुधीर सिंगला।

निगमायुक्त पीसी मीणा ने इन सब समस्याओं के जल्द से जल्द समाधान की बात कही। उन्होंने कहा कि नगर निगम अपने क्षेत्र में हर समस्या का समाधान लगातार कर रहा है।

विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि सरकार का हर संभव यही प्रयास है कि गुरुग्राम समेत पूरे हरियाणा वासियों को किसी तरह की परेशानी ना हो। गुरुग्राम में बरसात में जो जलभराव हुआ, वह कुछ ही घंटों में प्रशासन के प्रयासों से निकाल दिया गया। सड़कों पर आवागमन सुचारू किया गया। जलभराव वाले स्थानों को चिन्हित करके वहां पर भविष्य में जलभराव ना होने देने के लिए योजना पर भी काम किया जा रहा है। उन्होंने प्रशासन के साथ निजी कंपनियों से भी यह आग्रह किया है कि वे अपने परिसर में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम को चालू रखें। कोई कमी हो तो उसे दुरुस्त कराएं। निगमायुक्त से मिलने के दौरान विधायक के साथ निवर्तमान पार्षद रमा रानी राठी, यशवंत शेखावत, अमित गोयल, अभिषेक गौर, आरपी सिंह, कपिल अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# ९0 किस्म के तीन लाख पौधों से हरा-भरा होगा हरियाणा : नवीन गोयल

## पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा की ओर से लगाए जाएंगे ये पौधे

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**मानसून** के मौसम में हरियाणा को हरा-भरा बनाने के लिए भाजपा का पर्यावरण संरक्षण विभाग 90 किस्म के 3 लाख पौधे लगाएगा। बुधवार से इसकी शुरुआत विभाग प्रदेश प्रमुख नवीन गोयल ने गुरुग्राम के सेक्टर-17 स्थित अपने कार्यालय से प्राजक्ता प्रजाति (हार-श्रृंगार) का पौधा लगाकर की। यह पेड़ 10-15 फीट ऊंचा होता है। उन्होंने यहां पौधे लगाकर लोगों को इस कार्य के लिए प्रेरित किया।



गुरुग्राम के सेक्टर-17 में पौधारोपण करते नवीन गोयल व अन्य।

नवीन गोयल ने कहा कि मानसून की शुरुआत के साथ ही पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा पूरे प्रदेश में पौधे लगाने का कार्य शुरू कर दिया गया है। प्रदेश को हरा भरा बनाने के लिए 90 किस्मों के लगभग 3 लाख पौधे लगाये जायेंगे। नवीन गोयल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्राजक्ता प्रजाति का पौधा अयोध्या में श्री राम मंदिर के भूमि पूजन के दौरान लगाया था। उन्होंने कहा कि हमें अपने बेहतर कल के लिए आज पेड़-पौधे लगाने चाहिए। जितने अधिक पेड़ हम लगाएंगे, उतना अधिक सकारात्मक ऊर्जा हमारे वातावरण में होगी। उससे हम स्वस्थ रहेंगे। पेड़ों के बिना जीवन नहीं है। इस बात को हमें सिर्फ समझना ही नहीं बल्कि समझकर पेड़ों की संख्या बढ़ानी है।

नवीन गोयल ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण विभाग की ओर से जिला में एनजीओ और आरडब्ल्यूए के साथ मिलकर बड़े स्तर पर पौधारोपण करने का अभियान शुरू किया गया है। पौधों में मुख्य रूप से औषधीय पौधे, फल देने वाले पौधे, छाया देने वाले, लकड़ी देने वाले पौधे लगाए जाएंगे। इस दौरान बीजेपी किसान मोर्चा हरियाणा के उपाध्यक्ष अतर सिंह संधू, समाजसेवी नरेश सहरावत, वनीता भार्गव, अश्विनी कुमार, गगन गोयल, संदीप शर्मा, जीतेश गोगिया, कपिल दलाल, विशेष कौशिक समेत अनेक लोग मौजूद रहे।

# 22 जुलाई राष्ट्रीय ध्वज दिवस घोषित करे सरकार : शील मधुर

## पूर्व डीजीपी ने प्रधानमंत्री को भेजा पत्र

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



पूर्व डीजीपी शील मधुर

**हरियाणा** के पूर्व पुलिस महानिदेशक शील मधुर ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से आग्रह किया है कि वे 22 जुलाई का दिन राष्ट्रीय ध्वज दिवस के रूप में घोषित करें। राष्ट्रीय ध्वज दिवस तिरंगा हमारे देश के स्वतंत्र अस्तित्व, स्वाधीनता संग्राम सेनानियों के त्याग-बलिदान, सत्य और शांति के प्रति प्रतिबद्धता, देशवासियों की आकांक्षाओं और सदैव प्रगति के पथ पर अग्रसर रहने की प्रेरणा का एक सर्वाधिक पवित्र प्रतीक है।

पूर्व डीजीपी शील मधुर ने कहा कि 22 जुलाई का दिन राष्ट्रीय ध्वज दिवस के रूप में घोषित किए जाने की मांग इसलिए की जा रही है, क्योंकि राष्ट्रीय ध्वज का मौजूदा स्वरुप 22 जुलाई 1947 को ही अपने वर्तमान स्वरुप और विशिष्ट मानदण्डों के रूप में अस्तित्व में आया था, जिसे स्वतंत्र भारत के राष्ट्रीय ध्वज के रूप में भारत की संविधान सभा ने स्वीकार किया था और मान्यता दी थी।

# जीयू के आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को मिलेगी स्कॉलरशिप

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**जो** छात्र पढ़ने में बहुत अच्छे होते हैं, लेकिन परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण उन्हें पढ़ाई छोड़नी पड़ जाती है। इस समस्या को देखते हुए उन सभी छात्रों के उज्जवल भविष्य के लिए गुरुग्राम विश्वविद्यालय आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के मेधावी छात्रों को स्कॉलरशिप प्रदान करेगा।

गुरुग्राम विश्वविद्यालय जरूरतमंद, मेधावी व साधन विहीन विद्यार्थियों को अंतराष्ट्रीय संस्था हमारा परिवार की ओर से छात्रवृति प्रदान की जाएगी। इस विषय पर चर्चा के लिए हमारा परिवार संगठन के राष्ट्रीय संरक्षक राजकुमार ने गुरुग्राम विवि के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार से मुलाकात की। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने बताया कि इस छात्रवृति योजना के अंतर्गत जीयू के मेघावी छात्रों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए विवि के 15 विद्यार्थियों का चयन किया जायेगा। इन सभी विद्यार्थियों की पढ़ाई का 50-70 प्रतिशत खर्च हमारा परिवार संस्था द्वारा वहन किया जाएगा।



गुरुग्राम विवि के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार से मुलाकात करते अंतराष्ट्रीय संस्था हमारा परिवार के राष्ट्रीय संरक्षक राजकुमार गोयल

# डॉ. रेड्डीज ने पूरी दुनिया में मरीजों के लिए किफायती फार्मास्युटिकल थेरेपी

## विकास करने के लिए एडब्लूएस को अपना प्रिफर्ड क्लाउड प्रदाता बनाया

पायनियर समाचार सेवा। दिल्ली

**अमेज़ॉन.कॉम** कंपनी, अमेजॉन वेब सर्विसेज़ (एडब्लूएस) ने घोषणा की है कि हैदराबाद स्थित भारतीय बहुराष्ट्रीय फार्मास्युटिकल कंपनी, डॉ. रेड्डीज लैबोरेटरीज लिमिटेड (डॉ. रेड्डीज़) ने किफायती और इनोवेटिव दवाईयाँ उपलब्ध कराने में मदद करने के लिए एडब्लूएस को अपना प्रिफर्ड क्लाउड प्रदाता बनाया है। इस गठबंधन के तहत कंपनी ने अपना एसएपी प्लेटफॉर्म पूरी तरह से एडब्लूएस पर स्थानांतरित कर लिया है। अपने प्लेटफॉर्म को दुनिया के अग्रणी क्लाउड पर केंद्रीकृत करके डॉ. रेड्डीज़ नई हैल्थकेयर एप्लीकेशंस के विकास में तेजी लाएगा, संगठनों को 2030 तक दुनिया में 1.5 बिलियन से ज्यादा मरीजों को सेवाएं देने में मदद करने के लिए अपने डिजिटल प्लेटफॉर्म का विकास करेगा, और हैल्थकेयर प्रदाताओं को मरीजों की प्रगति का बेहतर ट्रैक रखने में समर्थ बनाएगा।

डॉ. रेड्डीज़ 2019 से कंपनी के आईटी इन्फ्रास्ट्रक्चर को ऑटोमेट करने के लिए डिजिटल एप्लीकेशन का निर्माण कर उन्हें एडब्लूएस पर स्थानांतरित कर रहा है। अपने ग्राहकों को बेहतर सेवाएं देने के लिए डॉ. रेड्डीज़ ने एडब्लूएस का उपयोग करते हुए नई एप्लीकेशन ज्यादा तेजी से लॉन्च कर हैल्थकेयर की उपलब्धता को और ज्यादा आसान बना दिया है।

एडब्लूएस के साथ डॉ. रेड्डीज़ का उद्देश्य एप्लीकेशन के विकास में लगने वाले समय में 30 प्रतिशत की कमी लाना, आंतरिक संचालन में सुधार करना, जनरिक ड्रग निर्माण प्रक्रियाओं के सुधारों में तेजी लाना और इनोवेशन के नए क्षेत्रों का विकास करना है। यह संगठन पहले एडब्लूएस ग्राहकों में एक है, जो अपने डेटा सेंटर और डिज़ास्टर रिकवरी वर्कलोड अब नए एडब्लूएस एशिया पैसिफिक (हैदराबाद) क्षेत्र और एडब्लूएस एशिया पैसिफिक (मुंबई) क्षेत्र से चला रहा है। इसके बाद डॉ. रेड्डीज़ भारत में अत्यधिक उपलब्धता बनाए रखने वाले अनेक डेटा सेंटर्स में एप्लीकेशन चलाकर अपनी सेवाओं की ज्यादा निरंतरता सुनिश्चित करने में समर्थ हो गया है।

डॉ. रेड्डीज़ में चीफ इन्फॉर्मेशन और डिजिटल ऑफिसर, मुकेश राठी ने कहा, "एडब्लूएस के साथ काम करते हुए हमें सर्वश्रेष्ठ टेक्नोलॉजी इनोवेशन मिलता है, जिससे हमें लगभग 70 देशों में मरीजों को किफायती हैल्थकेयर प्रदान करने में समर्थ बने हैं।" उन्होंने आगे कहा, "एडब्लूएस की विश्वसनीयता से हमें उच्च गुणवत्ता के डिजिटल उत्पादों की आपूर्ति में तेजी लाने, कस्टमर सर्विस में परिवर्तन लाने, और अपनी सप्लाई चेन को हरित बनाकर अपने सस्टेनेबिलिटी के उद्देश्य पूरे करने में मदद करती है।"डॉ. रेड्डीज़ में सीईओ, ब्रांडेड मार्केट्स (भारत एवं उभरते हुए बाजार), एम. वी. रमन ने कहा, "एडब्लूएस के साथ क्लाउड माईग्रेशन और आधुनिकीकरण के प्रयासों के अलावा, डॉ. रेड्डीज़ और अमेज़ॉन ने दीर्घकालिक वृद्धि के लिए एक इनोवेटिव गो-टू-मार्केट मॉडल बनाने के लिए सामरिक गठबंधन किया है।"

अमेज़ॉन वेब सर्विसेज़ इंडिया प्राईवेट लिमिटेड में डायरेक्टर, एडब्लूएस इंडिया एवं साउथ एशिया, वैशाली कस्तूरी ने कहा, "विश्व में हैल्थकेयर के ग्राहकों को सेवा देने में एडब्लूएस की प्रमाणित विशेषज्ञता और हमारी विस्तृत क्लाउड टेक्नॉलॉजी एवं वैश्विक ढांचे ने डॉ. रेड्डीज़ को ग्राहक और मरीज के लिए एक खास अनुभव का निर्माण करने में समर्थ बनाया है

# स्काईस्कैनर की रिपोर्ट ने खुलासा किया कि यात्री हैं समझदार

## 47 प्रतिशत भारतीय आकर्षक डील्स के लिए अपना यात्रा कार्यक्रम बदलने को हैं तैयार

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**ग्लोबल** ट्रैवल मार्केटप्लेस, स्काईस्कैनर ने आज अपनी 'ट्रैवल इन फोकस' रिपोर्ट जारी की। इस रिपोर्ट में बताया गया है कि भारत में बजट के लिए जागरुक यात्री ज्यादा किफायती जगहों पर जाने के लिए खुले दिल से यात्रा कर रहे हैं। स्काईस्कैनर के प्रोप्रायटरी सर्च एवं बुकिंग डेटा और कंज्यूमर व्यवहार के अध्ययन के साथ इस रिपोर्ट में भारत में यात्रा के लिए लोगों के रूझान का खुलासा किया गया है इस रिपोर्ट में सामने आया कि भारतीय जागरुक यात्री (47 प्रतिशत) हैं, जो यात्रा की बेहतर डील्स के लिए अपने यात्रा कार्यक्रम को बदलने के लिए तैयार हैं। अंतर्राष्ट्रीय छुट्टियों के मामले में भारतीय (35 प्रतिशत) ऐसे स्थान पर जाना पसंद करते हैं, जो कम महंगा हो या फिर साल में किसी और समय पर (33 प्रतिशत) यात्रा करना पसंद करते हैं। इसके अलावा भारतीय यात्री अच्छे प्लानर होते हैं, जिनमें से 72 प्रतिशत अपनी यात्रा पूरी योजना बनाकर करना पसंद करते हैं। इससे इस बात को बल मिलता है कि भारतीय छुट्टियाँ मनाने के लिए कम मूल्य में अच्छी जगह की तलाश करते हैं। इन खुलासों के बारे में मोहित जोशी, स्काईस्कैनर ट्रैवल ट्रेंड्स एंड डेस्टिनेशन एक्सपर्ट ने कहा, "पिछले कुछ सालों में हमारे द्वारा यात्रा करने के तरीके में परिवर्तन आ गया है, लेकिन छुट्टियों पर जाने की इच्छा अभी भी बहुत ज्यादा है। स्काईस्कैनर ने यात्रियों को अपने बजट में दुनिया घूमना संभव बना दिया है। यह अपने प्लेटफॉर्म पर अलग-अलग जगहों की तुलना और मूल्यों में पारदर्शिता प्रदान करता है। अच्छी जगह तलाशने का एक आसान तरीका है कि सर्च टूल में 'हर जगह' डाल दिया जाए, जिसके बाद यात्री के स्थान के आधार पर जगहों का परामर्श दिया जाता है, और मूल्य के आधार पर उनकी सूची सामने आ जाती है। इस तरह से आप किफायती जगहों को आसानी से खोज सकेंगे।"

## शूलिनी यूनिवर्सिटी ने भारत के पहले अंडरग्रेजुएट रिसर्च प्रोग्राम

# समिट रिचर्स प्रोग्राम (एसआरपी) - 2023 इनटेक के लिए आवेदन मंगाए

पायनियर समाचार सेवा। दिल्ली

**भारत** के प्रीमियर शोध केंद्रित संस्थान, शूलिन यूनिवर्सिटी ने शैक्षणिक वर्ष 2023 के लिए अत्यधिक प्रतिस्पर्धी समिट रिसर्च प्रोग्राम (एसआरपी) के लिए आवेदन मंगाए हैं। एसआरपी देश का अग्रणी अंडरग्रेजुएट प्रोग्राम है, जो विद्यार्थियों को अत्याधुनिक शोध में संलग्न होने का अवसर प्रदान करता है और वैज्ञानिक, शिक्षाविद एवं उद्यमी बनने की उनकी क्षमता का विकास करता है। सफलता के प्रमाणित ट्रैक के साथ एसआरपी पूरे भारत से प्रतिभाओं को आकर्षित करता है और हर राज्य के विद्यार्थी इसके लिए आवेदन करते हैं। पेटेंट और प्रकाशनों सहित अपने बेहतरीन रिसर्च आउटपुट के लिए मशहूर यह प्रोग्राम शोध एवं इनोवेशन में नई सीमाओं की खोज करने वाले लोगों के बीच बहुत ही लोकप्रिय हो गया है।

रिइमेजिंड समिट रिसर्च प्रोग्राम के बारे में यूनिवर्सिटी के विजन को साझा करते हुए फाउंडर एवं चांसलर, प्रोफेसर पीके खोसला ने कहा, 'हमारा एसआरपी विज्ञान के विद्यार्थियों को बीटेक करने और विदेशों में सर्वोच्च संस्थानों में पढ़ने या उच्च स्तर की शोध करने का अवसर प्रदान करता है।'

एसआरपी को बौद्धिक उत्सुकता का विकास करने और विद्यार्थियों को रोजगार की योग्यता प्रदान करने के लिए डिज़ाईन किया गया है, ताकि वो उद्योग और शिक्षा जगत में आगे बढ़ सकें। यह विद्यार्थियों को शोधपत्र प्रकाशित करने, पेटेंट फाईल करने, और नेस्ले, कोग्निजेंट, एबॉट, एल्केमिस्ट, पतंजलि, वेर्का, आदि संस्थानों में प्रतिष्ठित कॉर्पोरेट प्लेसमेंट पाने में समर्थ बनाता है। कई विद्यार्थी जॉन हॉपकिन्स यूनिवर्सिटी, ग्लासगो यूनिवर्सिटी, टोक्यो यूनिवर्सिटी, और यूनिवर्सिटी ऑफ़ कैलिफोर्निया जैसे प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय संस्थानों में उच्च शिक्षा के लिए स्कॉलरशिप प्राप्त करते हैं।

हर बैच में केवल 30 सीटें उपलब्ध होने के कारण एसआरपी की चयन प्रक्रिया बहुत कठोर है, और इसमें सफलता की दर केवल 15 प्रतिशत है। इसमें 12वीं कक्षा में 85प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को दो टेक्निकल इंटरव्यू राउंड्स के लिए भेजा जाता है, जहाँ उनके अद्वितीय रिसर्च के विचारों और प्रॉब्लम सॉल्विंग की क्षमताओं का आकलन विभिन्न परिप्रेक्ष्यों में किया जाता है। एसआरपी एलुमनी द्वारा अल्पावधि में ही हासिल किए गए बेहतरीन परिणाम यहां के अंडरग्रेजुएट विद्यार्थियों की विलक्षण क्षमता को प्रदर्शित करते हैं, जो अन्य प्रतिष्ठित संस्थानों की बजाय शूलिनी यूनिवर्सिटी में अपनी तरह के इस खास कार्यक्रम में प्रवेश लेने का फैसला करते हैं।

शूलिनी यूनिवर्सिटी में डीन, रिसर्च एंड डेवलपमेंट, सौरभ कुलश्रेष्ठ ने कहा, "शूलिनी यूनिवर्सिटी में हम शोध एवं इनोवेशन लाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमारे समिट रिसर्च प्रोग्राम द्वारा हमारा उद्देश्य भारत में अंडरग्रेजुएट विद्यार्थियों के लिए शोध के परिदृश्य में परिवर्तन लाना है। हम हर एसआरपी विद्यार्थी को अपने पहले वर्ष से ही पब्लिश करने और अपनी बौद्धिक संपदा की सुरक्षा करने में समर्थ बनाते हैं। हम अंडरग्रेजुएट विद्यार्थियों की अपार क्षमता को पहचानते हैं, जिनके पास विस्तृत परिदृश्य और शोध की ओर गहरा झुकाव है। यह समिट रिसर्च प्रोग्राम उनकी इस महत्वाकांक्षा का उपयोग करने और उन्हें विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है।

# जिले में मीठापुर के पास गुरुग्राम नहर पर बनेगा तीन लेन का पुल

## दिल्ली मुंबई एक्सप्रेस वे प्रोजेक्ट को मिलेगी रफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**दिल्ली**-मुंबई एक्सप्रेस वे प्रोजेक्ट में मीठापुर के पास जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया पूरी होने के बाद निर्माण कार्य में रफ्तार आने की उम्मीद है। इसके साथ ही गुरुग्राम नहर पर बने खस्ताहाल पुल की जगह तीन लेन का नया



पुल बनाया जाएगा। इसका निर्माण सिंचाई विभाग की ओर से किया जाएगा, जबकि पैसे का भुगतान एनएचएआई करेगा।

### नहर पर बना पुराना पुल हुआ खस्ताहाल

**मीठापुर** के पास गुरुग्राम नहर पर बना पुराना पुल जर्जर अवस्था में है। यह पुल एक्सप्रेस वे का हिस्सा है। अब इस पुल को नए सिरे से बनाया जाएगा, क्योंकि गुरुग्राम नहर पर हरियाणा सिंचाई विभाग का अधिकार है। इसलिए इस पुल का निर्माण एनएचएआई द्वारा भुगतान की गई राशि से सिंचाई विभाग करेगा। सिंचाई विभाग एनएचएआई के लिए डिपॉजिट वर्क करेगा। यहां पर तीन लेन का नया पुल बनाया जाएगा, जिसके निर्माण पर लगभग 4.32 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।

दिल्ली के डीएनडी फ्लाईओवर से सोहना तक दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे लिंक रोड बनाया जा रहा है। कालिंदी कुंज से यह रोड फरीदाबाद में सेक्टर-37 के पास बाईपास रोड पर जुड़ रही है। बाईपास रोड को चौड़ा कर 12 लेन का किया जा रहा है। इसका काम तीन चरणों में चल रहा है। इसके पहले फेज में डीएनडी फ्लाईओवर से जैतपुर, सेकेंड फेज में जैतपुर से फरीदाबाद में मलरेना मोड़ और तीसरे चरण में केएमपी लूप तक काम चल रहा है। इनमें से दूसरे और तीसरे चरण का निर्माण कार्य लगभग पूरा हो गया। वाहनों की आवाजाही शुरू कर दी गई है।

> मीठापुर के पास गुरुग्राम नहर पर पुल का निर्माण का टेंडर कर दिया गया है। टेंडर खुलने के बाद निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा। पांच माह में पुल निर्माण पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।
>
> **-वीएस रावत, कार्यकारी अभियंता सिंचाई विभाग**

# सीआईए की टीम ने किया अवैध पटाखा फैक्ट्री का भंडाफोड़

## भारी मात्रा में पटाखे व केमिकल बरामद, संचालक गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** पलवल

**कैंप** थाना अंतर्गत सीआईए पलवल की टीम ने अवैध पटाखा फैक्ट्री का भंडाफोड़ कर फैक्ट्री संचालक को गिरफ्तार करते हुए मौके से भारी मात्रा में अवैध पटाखा व पटाखे बनाने में प्रयुक्त होने वाला बारूद और केमिकल बरामद किया है।

सीआईए इंचार्ज निरीक्षक मोहम्मद इलियास ने बताया कि सहायक उप निरीक्षक मेहरचंद के नेतृत्व में उनकी टीम अलीगढ़ रोड पर गश्त पर मौजूद थी। जहां उन्हें सूचना मिली कि नई बस्ती शमशाबाद कॉलोनी गंदे नाले के पास प्लॉट में



बने कमरे में अवैध पटाखे बनाकर उन्हें पैक करने का काम किया जाता है। आरोपी को अवैध पटाखों व उन्हें बनाने में प्रयुक्त होने वाली सामग्री के साथ काबू किया जा सकता है। सूचना पर पुलिस द्वारा रेड की गई तो एक शख्स पटाखे बनाता हुआ मिला, जिसको काबू करने पर उसने अपना नाम विशाल निवासी शमशाबाद बताया।

पुलिस टीम ने जब कमरे की तलाशी ली तो वहां से दो अलग अलग कट्टों में 1110 छोटे पटाखे मिले। साथ ही तलाशी के दौरान पुलिस टीम को तीन कट्टे और मिले, जिनमें एक कट्टे में बारूद, दूसरे में कोयला पाउडर व डेगचुन का बुरादा भरा हुआ मिला। तीनों कट्टों का कांटे से वजन करने पर पहले कट्टे में 22 किलो 500 ग्राम बारूद मिला, दूसरे कट्टे में दो किलोग्राम कोयला पाउडर लकड़ी व तीसरे कट्टे में 12 किलोग्राम डेगचुन के बुरादे के अलावा चार बंडल सूतली के भी मिले। इंचार्ज ने बताया कि काबू किये गए युवक से जब इस सम्बंध में लाइसेंस मांगा गया तो वह कोई कागजात पेश नहीं कर सका। जिसके चलते आरोपी विशाल को अवैध पटाखों और उन्हें बनाने में प्रयुक्त होने वाली सामग्री के साथ काबू कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को अदालत में पेश किया जाएगा।

# पत्नी पर पार्टनर संग सोने का दबाव दहेज के लिए दो बहनों पर जुल्म

**पायनियर समाचार सेवा।** पलवल

**दहेज** के लिए दो सगी बहनों को जुल्म ढहाने का मामला सामने आया है। दहेज में प्लाट व गाड़ी की मांग कर अप्राकृतिक संबंध बनाने व विरोध करने पर मारपीट कर दूसरों से शारीरिक संबंध बनाने का दबाब देने की शिकायत पुलिस को दी गई। पुलिस ने दोनों बहनों के पतियों सहित आठ के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

हसनपुर थाना की जांच अधिकारी सविता के अनुसार दो बहनों ने दी शिकायत में कहा है कि उनकी शादी कैंप थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी दो सगे भाइयों के साथ दिसंबर 2021 में हुई थी। शादी के बाद से दोनों के पति, सास, ससुर, देवर व ननद दहेज में प्लाट मांगे और उसे चुप रहने की धमकी दी। जबकि उसकी दूसरी बहन के साथ मारपीट की तो उसका पति उसे अपने साथ गुजरात ले गया।

आरोप है कि उसकी बहन को उसका पति गुजरात ले गया और अपने पार्टनर के साथ शारीरिक संबंध बनाने का दबाब देने लगा, पार्टनर ने उसके साथ जबरदस्ती की लेकिन उसने जैसे तैसे उससे अपनी इज्जत बचाई। उसके पति ने कहा कि उसने तो किसी अन्य लड़की से शादी कर रखी है और उसे वापस पलवल भेज दिया। जिसके बाद उक्त आरोपियों ने उनके साथ मारपीट कर जेवरात लूट लिए और घर से निकाल दिया।

उनके परिजन उनकी ससुराल पंचायत लेकर आए तो पंचायत में एक मौका और देने की बात कही। लेकिन उसके बावजूद भी ससुरालजनों का रवैया वहीं रहा। आरोप है कि सास ने अपने छोटे बेटों से पांच लीटर कैन में पेट्रोल मंगवा कर रख लिया और कहा कि दोनों पर डालकर आग लगा देंगे और कह देंगे की आप जलकर मर गई।

# नाबालिग लड़की से छेड़छाड़ कर जान से मारने की धमकी

## एक युवक के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज

**पायनियर समाचार सेवा।** पलवल

**पलवल** में नाबालिग से छेड़छाड़ कर फोन पर अश्लील बातें करते हुए खेतों में बुलाने, ना जाने पर जान से मारने की धमकी देने का मामला प्रकाश में आया है। महिला थाना पुलिस ने नाबालिग की मां की शिकायत पर एक युवक के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

महिला थाना प्रभारी सुशीला देवी के अनुसार, एक महिला ने दी शिकायत में कहा कि उसकी 14 वर्षीय बेटी ने उसे बताया कि पड़ोस का निवासी हरिन्द्र नामक युवक उसके साथ छेडछाड़ कर उससे फोन पर अश्लील बातें करता है और उसे ज्वार के खेत में बुलाता है। उसकी बेटी ने बताया कि कहता है कि यदि ज्वार के खेत में नहीं आएगी तो वह जान से खत्म कर देगा। जिससे उसकी 14 वर्षीय बेटी डरी हुई है, उसने सारी बातें अपनी मां को बताई।

महिला ने कहा कि आरोपी ने उसकी बेटी को धमकाया कि यदि इस बारे में किसी को बताया व कानूनी कार्रवाई की तो जान से खत्म कर दूंगा। बच्ची की मां ने इसकी शिकायत महिला थाना पुलिस को दी। पुलिस ने आरोपी को खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। जांच अधिकारी एसआई रेशमा का कहना है कि आरोपी की तलाश जारी है।

# बसंतगढ के राजकीय विद्यालय में किया शिविर का आयोजन

**फरीदाबाद।** डीएलएसए की ओर से मुफ्त सरकारी सहायता मुहैया करवाने के लिए राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बसंतगढ में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य उदय राज सिंह ने सभी अतिथियों का विद्यालय की ओर से स्वागत किया। शिविर का आयोजन असिस्टेंट काउंसिल पिंकी शर्मा, पैरा लिगिल वॉलिटियर चन्दरपाल, चाइल्ड लाइन रचना सौरोत, दिनेश, मोनिका द्वारा किया गया। इस शिविर का संयोजन प्राधिकरण समन्वयक प्रदीप जोशी के द्वारा किया गया। शिविर में अधिवक्ता पिंकी शर्मा ने सभी को विश्व जनसंख्या दिवस के बारे में जनसंख्या की रोकथाम के बारे में जानकारी दी। इसके मौलिक कर्तव्यों, योजनाओं की जानकारी दी।

# एवीटी टीम हथीन ने दो शातिर ठगों पर कसा शिकंजा

## अवैध हथियार, एटीएम कार्ड और नकदी सहित किए गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** पलवल

**एवीटी** टीम हथीन पुलिस ने दो शातिर ठगों को अवैध हथियार व एटीएम कार्ड और नकदी के साथ गिरफ्तार किया है।

एवीटी हथीन प्रभारी उप निरीक्षक प्रदीप कुमार के अनुसार स्टाफ में तैनात एएसआई उपदेश कुमार गश्त पड़ताल के दौरान टीम के साथ रेस्ट हाउस चौक पर मौजद थे। तभी उन्हें सूचना मिली कि दो युवक जो लोगों से अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर ऑनलाइन धोखाधड़ी करते हैं और फिर उन पैसों को अपने खातों में डालकर 10 प्रतिशत



कमीशन पर निकाल कर देते हैं। बस स्टैंड पर स्थित एचडीएफसी के एटीएम के सामने काले रंग की बाइक पर एटीएम से पैसे निकालने की फिराक में खड़े हैं। सूचना पर जब बताई हुई जगह पर रेड की गई तो बाइक पर सवार दो युवक बाइक को छोड़कर मौके से भागने लगे, लेकिन पुलिसकर्मियों ने दोनों को काबू कर लिया। जिन्होंने पूछताछ में अपना नाम और पता सोहिल व अरबाज निवासी तिगांव थाना पुन्हाना जिला नूंह बताया। जिनकी तलाशी लेने पर सोहिल के पास से एक देशी कट्टा, दो एटीएम एचडीएफसी बैंक व एक लाख 80 हजार 500 रुपये मिले। जबकि अरबाज के जेब से दो जिंदा कारतूस व पेंट के बाईं जेब से 500 - 500 के कुल 90 नोट मिले और दो एटीएम कार्ड मिले। जब इस सबके बारे में युवकों से पुछा गया तो कोई संतोषजनक जबाब नहीं दे सके और न ही हथियारों का कोई लाइसेंस पेस कर सके।

# यमुनापार अमीपुर गांव के खेतों से 90 लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**यमुना** में बढ़ रहे जलस्तर के चलते आमजन की सुरक्षा के मद्देनजर तिगांव थाना प्रभारी दलबीर सिंह व उनकी टीम ने एनडीआरएफ के साथ मिलकर यमुनापार स्थित अमीपुर गांव के खेतों में रह रहे 90 लोगों को रेस्क्यू किया है। इस अवसर पर तिगांव के तहसीलदार अजय सिंह भी मौके पर मौजूद रहे।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि यमुना में बढ़ते जल स्तर को देखते हुए पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट है और यमुना के आसपास के एरिया में लगातार पुलिस गश्त की जा रही है, ताकि समय पर हालातों का जायजा लिया जा सके। यमुना का जलस्तर बढ़ने के कारण इसके आसपास के गांव में बाढ़ का संकट और वहां पर रह रहे लोगों की जान को खतरा पैदा हो सकता है। नागरिकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए रात तिगांव पुलिस तथा एनडीआरएफ की टीम ने रात 12 बजे से सुबह तक रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर अमीपुर गांव के खेतों में रह रहे 90 लोगों को



सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाया है। उन्होंने बताया कि मजदूर लोग अमीपुर के जमीदारों की जमीन पर खेती करते हैं और वहीं पर अपने परिवार के साथ रहते हैं। पुलिस द्वारा रेस्क्यू ऑपरेशन में वहां रह रहे लोगों को सेफ्टी जैकेट पहनाकर नाव की सहायता से यमुना के इस पार लाकर सुरक्षित स्थान पर छोड़ा गया है। उनके खाना खाने के लिए भी उचित प्रबंध किया गया है।

# एडीसी डॉ. आनंद शर्मा ने नालों का किया निरीक्षण

**पलवल।** वर्षा के मौसम के मद्देनजर पलवल के नगर परिषद क्षेत्र में कहीं भी जल भराव न होने पाए, इसके लिए शहर के सभी नालों व नालियों की साफ-सफाई पहले ही सुनिश्चित कर ली जाए। जिला नगर आयुक्त एवं अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. आनंद शर्मा ने यह निर्देश मंगलवार को पलवल शहर में विभिन्न नालों का मौके पर जाकर जायजा लेते हुए नगर परिषद पलवल के अधिकारियों को दिए। इस मौके पर उनके साथ नगर परिषद पलवल के कार्यकारी अधिकारी सुनील कुमार मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि बारिश के मौसम के दृष्टिगत आमजन की सुविधा को ध्यान में रखते हुए शहर में कहीं भी जल भराव की स्थिति उत्पन्न न होने पाए। इसके लिए नगर परिषद शहर की सभी ड्रेनों की साफ-सफाई सुनिश्चित करें।

# उत्तम नगर में महिला की मौत पर निगम के खिलाफ केस करवाएंगे : भड़ाना




**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**शहर** के वार्ड नंबर-9 उत्तम नगर में महिला की मौत का मामला तूल पकड़ने लगा है। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य धर्मवीर भड़ाना ने इसे साधारण मौत नहीं हत्या बताया है और मानवाधिकार आयोग जाकर आरोपी नेताओं व अधिकारियों पर एफआईआर दर्ज करवाने की बात कही है। धर्मवीर ने कहा कि फरीदाबाद स्मार्ट सिटी है और ऐसी मौतों से ही स्मार्ट सिटी पर सवाल उठ रहा है। जहां की एक सड़क पर एंबुलेंस भी नहीं जा सकती और एक महिला की असमय मौत हो जाती है। उन्होंने बताया कि मामला वार्ड नंबर-9 के उत्तम नगर का है। जहां के समाजसेवी विजेंद्र सिंह डागर की पत्नी की तबीयत खराब हो गई थी और विजेंदर सिंह डागर ने एंबुलेंस बुलाया, लेकिन सड़क की हालत बहुत ही ज्यादा खराब होने के कारण एंबुलेंस वाले ने विजेंद्र सिंह के घर पर जाने से मना कर दिया था।

# यमुना के टापू पर फंसे 10 किसान, नदी में लगातार बढ़ रहे जलस्तर ने बढ़ाई चिंता

## प्रशासन को सूचना मिलने पर भी देर शाम तक उन्हें निकाला नहीं जा सका

**पायनियर समाचार सेवा।** पलवल

**यमुना** नदी में जलस्तर बढ़ने लगा है। सुबह यमुना में चारों तरफ पानी की पानी दिखाई देने लगा। ऐसे में गांव गुरवाड़ी के समीप यमुना नदी के बीचों बीच टापू पर पशुओं के साथ रहने वाले करीब 10 लोग फंस गए। टापू के दोनों तरफ पानी आने से वे निकल नहीं पाए। प्रशासन को सूचना मिलने पर भी देर शाम तक



उन्हें निकाला नहीं जा सका। प्रशासन उनके निकालने के प्रयास में लगा है। बताया गया है कि गांव गुरवाड़ी व प्रहलादपुर के बीच यमुना नदी के बीचों बीच करीब 35-40 एकड़ का टापू है। इस टापू पर गांव प्रहलादपुर के कुछ किसानों ने फसल उगाई हुई है। किसान यहां अपने पशुओं के साथ रहते हैं। सोमवार देर शाम तक पानी पलवल पहुंचा तो यमुना का जलस्तर बढ़ने लगा। मंगलवार दोपहर तक पानी गांव गुरुवाड़ी, प्रहलादपुर, इंद्रानगर, रहीमपुर, महाबलीपुर तक लग गया। इन गावों के खेतों में भी यमुना नदी का पानी घुस आया।

गांव गुरुवाडी के बने टापू के दोनों तरफ एकाएक पानी बढ़ता चला गया। पानी बढ़ने से दो-तीन किसान तो तैरकर यमुना नदी से बाहर आ गए, परंतु पशुओं के छोड़कर करीब आठ किसान वापस नहीं आ पाए। टापू से गुरवाड़ी की तरफ करीब एक किलोमीटर तथा राजूपुर खादर की तरफ 500 मीटर तक पानी पहुंच गया है। टापू पर 150 भेड, 20 भैंस व एक ट्रैक्टर है।

प्रशासन ने बचाव कार्य शुरू करते हुए एनडीआरएफ को बुलाया गया, परंतु करीब चार बजे तक टीम मौके पर नहीं पहुंच पाई। मौके पर दमकल विभाग की गाड़ी व एंबुलेंस भी तैनात की गई है। इसके अलावा टापू तक पहुंचने के लिए नाव भी मंगवाई गई हैं।

सिंचाई विभाग के एसडीओ सुभाष चंद्र के अनुसार अभी यमुना नदी खतरे के निशान पर नहीं पहुंची है। नदी में पानी तेजी से बढ़ रहा है। अभी पानी 184.40 तक पहुंचा है। 189.452 मीटर पर पहुंचने पर खतरा है। टापू पर फंसे लोगों के बचाव के लिए एनडीआरएफ की टीम व गोताखोर बुलाए गए हैं।

# संक्षिप्त समाचार

## लिपिकीय कर्मचारियों का धरना रहा जारी



**फरीदाबाद।** पिछले आठ दिनों से लगातार सेक्टर-12 लघु सचिवालय के सामने लिपिकीय कर्मचारियों ने अनिश्चतकालीन धरना दिया हुआ है। कर्मचारियों ने अपना मूल वेतन 19,900 से बढ़ाकर 35,400 करवाने के लिए अब कमर कस ली है। क्लेरिकल एसोसिएशन वैलफेयर सोसायटी हरियाणा के जिला कोऑर्डिनेटर प्रदीप कुमार ने बताया कि जब से हरियाणा प्रदेश का गठन हुआ है, तब से सरकार ने समय-समय पर विभिन्न पदों जैसे अध्यापक, फार्मासिस्ट, एमपीएचडब्ल्यू, जीएनएम, नर्सिंग स्टाफ, जूनियर इंजीनियर एवं अन्य पदों के कार्यों की समीक्षा के उपरांत या अन्य किसी दूसरे कारणों से उनके वेतनमान में सम्मान जनक बढ़ोतरी की है। लेकिन लिपिक पद पर लगे कर्मचारियों के वेतन में कोई इजाफा नहीं किया गया। जब तक उनकी बात नहीं मानी जाएगी, यह धरना जारी रहेगा।

## कांवड़ यात्रा रूट का निरीक्षण कर दिए निर्देश




**पलवल।** डीएसपी हेड क्वार्टर पलवल ने कांवड़ यात्रा रूट का किया निरीक्षण कर ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों को निर्देश दिए। डीएसपी हेड क्वार्टर पलवल शाकिर हुसैन ने कांवड़ ड्यूटी में लगे पुलिसकर्मियों की ड्यूटी चेक की। शाकिर हुसैन ने कहा कि यात्रा के दौरान कांवड़ियों को किसी भी तरह की दिक्कत नहीं आनी चाहिए। जो कर्मी उनकी सुरक्षा व्यवस्था में लगे हैं, वह अपनी ड्यूटी को निष्ठा और लगन से निभाएं। यात्रा शांति पूर्ण तरीके से संपन्न हो सके, इसके लिए पुलिस प्रशासन की ओर से कड़े इंतजाम किए गए हैं। कांवड़ यात्रा मार्ग पर बड़ी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है तो वहीं पुलिस लगातार पुलिस की पेट्रोलिंग भी की जा रही है। डीएसपी हेड क्वार्टर ने कांवड़ियों की सुरक्षा के लिए लगाए गए एंबुलेंस, फायर ब्रिगेड मौजूद पर मौजूद कर्मियों को मुस्तैद रहने की सख्त हिदायत दी। यातायात पुलिसकर्मियों को निर्देश दिए गए कांवड़ियों की पद यात्रा में कोई ट्रेफिक जाम नहीं होना चाहिए। उन्होंने कांवड़ यात्रा के लिए बनाए गए शिविरों का भी निरक्षण किया।

## ओमप्रकाश ने किया बसंतपुर गांव की कॉलोनियों का दौरा



**फरीदागबाद।** लोकसभा निगरानी कमेटी के चेयरमैन ओमप्रकाश रेक्सवाल ने बसंतपुर गांव की विभिन्न कॉलोनियों का दौरा किया। जहां पर हथिनीकुंड से पानी छोड़ने के बाद पानी के जलस्तर में तेजी से वृद्धि हुई है। ओमप्रकाश ने लोगों से अपीली की कि वे जल्दी से जल्दी अपनें घरों को छोड़कर सरकार द्वारा बनाए गए राहत शिविरों में जाएं, जहां पर उनके रहने और खाने-पीने की पूरी व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि सरकार पूरी मुस्तैदी से काम कर रही है, मुख्यमंत्री मनोहर लाल पूरी स्थिति पर नजर रखे हुए हैं और फरीदाबाद लोकसभा के सांसद व केंद्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर भी पल-पल की जानकारी अधिकारियों से ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन लोगों की पूरी मदद करने में जुटा है और आपके घर पूरी तरह सुरक्षित हैं। लोगों के स्वास्थय के लिए भी डॉक्टरों की पूरी टीम उपलब्ध रहेगी। इस मौके पर सोहनपाल, इदरीश, राजू, मोहन सिंह, टीटू सहित कई लोग उनके साथ मौजूद थे।

## जीवन ज्योति स्कूल पलवल की छात्रा स्वाति रावत बनी सीए



**पलवल।** हाल ही में इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया द्वारा घोषित सीए के परीक्षा परिणाम में जीवन ज्योति स्कूल पलवल की छात्रा स्वाति रावत ने लगातार मेहनत कर प्रथम प्रयास में ही सीए बन स्कूल, जिला तथा राज्य का नाम रोशन किया है। स्वाति रावत ने जीवन ज्योति स्कूल पलवल की हरियाणा बोर्ड की बारहवीं कक्षा में राज्य में द्वितीय स्थान प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया था। स्कूल प्रबंधक वीरेंद्र गहलौत ने स्कूल प्रांगण में छात्रा स्वाति के अभिभावकों, स्कूल अध्यापकों को बधाई देते हुए स्वाति के उज्ज्वल भवष्यि की कामना की। उन्होंने स्वाति के विषय में बताया कि यह छात्रा पलवल के दुर्गापुर गांव से संबंध रखती है। स्वाति का छोटा भाई भी जीवन ज्योति स्कूल पलवल का होनहार छात्र रहा है तथा वह भी सीए की पढाई कर रहा है। स्कूल चेयरमैन बीरपाल गहलौत, प्रधानाचार्य तथा सभी अध्यापकों ने छात्रा को बधाई दी व उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## कर्मचारियों का डाटा पोर्टल पर अपडेट करें सभी डीडीओ : राकेश

**पलवल।** जिला खजाना कार्यालय पलवल द्वारा मंगलवार को डॉ. बीआर अंबेडकर राजकीय महाविद्यालय के सभागार में जिला के सभी आह्रण एवं वितरण अधिकारी (डीडीओ) की न्यू पेंशन स्कीम के बारे में एक प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। दो सत्रों में आयोजित इस प्रशिक्षण शिविर के प्रथम सत्र में जिला खजाना विभाग के अंतर्गत आने वाले सभी डीडीओ व सायं सत्र में होडल, हथीन उप-खजाना कार्यालय के डीडीओ का प्रशिक्षण करवाया गया।कार्यशाला में महानिदेशालय खजाना एवं लेखा विभाग हरियाणा चंडीगढ के एनपीएस नोडल अधिकारी रमेशचंद सैनी की अध्यक्षता में प्रोटिन ई-गर्वमेंट टेक्नोलॉजी लिमिटेड (सीआरए-एनएसडीएल) मुबंई के प्रबंधक राकेश चौहान ने कार्यशाला में मौजूद सभी डीडीओ को नई पेंशन योजना के अंतर्गत सरकारी अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा योजना के अंतर्गत किए जा रहे अंशदान, रिटायरमेंट के पश्चात पेंशन निकालने की प्रक्रिया, रिटायरमेंट से पूर्व कर्मचारी की मृत्यु होने पर पेंशन निकालने के प्रावधानों सहित अन्य संबंधित विषयों बारे विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि नई पेंशन योजना के तहत यदि कोई कर्मचारी नौकरी में आने के पश्चात शादी करता है तो उसका वैवाहिक डाटा एनपीएस पोर्टल पर अपडेट अवश्य करें, ताकि रिटायरमेंट के समय नोमिनी से संबंधित परेशानी न आए। इसके साथ-साथ बैंक अकाउंट की आईएफएससी कोड सहित अन्य जानकारियां भी अपडेट रखी जाएं।

# नाटो का विस्तार

## विश्व व्यवस्था पर प्रभाव

**नाटो** में स्वीडेन की सदस्यता के तुर्किए द्वारा समर्थन से विश्व व्यवस्था पर प्रभाव पड़ने की आशंका है। नाटो धीरे-धीरे रूस और चीन से बढ़ते खतरे को देखते हुए अपने सदस्यों की संख्या तथा हस्तक्षेप के आयाम बढ़ाने का प्रयास कर रहा है। उसकी सदस्यता पिछले 73 साल में 12 संस्थापक सदस्यों से बढ़ कर 31 हो गई है। पूरे संकेत हैं कि स्वीडेन उसका 32वां सदस्य हो सकता है। 1991 में सोवियत संघ के विघटन के पश्चात अनेक पूर्व वारसा संधि देश नाटो के सदस्य बन गए। हालिया वर्षों में भू-राजनीतिक गत्यात्मकताओं में काफी बदलाव आया है, वैश्विक गठबंधन पुन: परिभाषित हुए हैं तथा विश्व व्यवस्था बदल रही है। इस पृष्ठभूमि में तुर्किए द्वारा अप्रत्याशित रूप से एक प्रमुख कदम के रूप में स्वीडेन की नाटो सदस्यता पर सहमति प्रकट करने से सारी दुनिया में भूचाल आ गया है। स्वीडेन की नाटो सदस्यता का तुर्किए द्वारा समर्थन एक उल्लेखनीय बदलाव है क्योंकि परंपरागत रूप से वह इस गठबंधन के विस्तार के प्रति बहुत उत्साही नहीं था। ऐतिहासिक रूप से तुर्किए ने अपने क्षेत्रीय हितों को आगे बढ़ाते हुए नाटो के विस्तार के प्रति ज्यादा 'सतर्कतापूर्ण' दृष्टिकोण अपनाया था। स्वीडेन एक गुट-निरपेक्ष देश है और उसने हमेशा 'तटस्थता आधारित' विदेश नीति अपनाई है। उसकी नाटो सदस्यता का समर्थन कर तुर्किए वर्तमान गत्यात्मकताओं को चुनौती देते हुए रणनीतिक साझीदारी की नई संभावनायें खोज रहा है।

यह वास्तव में नाटो के लिए महान रणनीतिक व नैतिक रूप से उत्साहवर्धक कदम है। स्वीडेन को शामिल करने से असंदिग्ध रूप से बाल्टिक सागर व उत्तरी यूरोप में क्षेत्रीय स्थायित्व को बढ़ावा मिलेगा। यह कदम क्षेत्र में संभावित आक्रमण के खिलाफ प्रतिरोधी कदम है तथा यह क्षेत्र में सामूहिक रक्षा प्रयासों को मजबूत करेगा। स्वीडेन को अपनी सुरक्षा छतरी में शामिल करने के बाद नाटो को स्वीडिश सैनिक क्षमताओं व खुफिया सूचनाओं तक पहुंच मिलेगी। इससे उभरते खतरों का सामना करने के लिए उसकी क्षमता और मजबूत होगी। तुर्किए द्वारा स्वीडेन की नाटो सदस्यता के समर्थन का सर्वाधिक महत्वपूर्ण परिणाम रूस के बढ़ते प्रभाव का मुकाबला होगा। रूस की आक्रामक विदेश नीति ने अनेक नाटो सदस्य देशों में चिन्ता पैदा कर दी है। नाटो में स्वीडेन का शामिल होना रूस की 'प्रतीकात्मक' पराजय है। इससे उत्तरी यूरोप को प्रभावित करने की उसकी क्षमता कमजोर होगी तथा क्षेत्रीय महत्वाकांक्षाओं पर लगाम लगेगी। स्वीडेन की नाटो सदस्यता से यह गठबंधन मजबूत होगा तथा सामूहिक सुरक्षा प्रयासों के प्रति इसमें नई जीवन्तता आएगी। नाटो के विस्तार से संगठन की सैनिक क्षमतायें बढ़ेंगी तथा इसकी पहुंच महत्वपूर्ण रणनीतिक क्षेत्रों तक हो जाएगी। स्वीडेन का तुर्किए द्वारा अप्रत्याशित समर्थन गठबंधनों में बदलाव तथा भू-राजनीतिक शक्ति संतुलन में यथास्थिति को चुनौती है। इससे एक नया विमर्श विकसित हुआ है जहां गैर-परंपरागत साझेदारियों व जुड़ावों पर विचार संभव है। इस कदम से मध्यपूर्व के देशों को अपने भू-राजनीतिक जुड़ावों के बारे में विचार करना पड़ेगा। इससे कतर या संयुक्त अरब अमीरात जैसे देशों में नाटो सदस्यता की इच्छा जाग्रत हो सकती है क्योंकि वे अपनी स्थिति और मजबूत करना चाहते हैं। इससे एक नई गुटीय राजनीति विकसित हो सकती है जहां दुनिया पुन: दो 'सत्ता केन्द्रों' के आसपास जुड़ने लगेगी। इनमें से एक का नेतृत्व अमेरिका व पश्चिम तथा दूसरे का रूस या चीन करेंगे।




# फ्रांस में दंगे से यूरोप को सबक

अवैध प्रवासियों की बढ़ती संख्या तथा सीमापार से मानव व्यापार अनेक देशों के समक्ष गंभीर लाजिस्टिक व सुरक्षा चुनौतियां पेश कर रहे हैं।



**सुधीर हिंदवान**
(लेखक, रणनीतिक मामलों के विशेषज्ञ हैं)



**दंगों** अशांति तथा टकरावों की हालिया घटनाओं ने पुलिस तथा कानून तोड़ने वालों के बीच विकसित देशों में एक बार फिर विरोधाभास उजागर कर दिए हैं। थोड़े अंतराल के बाद ऐसी घटनाओं ने स्पष्ट संकेत दिए हैं कि अति-आधुनिक देशों के समक्ष ऐसे मुद्दे आते रहेंगे। फ्रांस में बेलगाम हिंसा की शुरुआत पेरिस के बाहरी क्षेत्र में उत्तर-अफ्रीकी मूल के किशोर की त्रासद मृत्यु से हुई। इसने फ्रांस के नेतृत्व के समक्ष बड़ी चुनौती पेश की जिसके कारण व्यापक विरोध प्रदर्शन हुए तथा 40,000 से अधिक पुलिसकर्मियों की तैनाती के बावजूद व्यापक हिंसा हुई। संवेदनशील स्थिति के प्रति गंभीर चिन्ता के साथ ही हिंसा भड़काने वालों द्वारा पैदा सुरक्षा समस्याओं के प्रति ध्यान आकर्षित होता है। ऐसी घटनाओं के कारण और उकसावे सामने आते हैं। दूसरी ओर वर्तमान संकट से पुलिस के कामकाज की 'वैधता' पर भी सवाल उठते हैं। अधिकांश विकसित औद्योगिक देशों में पुलिस दिन-प्रतिदिन की कानून-व्यवस्था बनाए रखने तथा सूचनायें प्राप्त करने के लिए हथियारों का प्रयोग करती है।

समुदाय की सुरक्षा के लिए जरूरी पुलिस संगठनों को आम लोगों की इच्छाओं व उम्मीदों का ध्यान भी रखना चाहिए। इस संबंध में कल्याणकारी उपायों के बजाय तकनीक के प्रयोग तथा संवेदनशील मुद्दों से निपटने में 'पुलिसिंग' के तरीकों पर भी सवाल उठते हैं। इस घटना के बाद पैदा व्यापक अशांति ने फ्रांस के अनेक शहरों को प्रभावित किया। इस गतिरोध से कुछ महत्वपूर्ण मुद्दे भी उजागर होते हैं। पहला, आर्थिक विकास में ज्यादा हिस्सा प्राप्त करने की इच्छा को अक्सर पहचान के संकट वाले मुद्दों से मिला दिया जाता है।

इससे अनेक लोगों को राज्य के खिलाफ स्वयं को संगठित करने का आधार प्रदान होता है। फ्रांस की यह घटना कोई अकेली घटना नहीं है। कुछ साल पहले फ्रांस की उपनगरीय बस्ती में पुलिस हिरासत से भागने वाले दो लड़कों की मौत ने गंभीर संकट पैदा किया था। उस समय दंगाइयों और हिंसक प्रदर्शनकारियों ने सार्वजनिक संपत्ति को भारी नुकसान पहुंचाया था और इसके कारण आपातस्थिति की घोषणा करनी पड़ी थी। हिंसा की अनेक घटनायें यूरोप के अन्य हिस्सों में भी हुई हैं। कुछ साल पहले वियेना में बंदूकों से हमलों की अनेक घटनायें हुई थीं जिनको गलती से पहचान के सवाल से जोड़ दिया गया था। छिटपुट टकराव या हिंसा की अनेक घटनाओं को कई बार गलत ढंग से व्याख्यायित किया जाता है जिससे इनके बारे में सही विमर्श तैयार नहीं हो पाता है।

ऐसी ही एक घटना कुछ साल पहले पहले फ्रांस में एक इतिहास शिक्षक का सिर काटने तथा दूसरी घटना नीस में तीन निरपराध लोगों पर चाकुओं से हमले के रूप में सामने आई थी। ये हमले अनेक प्रकार के सामाजिक-राजनीतिक व वैश्विक मुद्दों की याद दिलाते हैं जिनका सामना आज यूरोप को करना पड़ रहा है। दूसरा, हिंसा की किसी घटना को समग्र रूप से अन्य घटनाओं के साथ मिला कर देखा जाना चाहिए तथा इसे केवल एक व्यक्ति या समूह द्वारा उकसावे के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। यूरोप में अवैध प्रवासियों की लगातार बढ़ती संख्या तथा सीमापार से मानव व्यापार ने फ्रांस, जर्मनी, बेल्जियम, इटली व ब्रिटेन में गंभीर लाजिस्टिक व सुरक्षा चुनौतियों को जन्म दिया है। असंदिग्ध रूप से यूरोप के राजनेता शरणार्थियों तथा अवैध प्रवासियों के मुद्दों पर एक विरोधाभासी व दुविधाजनक स्थिति में फंस गए हैं। समय आ गया है कि उपरोक्त समस्याओं से प्रभावित यूरोपीय देशों के राजनेता समग्र रूप से ऐसी समस्याओं के प्रति संतुलित दृष्टिकोण अपनाएं। इसके साथ ही पुलिसबलों को भी दिन-प्रतिदिन की कानून-व्यवस्था की स्थितियों की बेहतर समझदारी विकसित करने की आवश्यकता है। इस तथ्य से भी इनकार नहीं किया जा सकता है कि फ्रांस की हालिया घटनाओं तथा यूरोप में पहले घटी ऐसी ही घटनाओं से 'पुलिसिंग' का काम बहुत कठिन बना दिया है।

पुलिसबलों को ऐसी किसी घटना में बल के अत्यधिक प्रयोग से बचना चाहिए क्योंकि कभी-कभी 'गैर-राज्य कारक' ऐसी घटनाओं की प्रतीक्षा करते हैं और उनको एक बिल्कुल अलग रंग देकर जनता को भड़काने के सारे प्रयास करते हैं। पुलिसकर्मियों को अक्सर जटिल स्थितियों का सामना करना पड़ता है।

एक ओर उनको कानून-व्यवस्था की संवेदनशील स्थितियों को देखते हुए त्वरित प्रतिक्रिया करनी होती है, वहीं दूसरी ओर कई बार वे उकसावे के कारण किसी क्षण आत्मनियंत्रण खो सकते हैं जिससे गंभीर समस्यायें पैदा हो सकती हैं। ऐसी स्थितियों से निपटने के लिए एक रणनीति विकसित करने की आवश्यकता है जिसमें समुचित नियंत्रणों व संतुलनों को स्थान दिया गया हो। किसी समाज में बार-बार दंगे होना और अशांति पैदा होना एक प्रकार से उस समाज की राजनीतिक स्थितियों का नतीजा होता है। ऐसे समाजों में अनेक प्रकार के खतरे मंडराते रहते हैं तथा तनाव लंबे समय तक बने रहते हैं। अक्सर सामाजिक स्थितियों से पैदा टकरावों और हिंसा के कुछ बाहरी आयाम भी होते हैं।

दूसरी ओर अनेक नीति विश्लेषकों का मानना है कि 1991 के बाद वाली दुनिया में तेजी से विकास तथा जनता की आवश्यकताओं के कारण अत्यधिक औद्योगिक देशों में भी बड़ी संख्या में प्रवासियों का आगमन हुआ है। विकासशील देशों और एक सीमा तक विकसित देशों में भी सामाजिक-आर्थिक स्थितियों के बीच ऐसे परस्पर संबंधों के कारण तनाव व अशांति की घटनायें बढ़ रही हैं। इसके साथ ही कुछ गरीब व विकासशील देशों की जनता के एक हिस्से में बड़े पैमाने पर निराशा पैदा हो रही है। हालांकि, कुछ विकसित देशों में भी जनता के एक तबके में ऐसी स्थितियां देखी जा सकती हैं। इस प्रकार की निराशा कभी-कभी तनाव व हिंसा को जन्म दे सकती है।

इस प्रकार समाजों के 'वैश्वीकरण' के साथ ही उनके भीतर अपारदर्शिता के पर्दे बनने शुरू हो जाते हैं। हालांकि, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न प्रकार के समाजों के बीच संवाद बढ़ा है, पर कम विकसित देशों व गरीब देशों में शक्तिशाली लोग अनेक लोगों की खराब सामाजिक-आर्थिक स्थितियों के जिम्मेदार बने रहते हैं। ए.जी. फ्रैंक ने अपनी रचना 'डेवलपमेंट आफ अंडरडेवलपमेंट अप्रोच' में इस परिघटना का विस्तृत वर्णन किया है। इस समस्या का एक और आयाम भी है। इसके अंतर्गत सर्वाधिक विकसित समाजों में मध्यवर्गीय व अमीर लोगों के साथ ही अविकसित, यानी गरीब व हाशियाकृत लोग पाए जाते हैं। यह स्थिति अनेक देशों में समग्र रूप से एक 'व्यवस्था' की तरह सामने आती है।

विभिन्न प्रकार के मुद्दों में दिलचस्पी लेने वाले सिंडीकेटों के बीच हमेशा एक सहज अंतराष्ट्रीय नेटवर्क पाया जाता रहा है। इनके बीच सहयोग से कई बार संकटों व विपन्नताओं के बीच अवसर भी सामने आते हैं। अवैध आप्रवास तथा इससे जुड़े अपराधों से स्पष्ट है कि इन क्षेत्रों में जनता की आर्थिक-सामाजिक प्रगति उचित स्तर तक नहीं हो सकी है। इससे एक प्रकार के 'नस्लवाद' की भावना पैदा करने की उर्वर जमीन भी तैयार होती है। अधिकांश समाजों में तेज विकास के कारण एक ओर असमान विकास हुआ है और वहीं दूसरी ओर धीरे-धीरे एक अत्यधिक महत्वाकांक्षी वर्ग भी विकसित हुआ है जो सत्ता के हाशिए पर है। सबसे बुरी बात है कि समाज का एक वर्ग आज भी वंचित व पीड़ित है तथा उसे विकास के लाभ नहीं मिले हैं।

दुनिया भर के अनेक देशों, खासकर यूरोप के अनेक देशों व विकसित औद्योगिक देशों में हिंसा और अशांति के हालिया घटनाक्रमों से 1990 के दशक के सर्वाधिक उल्लेखनीय राजनीतिक विश्लेषक प्रोफेसर सैमुअल पी. हटिंगटन की भविष्यवाणियों व अनुमानों को काफी सीमा तक सही सिद्ध कर दिया है। कुछ अत्यधिक विकसित व प्रमुख समाज भी लगातार अपनी सुरक्षा के समक्ष अनेक प्रकार की चुनौतियों का सामना कर रहे हैं।

इसलिए हिंसा व अशांति की हालिया घटनाओं का सावधानी से परीक्षण कर एक विस्तृत व संवेदनशील संचार नेटवर्क बनाने की आवश्यकता है। इसके साथ ही स्थानीय संपर्कों के साथ बेहतर संबंध तथा मानवाधिकार, नागरिक स्वतंत्रताओं, आदि मुद्दों के प्रति कर्मियों में संवेदनशीलता विकसित करने की जरूरत है। कुल मिला कर कहें तो भावी सुरक्षा आवश्यकताओं का अनुमान कर उनसे निपटने की क्षमता विकसित की जानी चाहिए। इसके लिए मानवीय दृष्टिकोण से सुरक्षा स्थितियों की निगरानी के लिए विशेष पाठ्यक्रम विकसित किए जाने चाहिए।

# बाल विवाह के विरुद्ध एकीकृत दृष्टिकोण जरूरी

> "रूढ़िवादी लैंगिक भूमिकाओं में निहित भेदभावपूर्ण प्रथाओं में विश्वास बाल विवाह जैसी सामाजिक बुराइयों को बढ़ावा देता है।"

**सिमरन कुमारी**
(लेखिका, ग्रामीण समाज पर टिप्पणीकार हैं)



**यूनिसेफ** की रिपोर्ट के अनुसार, दुनिया की तीन में से एक बालिका वधू भारत में रहती है। हालांकि देश ने बाल वधुओं के प्रतिशत को कम करने में महत्वपूर्ण प्रगति की है, फिर भी बाल विवाह के प्रचलन के मामले में यह अभी भी आठ दक्षिण एशियाई देशों में पांचवें स्थान पर है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि कुछ पृष्ठभूमि की लड़कियां, जैसे कि गरीब घरों, सीमित शिक्षा और ग्रामीण क्षेत्रों की लड़कियां, अधिक असुरक्षित हैं और 18 वर्ष से पहले शादी करने का जोखिम अधिक है। यह रिपोर्ट रजनी जैसी कई लड़कियों के जीवन को दर्शाती है। (बदला हुआ नाम) जिन्हें कम उम्र में शादी के लिए मजबूर किया गया है और वे आक्रोश से भरा जीवन जी रहे हैं।

बिहार के मुजफ्फरपुर जिले के साहेबगंज ब्लॉक के हुसेपुर गांव की रजनी मल्लाह समुदाय से हैं, जो पारंपरिक रूप से मछुआरों का समुदाय है। अत्यंत पिछड़ी जाति (ईबीसी) के सदस्य के रूप में, इस समुदाय को ऐतिहासिक रूप से विकास में बाधाओं का सामना करना पड़ा है, जिसके परिणामस्वरूप इसके लोगों में गरीबी, अशिक्षा और जागरूकता की कमी हुई है। रजनी के पिता हीरालाल साहनी (बदला हुआ नाम) ने 14 साल की उम्र में उनकी शादी तय कर दी। नतीजतन, वह 15 साल की उम्र में मां बन गईं और अपने बच्चे के जन्म के एक महीने बाद ही विधवा हो गईं।

सात में से एक रजनी ने अफसोस जताया, हालांकि मेरी पढ़ाई जारी रखने की इच्छा थी, लेकिन मेरे परिवार के सदस्यों ने मेरी इच्छा के खिलाफ मुझ पर शादी करने के लिए दबाव डाला। स्कूल जाने के बजाय, मेरी शादी कम उम्र में एक बड़े आदमी से कर दी गई। हीरालाल सहनी के घर बेटियां और दो बेटे पैदा हुए। रजनी के पति को शराब की लत थी, जिसके कारण उनकी दोनों किडनी खराब हो गई थी। ससुराल में विधवा के रूप में रहना



कठिन हो गया क्योंकि अन्य लोग उसे अपशकुन समझने लगे। मेरे ससुराल वालों को उसे अपने घर में रखने में कोई समस्या नहीं थी क्योंकि मेरा एक बेटा था। जब मैं अपने पति की मृत्यु से उबरने की कोशिश कर रही थी, मेरे अपने परिवार ने मुझ पर दूसरी शादी के लिए दबाव डालना शुरू कर दिया। हालाँकि मैंने शुरू में मना कर दिया, लेकिन आखिरकार मुझे अपने पिता की धमकियों के आगे झुकना पड़ा। मैंने दूसरी बार शादी की, लेकिन मेरे दूसरे पति ने मेरे बेटे को अपनाने से इनकार कर दिया और मुझ पर उसे अपने माता-पिता के घर में रखने के लिए दबाव डालना शुरू कर दिया, रजनी ने बताया।

बात यहां तक पहुंच गई कि उसका दूसरा पति आए दिन उसके साथ मारपीट करने लगा और यहां तक कि बच्चे को भी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करने लगा। इस घटना के बाद उसने अपने दूसरे पति को छोड़ दिया और स्थायी रूप से अपने मायके आ गयी। कुछ समय बाद, वह अपने पहले पति के परिवार के साथ रहने के लिए सहमत हो गई, जिसने उसे गोद लेने का प्रस्ताव रखा। वर्तमान में, वह एक युवा विधवा के रूप में वहां रहती है और खेत मजदूर के रूप में काम करके जीविकोपार्जन करती है।

रूढ़ीवादी लैंगिक भूमिकाओं में निहित भेदभावपूर्ण प्रथाओं में विश्वास बाल विवाह जैसी सामाजिक बुराइयों को बढ़ावा देता है। गांव के 50 वर्षीय निवासी राजू साहनी बाल विवाह के प्रति अपने समर्थन की पुष्टि करते हुए कहते हैं कि लड़कियों की शादी 12 से 13 साल की उम्र में की जानी चाहिए। उनका तर्क है कि लड़कियों के पास घर का काम करने के अलावा कोई उद्देश्य नहीं है। उनका मानना है कि पढ़ी-लिखी लड़कियां ज्यादा मुंहफट हो जाती हैं, इसलिए उन्हें घर तक ही सीमित रखना बेहतर है। जबकि कई ग्रामीण इस दृष्टिकोण को साझा करते हैं, ग्राम सचिव नवल राय इन सामाजिक बुराइयों को रोकने के लिए प्रभावी कदम नहीं उठाते हैं।

एक रिपोर्ट के मुताबिक, राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएफएचएस-5) में कहा गया है कि दो-पांचवीं महिलाओं की शादी 18 साल की कानूनी शादी तक पहुंचने से पहले हो गई थी, यानी लगभग 40 प्रतिशत। कई कानूनों और योजनाओं के बावजूद, यह प्रतिशत दर्शाता है कि बाल विवाह को रोकने के लिए अभी भी कितना काम किया जाना बाकी है। आजादी के बाद से लड़कियों की शादी की न्यूनतम उम्र 15 से बढ़ाकर 18 साल करना, और बाल विवाह रोकथाम विधेयक 2021 में लोकसभा द्वारा इसे सभी धर्मों के लिए 21 साल तक बढ़ाने का प्रस्ताव, प्रचलित प्रथा के तत्काल अंत की गारंटी नहीं देता है। अभ्यास। बाल विवाह की निरंतरता गहरी जड़ें जमा चुकी सामाजिक मान्यताओं से जटिल रूप से जुड़ी हुई है, जिससे स्थापित सामाजिक मानदंडों को बदलने के लिए व्यापक प्रयासों की आवश्यकता होती है।

बाल विवाह के मुद्दे के लिए एक एकीकृत दृष्टिकोण की आवश्यकता है जो विविध सामाजिक-सांस्कृतिक संरचनाओं और भेदभावपूर्ण प्रथाओं के साथ इसकी अन्योन्याश्रयता को पहचाने। प्रभावी समाधान केवल व्यापक योजनाओं और नीतियों को तैयार करके ही प्राप्त किए जा सकते हैं जो बाल विवाह में योगदान देने वाले परस्पर जुड़े कारकों के जटिल जाल को समग्र रूप से संबोधित करते हैं।

## आप की बात

### बरसात के सबक

**देश** में बादल फटने व भारी वर्षा से हर साल करोड़ों का नुकसान हो जाता है। बिहार, यूपी, हिमाचल, असम, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, आदि राज्य हमेशा ही बारिश का पानी भरने के कारण काफी नुकसान का सामना करते हैं। फसलों को भी नुकसान पहुंचता है। पानी भरने से यातायात भी काफी प्रभावित होता है तथा लोगों के घरों में वर्षा का पानी घुस जाने के कारण भी आम जनजीवन हर तरह से ठप हो जाता है। अत: वर्षाकाल के पूर्व ही हमारे नगरों के नदी-नालों की समय पर साफ - सफाई की जाए ताकि वर्षा का जल रुकावट ना बन सके। शहरी क्षेत्र में बाढ का पानी घुसने से पहले लोगों, उनके सामान तथा मवेशियों, आदि को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाना भी हमारी पहली प्राथमिकता होना चाहिए। विडंबना है कि बरसात से नुकसान होने पर तो खूब हायतोबा मचती है, पर बरसात बीतते ही सब कुछ भुला दिया जाता है। नगर निकायों व राज्य सरकारों को पूरे साल पिछली बरसात से मिले सबकों को याद रखते हुए सड़कों, पुलों, पुलियों, आदि के निर्माण पर ध्यान देना चाहिए। इसके साथ ही व्यापक रूप से नगर-नियोजन में भी पिछली बाढ़ों के सबकों को याद रखते हुए स्थाई परिवर्तन कर हमेशा के लिए सुरक्षा प्रदान करनी चाहिए।

– **मनमोहन राजावत,** शाजापुर

### भारत-नेपाल सीमा

**भारत** को छोड़कर दुनिया के सभी देशों के नागरिकों को नेपाल जाने के लिए वीजा लेने की जरूरत होती है। लेकिन भारत और नेपाल के नागरिक बगैर किसी वीज़ा के एक.दूसरे की सीमा के प्रवेश कर सकते हैं। दरअसल 1950 में भारत-नेपाल के बीच इस बारे में एक मित्रता संधि हुई थी। इसी संधि का फायदा उठाकर पाकिस्तानी महिला सीमा हैदर ने भारत में प्रवेश किया। पर्यटक व आम नागरिक तक तो मुक्त आवागमन ठीक है। लेकिन कई अंतरराष्ट्रीय जासूस, आतंकवादी और भारत-विरोधी लोग भी नेपाल के रास्ते भारत की खुली सीमा में बेहिचक घुस रहे हैं। वर्तमान अंतरराष्ट्रीय तनाव के मद्देनजर और पाकिस्तान चीन की भारत से दुश्मनी निभाने वाली गतिविधियों को देखते हुए भारत नेपाल सीमा पर चल रही व्यवस्था की समीक्षा की जानी चाहिए। नेपाल चारों ओर भूमि से घिरा तथा भारत से रोटी-बेटी का संबंध रखने वाला देश है। नेपाल और भारत के अनेक नागरिक एक-दूसरे के देश में कामकाज और नौकरी करते हैं। दोनों देशों के बीच व्यापार, मित्रता व भाईचारे का आधार भी खुली सीमा है। लेकिन बदलती स्थितियों में व्यवस्था की समीक्षा जरूरी हो गई है।

– **सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

### रुपये का वैश्वीकरण

**भारत** का लक्ष्य रुपये को वैश्विक मुद्रा बनाना है। भारत सबसे तेजी से बढ़ते देशों में से एक बना हुआ है और अनेक विपरीत परिस्थितियों में उल्लेखनीय लचीलापन दिखा रहा है। रुपये में अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा बनने की क्षमता है। यूक्रेन पर आक्रमण करने के कारण रूस पर लगाए आर्थिक प्रतिबंधों व अंतरराष्ट्रीय लेनदेन में अमेरिकी डॉलर का विकल्प खोजने की बढ़ती मांग के मद्देनजर यह कदम महत्वपूर्ण होगा। इस प्रक्रिया में सीमापार लेनदेन में रुपये का उपयोग बढ़ाना शामिल है। सीमापार लेनदेन में रुपये का उपयोग भारतीय व्यवसायों की मुद्रा जोखिम को कम करता है। इसके लिए पूंजी खाते पर मुद्रा की पूर्ण परिवर्तनीयता और बिना किसी प्रतिबंध के धन के सीमापार हस्तांतरण की जरूरत होगी। भारत ने अभी तक केवल चालू खाते पर पूर्ण परिवर्तनीयता की अनुमति दी है। वर्तमान में अमेरिकी डॉलर, यूरो, जापानी येन व पाउंड स्टर्लिंग दुनिया की प्रमुख आरक्षित मुद्राएं हैं। इस दिशा में चीन के प्रयासों को भी अब तक सीमित सफलता ही मिल पाई है। देखना होगा कि भारत रुपये के वैश्वीकरण की दिशा में कितनी तेजी से आगे बढ़ता है।

– **रवि रंजन,** नई दिल्ली

### एनसीपी की घड़ी

**देश** की आजादी के बाद बड़ी संख्या में जनसंख्या अनपढ़ होने के कारण चुनाव चिन्ह अत्यंत महत्वपूर्ण था। लेकिन अब अधिसंख्य जनसंख्या पढ़ी-लिखी होकर समझदार हो गई है। ऐसे में चुनाव चिन्ह उतना महत्वपूर्ण नहीं रह गया है। फिर भी राजनीतिक दल यही चाहते हैं कि पिछले चुनाव में प्रचलित और प्रचारित हो चुका चुनाव चिन्ह उन्हें मिले ताकि चिन्ह देखकर वोट देने वाले वोटरों के वोट उन्हें मिल सके। एनसीपी चुनाव चिन्ह का फैसला चुनाव आयोग को करना है और यह मामला बहुत कुछ महाराष्ट्र के शिवसेना की तरह ही है। अत: लगता है कि अधिक विधायकों वाले गुट को ही एनसीपी का चुनाव चिन्ह आवंटित कर दिया जाएगा। यदि एनसीपी का चुनाव चिन्ह घड़ी अजित पवार गुट को मिल जाता है तो प्रतीकात्मक रूप से तय हो जाएगा कि पार्टी के संस्थापक शरद पवार व उनके समर्थकों का समय खराब है। वैसे शरद पवार अपने-न टायर्ड न रिटायर्ड होने की घोषणा कर चुके हैं, पर देखना होगा कि भविष्य में उनका राजनीतिक कद किस स्तर पर बना रह सकता है।

– **विभूति बुपक्या,** खाचरोद

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

# पौधरोपण को बनाएं जनान्दोलन, हर पौधे की हो जियो टैगिंग

## जनप्रतिनिधियों से संवाद कर सीएम योगी ने कहा, पौधे लगाएं-पेड़ बचाएं

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को प्रदेश के सभी जनप्रतिनिधियों (ग्राम प्रधान से लेकर सांसद तक) से वेबिनार के माध्यम से संवाद कर वृहद पौधरोपण 2023 की तैयारियों की जानकारी ली। उन्होंने वृहद पौधरोपण अभियान में सभी की सहभागिता के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित करें कि किस पौधे की देखभाल कौन और कैसे करेगा। यह हम सभी के भविष्य के लिए है। अत: हम सभी को पूरी गंभीरता के साथ एकजुट होकर काम करना होगा। हर पौधा जियो टैग हो। सेल्फी लें और सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर अपलोड करें।

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय मनीषा ने प्राचीन काल से ही इस बात को माना है कि धरती



हमारी माता है और हम सब इसके पुत्र हैं। इसके पीछे यह भाव है कि हम धरती की रक्षा करेंगे तो धरती माता भी हमारी रक्षा के लिए उसी तत्परता के साथ हमें तैयार करेंगी और स्वयं भी तैयार रहेंगी। हमारी परंपरा वृक्षों में देवदर्शन की है। यह प्रकृति प्रेम का ही प्रतीक है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने पर्यावरण संरक्षण के कार्यों को शीर्ष प्राथमिकता में लेते हुए विगत छह वर्ष में 135 करोड़ से अधिक पौधे रोपने का कार्य किया है। यह व्यापक पौधरोपण वृहद जनसहयोग से ही संभव हो सका है। यह संतोष की बात है कि इनमें से 80 प्रतिशत पौधे वर्तमान में जीवित हैं। हाल के दशकों में हमने पर्यावरणीय अवनयन के कारण प्राकृतिक आपदाओं में वृद्धि को देखा है। आज अतिवृष्टि, अनावृष्टि और तेज गर्मी जलवायु परिवर्तन के संकेत देती है। विगत वर्ष अक्टूबर में हम सबने असमय बाढ़ की स्थिति देखी थी यह चिंताजनक थी। इस वर्ष हिमाचल और उत्तराखंड की परिस्थिति से हम परिचित हैं। किंतु अब भी सुधार की गुंजाइश है। प्रकृति हमें सुधार का अवसर देती है। यह पौधारोपण कार्यक्रम एक ऐसा ही अवसर है। हम सभी को इसका लाभ उठाना चाहिए। योगी ने कहा कि व्यापक जनसहयोग से प्रदेश के कुल हरित क्षेत्र में सतत वृद्धि हो रही है। हमारा लक्ष्य प्रदेश के कुल हरित क्षेत्र को वर्तमान के 9 प्रतिशत से बढ़ाकर 2026-27 तक 15 प्रतिशत तक ले जाने का है। इस लक्ष्य के अनुरूप में अगले 5 वर्ष में 175 करोड़ पौधे लगाने और संरक्षित करने होंगे। इस लक्ष्य के अनुरूप सभी को प्रयास करना होगा। इसके लिए 'पेड़ लगाओ-पेड़ बचाओ' के संदेश से को जन.जन को जोड़ने की आवश्यकता है। मनरेगा के तहत पौधरोपण को प्रोत्साहित करते हुए मुख्यमंत्री कृषक वृक्ष धन, मुख्यमंत्री फलोद्यान और मुख्यमंत्री सामुदायिक वानिकी तथा वन विभाग की सामाजिक वानिकी योजना के रूप में किसान और पर्यावरण के हित में अत्यंत उपयोगी प्रयास किए जा रहे हैं। इस योजना अंतर्गत मनरेगा के लाभार्थी यदि अपनी भूमि पर पौधे लगाकर उनका संरक्षण करता है तो उसे वित्तीय प्रोत्साहन दिया जा रहा है। अपने क्षेत्र में इसका व्यापक प्रचार.प्रसार करते हुए किसानों को लाभान्वित कराएं। इससे पौधरोपण भी होगा और किसानों की आय भी बढ़ेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस वर्ष वृहद पौधारोपण अभियान में 35 करोड़ पौधे लगाए जाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके तहत 22 जुलाई को हम सब मिलकर 30 करोड़ पौधे लगाएंगे जबकि स्वतंत्रता दिवस के दिन 5 करोड़ पौधरोपण का लक्ष्य है। यह महाभियान बिना जनसहयोग के सफ ल नहीं हो सकता। सभी जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारी है कि वह अपनेअपने क्षेत्र में आम जन को इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम से जुड़ने के लिए प्रोत्साहित करें। उन्होंने कहा कि यह चुपचाप करने वाला कार्यक्रम नहीं है, बल्कि पूरे उत्साह और उमंग के साथ पौधरोपण किया जाए। पौधरोपण को जनांदोलन बनाएं। हर ग्राम पंचायत/शहरी वार्ड एक-एक हजार पौधे लगाने का लक्ष्य रखें। नगर पंचायत में 5 हजार, नगर पालिका परिषद में 10 हजार, नगर निगम में 5-10 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य हो। सांसद, विधायक सहित हर जनप्रतिनिधि इसका सहभागी बने। उन्होंने कहा कि पौधा लगाना जितना महत्वपूर्ण है, उतना ही उसका संरक्षण। ऐसे में पौधारोपण के साथ टी-गार्ड भी लगाएं।

# सड़कों की योजना को देखते हुए पौधों को लगाए जाएःजितिन प्रसाद



● लोक निर्माण मंत्री ने पौधरोपण अभियान 2023 की तैयारियों के संबंध में की समीक्षा बैठक

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**लोक** निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद ने वृहद् वृक्षारोपण अभियान 2023 के सम्बंध में लोक निर्माण विभाग मुख्यालय स्थित तथागत सभागार में समीक्षा बैठक कर वृक्षारोपण की तैयारियों की जानकारी ली और अवश्यक दिशा निर्देश भी दिये। प्रसाद ने निर्देश दिया कि वृक्षारोपण अभियान की समस्त तैयारियां समय से पूरी कर ली जाए, इसे महोत्सव की रूप में मनाया जाना है। वृक्षारोपण अभियान में लोक निर्माण विभाग को अहम जिम्मेदारी दी गई है।

लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद ने निर्देश दिया कि वृक्षारोपण अभियान के तहत विभाग के लिए निर्धारित कुल 12.93 लाख पौधरोपण के लक्ष्य के सापेक्ष शत प्रतिशत वृक्षारोपण कराया जाए। वृक्षारोपण अभियान के तहत सड़कों की भविष्य की प्लानिंग को ध्यान में रखते हुए पौधों को लगाया जाए, जिससे सड़कों के चौड़ीकरण या अन्य निर्माण कार्यों के दौरान कम से कम पेड़ों को काटने की आवश्यकता पड़े। जितिन प्रसाद ने क्षेत्रीय मुख्य अभियंताओं को निर्देशित करते हुए कहा कि वृक्षारोपण अभियान के तहत केवल पौधों को लगा देना ही महत्वपूर्ण नहीं है बल्कि उससे भी अधिक महत्वपूर्ण है उन पौधों के रखरखाव के लिए पुख्ता इंतजाम किया जाए। पौधों को सुरक्षित रखने के लिए ट्री गार्ड लगवाने की व्यवस्था सुनिश्चित करवाई जाए। लोक निर्माण मंत्री ने निर्देश दिया कि क्षेत्र विशेष की भौगोलिक विशेषता के अनुसार ही वृक्षारोपण का कार्य करवाया जाए। वृक्षारोपण अभियान के तहत फल एवं फूलदार पौधों के रोपण पर विशेष फोकस किया जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि प्रत्येक खंड अपने क्षेत्र के अंतर्गत एक.एक सड़क का चयन करें जिस पर वृहद वृक्षारोपण अभियान के दृष्टिगत मॉडल सड़क के रूप में विकसित किया जाए। लोक निर्माण राज्य मंत्री बृजेश सिंह ने बैठक में वृक्षारोपण के संबंध में निर्देश दिया कि विभाग के स्वामित्व के अधीन समस्त भवनोंध्स्थलों के परिसर में भी वृक्षारोपण कराया जाना सुनिश्चित कराया जाए। प्रदेश में निर्माणाधीन अटल आवासीय विद्यालय के परिसर में काफी मात्रा में जमीन उपलब्ध है जहां पर भी पौधरोपण कराया जाना सुनिश्चित कराएं।

बैठक में प्रमुख सचिव लोक निर्माण विभाग अजय चौहान, विशेष सचिव लोक निर्माण विभाग केपी सिंह, प्रमुख अभियंता एवं विभागाध्यक्ष अरविंद कुमार जैन, प्रमुख अभियंता ग्रामीण सड़क विनोद कुमार श्रीवास्तव, मुख्य अभियंत संजय कुमार श्रीवास्तव, मुख्य अभियंता अशोक अग्रवाल, मुख्य अभियंता परवेज़ अहमद, समस्त क्षेत्रीय मुख्य अभियंता एवं अधीक्षण अभियंता वीडियो कॉफ्रेंसिंग के माध्यम से सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# राहुल गांधी के समर्थन में कांग्रेसियों ने शहीद स्मारक पर किया मौन सत्याग्रह



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**भारतीय** राष्ट्रीय कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के समर्थन में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बृजलाल खाबरी की अध्यक्षता में कांग्रेसियों ने पूरे दिन शहीद स्मारक पर मौन सत्याग्रह किया। खाबरी सहित अधिकांश नेताओं ने प्रात: 10 बजे से सायं 5 बजे तक मौन सत्याग्रह करते हुए एक ही स्थान पर बैठे रहे। मौन सत्याग्रह के समापन पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बृजलाल खाबरी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा संविधान की धज्जियां उडाई जा रही हैं तथा लोकतंत्र के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है लेकिन कांग्रेस पार्टी जनता के हर मुद्दे पर लगातार संघर्षरत है। खाबरी ने कहा कि हमारे नेता राहुल गांधी को भाजपा जितना रोकने का प्रयास करेगी उतना ही कांग्रेस का संघर्ष मजबूत होगा। भाजपा के तमाम कुत्सित प्रयासों के बावजूद राहुल गांधी मोदी द्वारा सत्ता के दुरूपयोग के खिलाफ सच्चाई के लिए लड़ने और देश के लोगों से सम्बन्धित मुद्दों को उठाने में कभी नहीं हिचकेगें लगातार उठाते रहेंगे और संघर्ष करते रहेंगे क्योंकि सत्य परेशान हो सकता है पराजित नहीं। खाबरी न कहा कि राहुल गांधी देश के लिए कोई भी कीमत चुकाने को तैयार हैं। उन्होंने कहा कि पूरे देश ने उन्हें लोकसभा की सदस्यता के अयोग्य ठहराये जाने की निंदा की है। आज पूरा देश इस सच्चाई की लड़ाई लड़ने के लिए राहुल गांधी के साथ खड़ा है मौन सत्याग्रह में मुख्य रूप से राज्यसभा में उपनेता प्रतिपक्ष प्रमोद तिवारी, पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह मुन्ना, अजय कुमार लल्लू, कांग्रेस विधानमंडल दल नेता आराधना मिश्रा मोना, राष्ट्रीय सचिव सत्य नारायण पटेल, राजेश तिवारी, तौकीर आलम, प्रदीप नरवाल, प्रांतीय अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी आदि उपस्थित रहे।

# प्रदेश में 220 दुग्ध समितियों का गठन किया गया: धर्मपाल सिंह

● गोचर भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए 11 जुलाई से 25 अगस्त तक 45 दिन का विशेष अभियान प्रारम्भ

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**पशुधन** एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने बुधवार को योजना भवन में विभागीय उपलब्धियों के संबंध में पत्रकारों को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रदेश को 5 वर्षो में ट्रिलियन डालर इकोनॉमी बनाये जाने हेतु प्रदेश सरकार संकल्पित है। किसानोन्मुख योजनाओं से न सिर्फ पशुओं के संरक्षण एवं सम्वर्धन में आशातीत वृद्धि हुई है अपितु पशुपालकों की आय दोगुनी करने के संकल्प को गति मिली है।

पशुधन मंत्री ने कहा कि विभाग द्वारा वर्तमान वित्तीय वर्ष में लघु पशु योजनान्तर्गत 5 नवीन योजनाओं का प्रारम्भ किया जा रहा है, जिसके अन्तर्गत उत्तराखण्ड से उन्नत किस्म के मेढ़े खरीद के भेड़ पालकों को नि:शुल्क उपलब्ध कराये जायेगे। भेड़ पालन को बढ़ावा दिये जाने हेतु भेड़ बहुल क्षेत्रों में 20 भेड़ों एवं 1 मेढ़े की 1.70 लाख की योजना संचालित की जा रही है, जिसमें लाभार्थी का अंश मात्र 10 प्रतिशत है। बकरियों में कृत्रिम गर्भाधान के माध्यम से नस्ल सुधार की योजना है। उक्त के अतिरिक्त इटावा में स्थापित भेड़ एवं बकरी पालन प्रशिक्षण केन्द्र को संचालित करते हुए भेड़ बकरी पालन हेतु प्रशिक्षण प्रदान किये जाने की योजना है। भेड़ एवं बकरी पालन की उपर्युक्त योजनाओं के संचालन से घुमंतु जातियों को रोजगार के अवसर प्राप्त हो सकेंगे। लाइव स्टाक मिशन के अन्तर्गत बकरी पालनए सुकर पालन की 19 परियोजनाएं स्वीकृत की जा चुकी है। मंत्री धर्मपाल सिंह ने बताया कि प्रदेश को नन्द बाबा दुग्ध मिशन के द्वारा दुग्ध उत्पादन में अग्रणी राज्य बनाये रखने के लिए गॉवों में दुग्ध सहकारी समितियों द्वारा दुग्ध उत्पादकों को उनके गॉवों में ही दूध के उचित मूल्य पर बिक्रय की सुविधा उपलब्ध कराई जायेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश के दुग्ध उत्पाद को बढ़ाने के लिए 220 दुग्ध समितियों के गठन एवं 450 दुग्ध समितियों के पुनर्गठन के लक्ष्य के सापेक्ष 220 समितियों का गठन एवं 100 समितियों का पुनर्गठन किया जा चुका है। पशुधन मंत्री ने बताया कि प्रदेश के समस्त जिलाधिकारियों को यह निर्देश दिये गये हैं कि चारागाह की भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराते हुए चारागाह की भूमि पर मनरेगा एवं अन्य सीएसआर मद का उपयोग करते हुए बहुवर्षीय हरा चारा का उत्पादन किया जाय। इस हेतु 11 जुलाई से 25 अगस्त तक 45 दिन का विशेष अभियान प्रारम्भ किया गया है। उन्होंने सभी गोशालाओं में वृक्षारोपण करने की अपील भी की। मंत्री धर्मपाल ने बताया कि प्रदेश के समस्त 75 जनपदों में विभाग द्वारा 520 मोबाइल वेटनरी यूनिट का संचालन किया जा रहा है। पशुधन मंत्री ने कहा कि सरकार द्वारा प्रदेश में जनमानस के लिये प्रोटीनयुक्त आहार हेतु अण्डे की उपलब्धता सुनिश्चित कराने एवं प्रदेश को 05 वर्षो में अण्डा उत्पादन में आत्मनिर्भर, निर्यातोन्मुखी बनाये जाने के उद्देश्य से कुक्कुट विकास नीति 2022 निर्गत की गयी है। मंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा कि अब तक प्रदेश में 6781 गो.आश्रय स्थलों में कुल 1168875 गोवंश संरक्षित किये गये हैं। विगत 3 माह में कुल 68 नवीन गो आश्रय स्थलों में 37497 गोवंश संरक्षित किये गये हैं। इस वर्ष कुल 60 लाख टन भूसा संग्रहण किया गया है जिसमें 07 लाख टन भूसा दान के माध्यम से प्राप्त हुआ है। अग्रिम तीन माह में समस्त निराश्रित गोवंश के लिए शेड, उनके भरण.पोषण की व्यवस्था सुनिश्चित कराने के उद्येश्य से शासन स्तर से प्रदेश के समस्त 18 मण्डलों में नोडल अधिकारी भेजे जा रहे हैं जो शत.प्रतिशत निराश्रित गोवंश का संरक्षण सुनिश्चित करायेंगे। गो संरक्षण केन्द्रों के निर्माण की लागत को बढ़ाते हुए 1 करोड़ 20 लाख के स्थान पर 1 करोड़ 60 लाख किया गया है। निराश्रित गोवंश के भरण पोषण एवं सहभागिता योजनान्तर्गत धनराशि का आवंटन डीबीटी के माध्यम से सीधे गो आश्रय स्थलों एवं सहभागी के खाते में किये जाने की कार्यवाही की जा रही है।

# किसानों को मिले सरकार की हर योजना का पूरा लाभ: कृषि मंत्री

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सरकार** द्वारा चलाई जा रही विभिन्न किसान कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र किसानों को समय पर बिना किसी असुविधा के मिल सके इस संबंध में प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने विभागीय समीक्षा बैठक ली। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि योजनाओं का क्रियान्वयन किसानोन्मुखी तथा अधिक समावेशी होना चाहिए।

कृषि मंत्री ने विभागीय अधिकारियों से अपील की कि वे देश के प्रधानमंत्री मोदी तथा प्रदेश के किसानों के शुभचिंतक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुसार किसानों के प्रति संवेदनशील रहकर योजनाओं का क्रियान्वयन धरातल पर करें। सब्सिडीयुक्त कृषि यंत्रों के विषय में कहा कि इनका लाभ इच्छुक पात्र किसानों को



आसानी से उपलब्ध कराया जाय। उन्होंने कहा कि सब्सिडी पोर्टल के माध्यम से रजिस्ट्रेशन एवं बिल अपलोड होने के बाद दी जाय। जो किसान इसके लिए पंजीकरण करेंगे वे अतिशीघ्र अपने कृषि यंत्र क्रय कर लें अन्यथा उनका पंजीकरण निरस्त कर दिया जाएगा। साथ ही दर्शन पोर्टल के लिए आधार कार्ड अनिवार्य होगा। उन्होंने कहा कि डुप्लीकेसी को रोकने के लिए कृषि यंत्रों को लेने वाले किसानों की मॉनिटरिंग की जाय। 10 हजार रुपये से कम मूल्य वाले कृषि यंत्रों को विभिन्न जनपदों में स्टाल लगाकर किसानों को उपलब्ध कराए जाएं। पात्र लाभार्थी किसानों को बिना किसी असुविधा के कृषि यंत्र उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए। इसके लिए फील्ड से सम्बंधित सभी संयुक्त निदेशक समय-समय पर स्थलीय निरीक्षण करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि कृषि यंत्रों के उपयोग के संबंध में किसानों को अधिक से अधिक जागरूक किया जाए। किसान कल्याण केंद्रों के संदर्भ में उन्होंने कहा कि यहां साफ-सफाई का विशेष ध्यान दिया जाय। उन्होंने कृषक उत्पादक समूहों एफपीओ के संबंध में कहा कि इनका शक्ति पोर्टल पर पंजीकरण किया जाना चाहिए। इसके लिए आवश्यक है कि एफपीओ कम से कम एक वर्ष पुरानी हो तथा उसमें कम से कम 50 सदस्य हों।

# आम की दावत में शरीक हुए अखिलेश व आजम

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव आम बागान के मालिकों के आमंत्रण पर लखनऊ के मलिहाबाद गए, जहां आम उत्पादक बागवानों से उनकी समस्याओं की जानकारी ली। सपा मुखिया अखिलेश यादव के साथ पूर्व मंत्री मोहम्मद आजम खां तथा अब्दुल्ला आजम भी आम की दावतों में शरीक रहे।



मलिहाबाद थाना क्षेत्र के मोहम्मद नगर रहमतनगर में पूर्व ब्लाक प्रमुख खुदादाद खान के आवास पर आयोजित आम की दावत में पूर्व मंत्री राजेन्द्र चौधरी, सपा प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल, अब्दुल्ला आजम, आरके चौधरी, पूर्व विधायक मोहम्मद आतिफ खां, राजन तिवारी, सलीम अहमद खां और अल्लूपुर के वीरेन्द्र सिंह यादव, जिलाध्यक्ष जयसिंह जयंत आदि उपस्थित रहे। मोहम्मद नगर रहमतनगर के ग्राम प्रधान श्याम सुन्दर पाल के साथ पूरा गांव अपने प्रिय नेता को देखने के लिए उमड़ पड़ा। घरों की छतों पर खड़े बच्चे और महिलाओं ने यादव का अभिनंदन किया।

अखिलेश यादव मलिहाबाद में अब्दुल्ला नर्सरी, पद्मश्री यशभारती सम्मान प्राप्त हाजी कलीमुल्ला खान, मलिहाबाद चौराहा के आवास पर पहुंचे। जहां कलीमुल्ला खां, उनके बेटे नजीमुल्ला खां, अमान हसन खां, सीएल वर्मा एवं अमीक जामेई, यामीन खान ने उनका हार्दिक स्वागत किया। यहां तरोना गांव के प्रधान संदीप यादव के साथ पूरा गांव अखिलेश को देखने आ गया। कलीमुल्ला खा ने अखिलेश यादव को मुलायम मैंगो, टामी ऐटकिन्स मैंगो भेंट किया। कलीमुल्ला खां ने एक ही पेड़ पर तीन सौ से ज्यादा किस्म के आम का पेड़ दिखाया जिस पर आम लगे है। सपा मुखिया अखिलेश यादव सन्नू फिरोज की नेताजी चाय की दुकान पर भी चाय पीने के लिए रूके। तहसील दफ्तर के पास यह दुकान काफी चर्चित है। रास्ते में अखिलेश यादव को बरगद का पौधा भी भेंट किया गया।

# जनता भाजपा के झूठ के फेर में आने वाली नहीं: सपा प्रमुख

● कहा, सरकार को श्वेतपत्र प्रकाशित करना चाहिए

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि उत्तर प्रदेश में भाजपा सरकार 2024 का लोकसभा चुनाव देखते हुए जनता को बरगलाने के लिए रोजाना प्रस्तावित योजनाओं की घोषणा कर रही है जबकि भाजपा सरकार के सवा छह साल में अब तक जनहित में एक भी योजना कार्यान्वित नहीं है। भाजपा सरकार की अब पोल खुल चुकी है। जनता भाजपा के झूठ के फेर में आने वाली नहीं है। अखिलेश ने कहा कि मुख्यमंत्री ने नए मेडिकल कॉलेज के प्रस्ताव कैबिनेट से पास किए हैं। उनके दावे तो यह भी है कि हर जिले में मेडिकल कॉलेज खुल रहे हैं। लेकिन हकीकत तो यह है कि जो पहले से मेडिकल कॉलेज चल रहे हैं उनमें भी दवाए इलाज का उचित प्रबन्ध नहीं है। 700 से ज्यादा डॉक्टरों का कोई अता पता नहीं हैं। प्रतिष्ठित किंग जार्ज मेडिकल कॉलेज और पीजीआई से विशेषज्ञ डॉक्टर इस्तीफा दे रहे हैं। संविदा पर भी अस्पतालों में डॉक्टर नहीं मिल रहे हैं। अखिलेश ने कहा कि सच तो यह है कि भाजपाराज में स्वास्थ्य सेवाएं बुरी तरह चरमरा गई हैं। अस्पतालों में मरीज इलाज के अभाव में मर रहे हैं। दवाएं नहीं मिल रही हैं। हर तरफ अफरातफरी का माहौल है। कोरोना संक्रमण काल में तो भाजपा सरकार ने लोगों को मरने के लिए खुला छोड़ दिया था। वेंटीलेटरए आक्सीजन की भारी कमी के चलते लोगों की जानें चली गई थी। लाशें जलाने का ठौर नहीं रहा। गंगा में लाशें तैरती दिखी थी।

# यूपी में एक महीने में मिली 11 हजार से अधिक युवाओं को नौकरी

## मुख्यमंत्री आज 936 युवाओं को विभिन्न विभागों में सौंपेंगे नियुक्ति पत्र

पायनियर समाचार सेवा। लखपनऊ

**योगी** सरकार ने पिछले छह वर्ष में छह लाख से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी दी। यही नहीं, सिर्फ बीते एक महीने पर नजर दौड़ाएं तो उत्तर प्रदेश के 11 हजार से अधिक युवाओं को सीएम योगी ने नियुक्ति पत्र सौंपा है।

सीएम योगी ने उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती व प्रोन्नति बोर्ड द्वारा चयनित 1148 पदों पर उपनिरीक्षकों को 6 जुलाई को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। इन पदों में 587 पद सहायक उपनिरीक्षक (लिपिक), 217 उपनिरीक्षक (गोपनीय), 344 सहायक उपनिरीक्षक (लेखा) शामिल हैं। ठीक दो दिन बाद 8 जुलाई को खिलाड़ी कोटे में चयनित 227 आरक्षियों को नियुक्ति पत्र दिया गया।

पिछले छह वर्षों में सिर्फ यूपी पुलिस विभाग में ही योगी सरकार की ओर से डेढ़ लाख से अधिक पदों पर भर्तियां की गई है। मृतक आश्रित के रूप में 2500 भर्तियां अतिरिक्त की गईं। सुरक्षा के दृष्टिगत पुलिस विभाग में यह भर्तियां काफी तेजी से हो रही हैं। वहीं सरकार ने खिलाड़ियों को भी प्रोत्साहित करते हुए सरकारी नौकरी से जोड़ा। कई खिलाड़ियों को राजपत्रित नौकरी दी गई।

सीएम योगी आदित्यनाथ का मानना है कि स्वास्थ्य व शिक्षा के क्षेत्र में यूपी को काफी समृद्ध करना है। इसलिए इन दोनों क्षेत्रों में न सिर्फअभूतपूर्व कार्य हुए बल्कि जून में ही सीएम योगी ने 7182 एएनएम स्वास्थ्य कार्यकत्रियों और एसजीपीजीआई में नवचयनित 1442 स्टॉफ नर्सों को भी नियुक्ति पत्र दिया। यही नहीं नियुक्ति के साथ सीएम योगी ने समय-समय पर युवाओं को सम्मान भी दिया। 9 जून को मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना में संघ लोकसेवा आयोग में 23 व उत्तर प्रदेश लोकसेवा आयोग में 95 चयनित अभ्यर्थियों का सम्मान समारोह भी आयोजित कर इन्हें गौरवान्वित किया गया। कोरोना काल में जब रफ्तार थम गई थी, तब भी सीएम योगी आदित्यनाथ ने बाहर से आने वाले लोगों के लिए रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए। पिछले पांच वर्ष में लगभग तीन करोड़ लोगों को भी रोजगार दिया गया। साथ ही ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के जरिए रोजगार व नौकरी के एक करोड़ नए अवसर भी मुहैया कराने को योगी सरकार संकल्पित है। पहली बार है जब सभी 75 जनपदों में निवेश के अवसर उपलब्ध कराए गए।

योगीराज में लगभग सवा लाख से अधिक महिलाओं को सरकारी नौकरी मिली। योगी सरकार ने नई एमएसएमई नीति-2022 लागू की। 2.35 लाख करोड़ की वार्षिक ऋण योजना प्रारंभ की। ओडीओपी-ई कॉमर्स पोर्टल पर लगभग 21 हजार से अधिक उत्पादों की बिक्री की गई। मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना से भी तकरीबन डेढ़ लाख रोजगार सृजित किए गए। कौशल विकास मिशन में विभिन्न ट्रेड्स में प्रशिक्षित करीब 10.20 लाख से अधिक युवाओं को रोजगार दिलाए गए।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार को भी युवाओं को नियुक्ति पत्र देंगे। लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम में सीएम 510 युवाओं को विभिन्न विभागों में नियुक्ति पत्र सौंपेंगे। इनमें 199 समीक्षा अधिकारी 183 कनिष्ठ सहायक परिवहन विभाग 128 कनिष्ठ सहायक निर्वाचन को नियुक्ति पत्र वितरित किए जायेंगे जब कि बाकी विभागों को चयनित अभ्यर्थियों को बाद में वितरित किए जायेंगे।

### जून व जुलाई में सीएम योगी की तरफ से दिए गए नियुक्ति पत्र

- 9 जून: 7182 एएनएम स्वास्थ्य कार्यकत्रियों को नियुक्ति पत्र वितरण
- 10 जून: एसजीपीजीआई में नवचयनित 1442 स्टॉफ नर्सों को दिया नियुक्ति पत्र
- 17 जून: 102 उद्यमी मित्रों को नियुक्ति पत्र व 232 करोड़ की प्रोत्साहन राशि का वितरण
- 6 जुलाई: लोकभवन में उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती व प्रोन्नति बोर्ड द्वारा चयनित 1148 पदों पर नियुक्ति पत्र किए वितरण
- 8 जुलाई: सीएम योगी ने लोकभवन में उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती व प्रोन्नति बोर्ड द्वारा कुशल खिलाड़ी कोटे में चयनित 227 आरक्षियों को दिया नियुक्ति पत्र

# एलडीए राजधानी के 4 विद्यालयों को बनाएगा मॉडर्न विद्यालय

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● एलडीए खर्च करेगा 5 करोड़ रुपये, अभ्युदय व मॉडल स्कूल के रूप में होंगे स्थापित

**लखनऊ** विकास प्राधिकरण ने बेसिक शिक्षा परिषद के अधीन आने वाले चार परिषदीय विद्यालयों को मॉडर्न विद्यालय बनाने का निर्णय लिया है। इन विद्यालयों में न केवल आधुनिक क्लासरूम के साथ ही बल्कि बेहतरीन लैब व विश्व स्तरीय दूसरे इंफ्रास्ट्रक्चर भी मिलेगा बल्कि इन विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों को प्राइवेट स्कूलों के बच्चों के बराबर आगे बढ़ने का मौका मिलेगा।

विभाग के अधिकारियों का कहना है कि बेसिक शिक्षा के प्राइमरी और जूनियर विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्र मॉर्डन तकनीक से जुड़ेंगे। यहाँ पर बच्चों के फिजिकल ग्रोथ को देखते हुए ओपन जिम के साथ ही, केमेस्ट्री, कम्प्यूटर लैब का निर्माण किया जाएगा। इसके तहत एनईपी के तहत लैंग्वेज लैब भी स्थापित होगी। इस दिशा में एलडीए द्वारा उतरेठिया स्थित प्राइमरी और जूनियर कंबाइंड विद्यालय के कार्यकाल का काम भी शुरू कर दिया गया है।

एडी बेसिक श्याम किशोर तिवारी ने बताया कि लखनऊ विकास प्राधिकरण राजधानी के चार विद्यालयों का कायाकल्प करेगा। इनके कायाकल्प में एलडीए तकरीबन 5 करोड़ रुपये खर्च करेगा। यह विद्यालय राजधानी में मॉडल व अभ्युदय विद्यालय के रूप में स्थापित होंगे। उन्होंने बताया कि इन विद्यालयों में बनने वाली लैब में आसपास के विद्यालयों के छात्र भी आकर प्रशिक्षण ले सकेंगे। विभाग से मिली जानकारी के अनुसार विद्यालय का भवन इंटीग्रेटेड बिल्डिंग के तहत बनाया जाएगा। विद्यालय में साइंस, मैथ और कम्प्यूटर लैब बनेगी, इसमें 20 कम्प्यूटर लगेंगे। जिसमें लैंग्वेज लैब भी स्थापित होगी। पांच कमरों में किचन शेड, गार्ड रूम के साथ ओपन जिम बनेगा, जिसमें खिलौने, झूले व स्लाइडर लगाए जाएंगे।

**बड़े कंबाइंड विद्यालयों को इस योजना में किया शामिल**

एडी बेसिक श्याम किशोर तिवारी ने बताया कि इसमें पहली से आठवीं कक्षा तक चलने वाले कम्पोजिट विद्यालय शामिल हैं। पहले यह काम स्मार्ट सिटी के तहत होना था। अब यह काम एलडीए करेगा। योजना के तहत एक विद्यालय बनाने पर तकरीबन 1.61 करोड़ रुपये खर्च होंगे। 6 महीने में काम पूरा होगा। इनमें उतरेठिया प्राइमरी स्कूल, निरालानगर प्राइमरी स्कूल, अमौसी जोन.1 प्राइमरी स्कूल और सरौसा.भरोसा, काकोरी प्राइमरी स्कूल शामिल है।

# सीएम ने वृक्षारोपण पर जन-प्रतिनिधियों से किया संवाद

**● मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में नगर निगम, शाहजहॉपुर से महापौर , समस्त पार्षदगण, जन-प्रतिनिधियों और नगर निगम से अपर नगर आयुक्त सहित निगम के अधिकारी कर्मचारीगणों ने किया सक्रिय प्रतिभाग**



**शाहजहांपुर।** नगर विकास विभाग उप्र शासन द्वारा वीडियों कान्फ्रेसिंग के माध्यम से प्रदेष स्तर पर स्थानीय निकाय के महापौर, समस्त पार्षदगणों, जनप्रतिनिधियों एवं निगम के अधिकारियों के साथ वृक्षारोपण हेतु संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। संवाद कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्यमंत्री द्वारा की गई, जिसमें मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेष स्तर पर जुड़ें विभिन्न निकायों के जन-प्रतिनिधियों से 2023-24 में वृक्षारोपण हेतु दिये गये लक्ष्य के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी ली गई।

मुख्यमंत्री द्वारा वृक्षारोपण महा-अभियान को सफल बनाने हेतु तथा प्रदेष को षुद्व वातावरण प्रदान करने, प्रकृति को संरक्षित करने एवं हर व्यक्ति इको षद्व ऑक्सीजन प्राप्त हो सकें इस हेतु वृहद् स्तर पर वृक्षारोपण किये जाने हेतु महत्वपूर्ण निर्देष प्रदान किये गये। जिसमें मुख्यमंत्री द्वारा नगर निगम अपने क्षेत्र में स्थित पार्को के चारों तरफ, नगर क्षेत्र में स्थित अमृत सरोवर के चारों ओर पौधों को रोपित कर सौन्द्रयीकरण कर सकते है, इससे जहॉ भविश्य में षुद्व ऑक्सीजन प्राप्त होगी, दूसरी ओर सौन्द्रयीकरण भी होगा।

मुख्यमंत्री द्वारा छायादार, फलदार व औशधि वाले पौधों को रोपित किये जाने हेतु सुझाव दिये गये। साथ ही मन्दिरों के आसपास, सड़क के दोनों साइड पौधों को वृहद् स्तर पर रोपित किया जायें, इस कार्यक्रम में नगर निगम से महापौर, समस्त पार्शदगण, सम्भ्रान्त नागरिकों, जन-प्रतिनिधियों द्वारा जन-सहयोग लेकर पौधों को रोपित किया जायें। साथ ही दिनांक 22.07.2023 को वन महोत्सव के अन्तर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम को आयोजन कर वृहद् स्तर पर वृक्षारोपण किया जायें। साथ ही प्रत्येक वार्ड में 1000 पौधों को लगाये जाने के साथ-साथ दिनांक 22 जुलाई 2023 को 50,000 से 5 लाख तक पौधों को रोपित किया जायें।

संवाद कार्यक्रम में मुख्यमंत्री द्वारा वृक्षारोपण के प्रति जन-जागरुकता की प्रंषसा की गई एवं वृक्षारोपण हेतु प्रोत्साहित किया गया। संवाद कार्यक्रम में उपस्थित नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री अरविन्द कुमार षर्मा द्वारा कहा गया कि पिछलें वर्शो की भांति इस वर्श भी वृक्षारोपण महा अभियान चलाकर पौधों को रोपित किया जायें एवं प्रदेष स्तर पर प्राप्त लक्ष्य के सापेक्ष अधिक से अधिक पौधों को लगायें। संवाद कार्यक्रम में अपर नगर आयुक्त एसके सिंह, सहायक नगर आयुक्त रष्मि भारती, मुख्य अभियंता निर्माण एसके अम्बेडकर, महाप्रबंधक जल सौरभ श्रीवास्तव, नगर स्वास्थ्य अधिकारी मनोज कुमार मिश्रा, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी राकेष कुमार सोनकर, सहायक अभियंता जल प्रेमचन्द्र आर्य एवं नगर निगम के अन्य अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

# पुलिस ने आठ करोड़ की अफीम पकड़ी

**● अफीम की तस्करी करने वाले पांच तस्करों को गिरफ्तार किया**

**संवाददाता।** शाहजहांपुर



**पुलिस** ने अफीम की तस्करी करने वाले पांच तस्करों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से आठ किलो अफीम बरामद की है। बरामद अफीम की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में आठ करोड़ रुपए बताई गई। थाना सेहरामऊ दक्षिणी पुलिस ने एसओजी की मदद से शाहाबाद रोड पर बीती रात मुखबिर की सूचना पर चेकिंग अभियान चलाया।

शाहाबाद की ओर से शाहजहांपुर की तरफ आ रही एक लग्जरी कार को पुलिस ने रोककर तलाशी ली तो, पुलिस ने कार के अंदर से आठ किलो अफीम बरामद की है। बरामद अफीम की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में आठ करोड़ रुपये बताई गई है।

पुलिस ने पांच तस्करों को गिरफ्तार किया है। पांचों आरोपी अफीम तस्कर तस्कर मनिंदर, कुलदीप, संदीप उत्तराखंड के उधम सिंह नगर, पवन कुमार झारखंड और इकबाल सिंह पीलीभीत का रहने वाला है। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने पुलिस को बताया कि, पिछले काफी समय से पांचों आरोपी अफीम की तस्करी कर रहे हैं। उत्तराखंड और पीलीभीत के रहने वाले तस्कर आपस में दोस्त हैं।

चारों तस्कर झारखंड के रहने वाले तस्कर की मदद से झारखंड में करने वाले अफीम की खेती करने वालों के संपर्क में आते हैं। झारखंड में बड़ी संख्या में लोग अफीम की खेती कर उसको सस्ते दामों पर तस्करों को बेच देते हैं। उसके बाद पांचों तस्कर अलग अलग प्रदेशों में रहने वाले अपने ग्राहकों को सप्लाई करते हैं। पुलिस आरोपियों से पूछताछ करने के बाद जेल भेजेगी। एसपी अशोक कुमार मीणा ने बताया कि, पांच अफीम तस्करों को गिरफ्तार किया है। तस्करों के पास से आठ करोड़ रुपये की अफीम बरामद की है। आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। उसके बाद उनको जेल भेजा जाएगा।

# छात्रा के ऊपर हाईटेंशन लाइन का तार टूटकर गिरा

**● गला और हाथ झुलसा इलाज के लिए भेजा**

**शाहजहांपुर।** थाना कलान क्षेत्र के गांव रूकनपुर गांव की रहने वाली दिव्या मोहन आदर्श इंटर कालेज की छात्रा साइकिल से स्कूल जा रही थी। अचानक छात्रा के ऊपर हाईटेंशन लाइन का तार टूटकर गिर गया करंट लगने से छात्रा का गला और हाथ झुलस गया। लोगों ने झुलसी छात्रा को फौरन सीसचसी पर इलाज के लिए भेजा। स्थानीय लोगों का आरोप है कि हाईटेंशन लाइन काफी जर्जर हो चुकी है। कई बार शिकायत करने के बाद भी बिजली विभाग के अधिकारियों ने कोई ध्यान नहीं दिया। फिलहाल छात्रा के पिता ने कलान थाना प्रभारी और एसडीएम को प्रार्थना पत्र भेजकर कार्रवाई की मांग की है।गनीमत रही कि छात्रा पूरी तरह से करंट की चपेट में नहीं आई। करंट लगने से छात्रा साइकिल समेत दूर जा गिरी। करंट की चपेट में आने से छात्रा का हाथ और गला झुलस गया। मौके पर कई अन्य छात्र छात्राएं स्कूल जा रही थीं।हादसे के बाद स्थानीय ग्रामीणों ने डंडे के सहारे से तारों को हटाया। उसके बाद ग्रामीणों ने छात्रा को सीएचसी पर इलाज के लिए भेजकर बिजली विभाग के अधिकारियों को सूचना दी। बता दें कि शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली के तारों की हालत काफी खराब है। लगातार लोग करंट की चपेट में आ रहे, लेकिन बिजली विभाग जर्जर बिजली के तारों पर कोई ध्यान नही दे रहा है।

# लखनऊ से आई टीम ने 108 व 102 एंबुलेंस सेवा के कर्मचारियों को दिया गहन प्रशिक्षण

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी



**108 व 102** एंबुलेंस सेवा में कार्यरत कर्मचारियों को इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन प्रशिक्षण बुधवार को सीएमओ ऑफिस सभागार में दिया गया। प्रशिक्षण में सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य क्षेत्रीय जनता को एंबुलेंस की बेहतर और गुणवत्तापूर्ण सेवा देना रहा। सभी कर्मचारियों को लखनऊ से आए ट्रेनर विजय बहादुर और ऑडिट टीम सुधीर सिंह द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।

सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता ने बताया कि शासन द्वारा 108 और 102 एंबुलेंस सेवा को और अधिक बेहतर और गुणवत्तापूर्ण किए जाने को लेकर लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इमरजेंसी मेडिकल टेक्निकल प्रशिक्षण इसी का एक हिस्सा है। इस प्रशिक्षण में लखनऊ से आए ट्रेनर विजय बहादुर और सुधीर सिंह द्वारा सभी कर्मचारियों को एंबुलेंस सेवा से जुड़ी सभी टेक्निकल पहलुओं और कोआर्डिनेशन सहित आम जनमानस को दी जा रही सेवाओं और उनसे बेहतर व्यवहार किए जाने सहित इमरजेंसी स्थित में उपचारए एंबुलेंस सुधार सहित अन्य तमाम जानकारियां दी गई। जिसके माध्यम से 108 और 102 की एंबुलेंस सेवा को आम जनमानस के लिए और बेहतर किया जा सकेगा। इस दौरान डिप्टी सीएमओ डॉ धनीराम भार्गव सहित 108 के जिला प्रभारी उबैद शारिक, प्रोग्राम मैनेजर शिवेंद्र मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

## खादी ग्रामोद्योग दे रहा स्वरोजगार का मौका दोना पत्तल बनाने के लिए फ्री में मिलेगी मशीन, 20 जुलाई तक करें आवेदन

**लखीमपुर खीरी।** यूपी खादी ग्रामोद्योग बोर्ड अब गांव में छोटे.मोटे लघु उद्योग स्थापित करने के लिए परंपरागत कारीगरोंए शिक्षित बेरोजगारों को विभिन्न तरह की मशीन टूल किट निशुल्क में उपलब्ध कराएगा। जनपद खीरी को खादी नीति के तहत दस.दस मोटराइज्ड दोना पत्तल मशीन तथा पॉपकार्न मेकिंग मशीन का वितरण किये जाने के लिए लक्ष्य निर्धारित किया गया। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी डीके श्रीवास्तव ने बताया कि जिले के ग्रामीण क्षेत्र में निवास करने वाले दोना पत्तल उद्योग में रूचि रखने वाले एवं पॉपकार्न बनाने वाले भुर्जी समाज के कारीगर एवं इस उद्योग में रूचि रखने वाले अन्य व्यक्तियों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। इच्छुक अभ्यर्थी 20 जुलाई तक आनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किये है। आन लाइन आवेदन हेतु वेबसाइट की आन लाइन सेवाओं के अन्तर्गत आनलाइन टूलकिट्स पंजीकरण एवं आवंटन पर आनलाइन अपलोड किया जा सकता है। आवेदक को आवेदन पत्र के साथ नवीनतम फेटोए आधार कार्डए जाति प्रमाण पत्रए राशन कार्ड अथवा परिवार आई डीए अनुभव प्रमाण पत्रए निवास प्रमाण पत्रए आय प्रमाण पत्र के साथ अपलोड किया जाना है। आवेदन का चयन उप्र खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्डए लखनऊ द्वारा गठित कमेटी करेगी।

## क्विक न्यूज

### बिजली विभाग की बिजलेंस टीम ने खटखटाया दरवाजा तो सदमे में हो गई महिला की मौत

**बरेली।** सुबह बिजली की चेकिंग के दौरान विजिलेंस टीम की पुलिस को देख कर महिला की मौत हो गई, परिवार वालों ने बिजली विभाग पर आरोप लगाते हुए थाना बारादरी पुलिस को बताया पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम को भेजा। थाना बारादरी क्षेत्र के मोहल्ला रोहली टोला निवासी 50 बर्षीय महिला सरवर जहां अपनी 15 बर्षीय माहीन बेटी के साथ रहती है सरवर जहॉं के पति साईन खान का इंतकाल हो चुका है घर मे बेटी माहीन मां दोनो साथ रहती है । सुबह 7रू00 बजे विजिलेंस की टीम बिजली की चेकिंग कर रही थी उसी दौरान महिला सरवर जहां का दरवाजा खटखटाया ऊपर से उनकी बेटी माहीन ने देखा उसने अंदर जाकर अपनी मां सरवर जहॉं को बताया दरवाजे पर बहुत पुलिस है माहीन ने दरबाजा खोला पुलिस घर मे गई इतनी देर में सरवर जहॉं की मौत हो गई। परिजनों के आरोप है कि पुलिस ने जोर से दरबाजा खटखटाया डंडे मारे दरबाजा में, लड़की ने दरबाजा खोला पुलिस घर में गई पुलिस को देखकर महिला घबरा गई जिसकी बजह से मौत हो गई बिजली विभाग की टीम पर आरोप लगाते हुए थाना बारादरी पुलिस को शिकायत की है । पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेजा। खबर लिखे जाने तक परिवार वालों ने पुलिस को तहरीर नहीं दी थी।

### अमरनाथ दर्शन कर लौट रहे तीर्थयात्री की मौत

**मोहम्मदी खीरी।** मोहम्मदी से अमरनाथ गुफा के दर्शन के लिए 2 जुलाई को 58 सदस्सीय एक दल अमरनाथ दर्शन के लिए निकला था। जिसको क्षेत्रीय विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह ने पूजा अर्चना करने के बाद रवाना किया था। अमरनाथ गुफा के दर्शन के बाद एक तीर्थयात्री सुनील कुमार एडवोकेट (46 वर्ष) निवासी ग्राम बरा थाना मोहम्मदी की श्रीनगर कश्मीर में अमरनाथ यात्रा से वापस आते समय हार्ट अटैक से आकस्मिक मृत्यु हो गई। साथियों ने फौरन क्षेत्रीय अस्पताल में दिखाया परंतु बच नहीं सके। जिनका पार्थिव शरीर आज उनके घर लाया गया। शव आते ही परिजनों में कोहराम मच गयाए तथा क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई तथा शव के अंतिम दर्शन के लिए उनके घर पर गांव बरा में भारी संख्या में लोग पहुंच गएएसभी ने नम आखों से विदाई दी फर्रुखाबाद घाट पर अंतिम संस्कार किया गया परिवार का रो रो कर बुरा हाल है।

### ओडीओपी योजना रू दस दिवसीय प्रशिक्षण के लिए 25 जुलाई तक करे ऑनलाइन आवेदन

**लखीमपुर खीरी।** उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन निदेशालय से प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में ष्एक जनपद एक उत्पादष् कार्यक्रम के तहत दक्षताए कौशल विकासए उद्यमिता विकास प्रशिक्षण व टूलकिट वितरण योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023.24 में प्रशिक्षण एवं टूलकिट वितरण सम्बन्धी प्रशिक्षण योजना संचालित है। उक्त आशय की जानकारी उपायुक्त उद्योग संजय सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि योजनान्तर्गत गुड उत्पाद एवं जनजातीय शिल्प ;थारू काफ्टद्ध से सम्बन्धित 10 दिवसीय प्रशिक्षण हेतु आवेदन पत्र ऑनलाइन बेबसाइट पर यथा ट्रेडद्गुड उत्पाद एवं जनजातीय शिल्प ;थारू काफ्टद्ध से सम्बन्धित कारीगरों द्वारा ऑनलाईन आवेदन करने की तिथि 25 जुलाई तक नियत हैं। आवेदन ऑनलाईन ही मान्य होगा। आफलाईन आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जायेगें। विस्तृत जानकारी हेतु किसी भी कार्य दिवस में जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्रए लखीमपुर खीरी से सम्पर्क स्थापित कर सकते है।

### तीन दिन से मृत पड़ी गाय माता, महिला प्रधान ने किया दुर्व्यवहार गुस्साई भीड़ ने लगाया जाम

**बरेली ।** लाल फाटक पुल के पास गाय माता तीन दिन से मृत पड़ी हुई थी जिसे कुछ संगठन के लोगों ने गाय का अंतिम संस्कार करने के विषय में सोचा संगठन के लोगों का कहना है कि प्रशासन से हर प्रकार की मदद मांग ली परंतु 24 घंटे हो चुके हैं कोई भी मदद समय पर नहीं मिली और गाय तीन दिन तक ऐसे ही पड़ी हुई है सहायता के लिए संगठन के लोग प्रधान के पास भी गए लेकिन महिला प्रधान द्वारा हमारे साथ दुर्व्यवहार किया गया अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया गया और साथ ही हाथ और डंडा उठाया गया। जिसके बाद गुस्साए लोगों ने लाल फाटक पुल पर चक्का जाम कर दिया और आने जाने वाली गाड़ियों को रोक दिया मौके पर आई पुलिस समझाने लगी लेकिन फिर भी लोग नहीं माने जिसके बाद सांसद धर्मेंद्र कश्यप की बेटी कीर्ति कश्यप बीडीओ की टीम पुलिस प्रशासन के साथ वहां पहुंची और मामले को शांत किया लोगों ने कीर्ति कश्यप की बात मान ली और पूरा रोड खोल दिया लेकिन साथ में यह मांग की कि जिस प्रधान द्वारा दुर्व्यवहार किया हाथ उठाया गया उसे हम से माफी मांगनी होगी कृति कश्यप ने दिलासा दिलाया कि जो गलत है वो गलत है और हम खुद इस बात के खिलाफहै जो भी उच्च कार्यवाही होगी वह की जाएगी। जिसके बाद पूरा रोड खोल दिया गया जिससे आवागमन फिर से शुरू हो गया।

### समिट रिसर्च प्रोग्राम के लिए आवेदन मंगा

**कानपुर।** प्रीमियर शोध केंद्रित संस्थान शूलिन यूनिवर्सिटी ने शैक्षणिक वर्ष 2023 के लिए अत्यधिक प्रतिस्पर्धी समिट रिसर्च प्रोग्राम के लिए आवेदन मंगा हैं। एसआरपी अग्रणी अंडरग्रेजुएट प्रोग्राम हैए जो विद्यार्थियों को अत्याधुनिक शोध में संलग्न होने का अवसर प्रदान करता है और वैज्ञानिक, शिक्षाविद एवं उद्यमी बनने की उनकी क्षमता का विकास करता है। फाउंडर एवं चांसलरए प्रोफेसर पीके खोसला ने कहाए ष्हमारा एसआरपी विज्ञान के विद्यार्थियों को बीटेक करने और विदेशों में सर्वोच्च संस्थानों में पढ़ने या उच्च स्तर की शोध करने का अवसर प्रदान करता है।

### लोकप्रिय हो रहे हैं उत्पाद

**लखनऊ।** आईकोडू ने दो प्रोडक्ट आईकोडू बड्स वन और बड्स जेड लॉन्च किये। इस परिणाम पर अपनी खुशी व्यक्त करते हुए मुख्य कार्यकारी अधिकारी पवनीत सिंह ने कहा, कुछ ही समय में बिक्री के यह नतीजे हमारे उत्पाद की गुणवत्ता को दर्शाते हैं। देशभर में हमारे प्रोडक्ट्स को सराहा जा रहा है और विशेषकर उत्तरप्रदेश राज्य के परिणाम भविष्य में हमें उपभोक्ताओं को बेहतर ऑडियो अनुभव प्रदान कराने के साथ.साथ उच्च गुणवत्ता वाले ऑडियो उपकरणों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए प्रेरित करेंगे।

### रवीन्द्र कुमार सिंह भारी मतों से सर्किल महासचिव विजयी हुए

**बरेली।** लखनऊ में सम्पन्न हुए आयकर कर्मचारी महासंघ पूर्वी उ प्र सर्किल लखनऊ के द्विवार्षिक चुनाव में रवीन्द्र कुमार सिंह भारी मतों से सर्किल महासचिव विजयी हुए। आयकर कर्मचारी महासंघ पूर्वी उ प्र सर्किल लखनऊ के इतिहास में यह पहला अवसर था कि लखनऊ से बाहर का कोई प्रत्याशी संघ के इस सर्वोच्च पद (महासचिव) पर चुनाव लडा और भारी मत से जीत गया। इसके पहले लगातार 16 वर्षों से बरेली जोन के जोनल सचिव के पद पर निर्वाचित होते रहे हैं। जोनल सचिव बरेली के पहले शाखा सचिव शाहजहाँपुर रहे थे। रवीन्द्र कुमार सिंह कन्फेडेरेशन आफसेन्ट्रल गवर्नमेंट इम्प्लाईज एवं वर्कस उ प्र के महासचिव भी हैं। 18 वर्षो के बाद हुए इस संघर्षपूर्ण चुनाव में अध्यक्ष संतोष मिश्रा , महासचिव - रवीन्द्र कुमार सिंह , कोषाध्यक्ष - एस बी राजभर, जोनल सचिव बरेली रामपाल सिंह, जोनल सचिव प्रयागराज - योगेश्वर राय, जोनल सचिव लखनऊ - विवेक सक्सेना, सहायक जोनल सचिव वाराणसी - जी के बरूआ, सहायक जोनल सचिव अयोध्या - राज कुमार मिश्रा, सहायक जोनल सचिव गोरखपुर - आशुतोष तिवारी, सहायक जोनल सचिव हल्द्वानी - धीरज कुमार, सहायक जोनल सचिव मुरादाबाद - पमित कुमार विजयी घोषित किए गए।

## बाबा ने पुलिस से सांड को बरामद करने और आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की

**बरेली।** थाना बहेड़ी क्षेत्र के ग्राम भोजपुर निवासी बाबा बाबूराम पुत्र खूबचंद ने थाना बहेड़ी में एनसीआर दर्ज कर सांड को बरामद करने और आरोपियों पर कार्रवाई की जिला अधिकारी से मांग की है। बाबूराम ने बताया मेरा जमुना गिरी अखाड़ा से संबंध है 13 मई को शाम 5रू00 बजे ग्राम भोजपुर बेगुल नदी के पास आवारा सांड को ग्राम भोजपुर के नबी अहमद पुत्र जमील, जमील अहमद पुत्र नत्थू बख्स, नबी अहमद का लड़का दो अन्य पशु वध करने की नियत से घेर रहे थे इन लोगों के पास छुरी, रस्सी , फरसा हाथों में थे इन लोगों के सांड कब्जा में नहीं आ रहा था। नबी अहमद ने सांड के भाला मार दिया विरोध किया तभी गंदी गालियां देते हुए मेरे साथ मारपीट की सोर सुनकर गांव के कुछ लोग आ गए तभी जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। तब से लाल रंग का सांड गायब है थाना बहेड़ी में लोगों के खिलाफ तहरीर दी और सांड को बरामद करने की मांग की पुलिस ने एनसीआर दर्ज कर ली।

# सीएम ने चेयरमैन व सभासदों से किया वीडियो कांफ्रेंसिंग संवाद



**संवाददाता।** सिंगाही खीरी

**बुधवार** को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नगर पंचायत चेयरमैन मोहम्मद क्य्यूम व वार्ड के सभासदों से वीडियो कांफ्रेंस के जरिये संवाद किया।

नगर पंचायत कार्यालय में पौधरोपण को लेकर सीएम योगी आदित्यनाथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए नगर पंचायत चेयरमैन और सभासदों से संवाद किया। प्रदेश में पौधरोपण अभियान को सफल बनाने के लिए शासन की ओर से सभी को वृहद पौधरोपण करने के लिए कहा। जिसमें राष्ट्रीय वृक्ष बरगद के साथ देशज पौधे पीपल, पाकड़, नीम, बेल, आंवला, आम, कटहल और सहजन जैसे औषधीय पौधों को वरीयता देने को कहा। इस दौरान अधिशासी अधिकारी अवधेश कुमार मिश्रा, सभासद रामजी गुप्ता, आशीष भंडारी राहुल गुप्ता प्रभात शुक्ला, आफाक हुसैन सहित सभी सभासदों ने उपस्थित होकर मुख्यमंत्री के संवाद को सुना।

# हिंदुस्तान स्काउट गाइड ने लगाया सेवा शिविर, शिवभक्त हुए गदगद



**बरेली।** हिंदुस्तान स्काउट गाइड के छात्र छात्राओं ने सावन के प्रथम सोमवार को अलखनाथ मंदिर पर समाज सेवा शिविर लगाया। स्काउट गाइड ने मंदिर के मुख्य दर्शन स्थल से मुख्य मार्ग तक पूरी लाइन बनाकर भक्तजनों को जल चढ़ाने मे पूरा सहयोग दिया एवं एक एक व्यक्ति को लाइन बनाकर मंदिर मे पहुंचाया। मंदिर परिसर मे किसी भी वाहन को अंदर नहीं आने दिया। सीओ थाना किला राजकुमार मिश्र , किला थाना प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) राजीव कुमार थाना प्रभारी ने सेवा को देखते हुए प्रशंसा की स्काउट गाइड सेवा की सराहना की इस बीच अपर जिला अधिकारी नगर का दौरा भी हुआ । सभी ने स्काउट गाइड का उत्साहवर्धन किया। शिविर मे 27 बालिकाएं तथा 15 बालक 5 गाइड कैप्टन 3 स्काउट मास्टर कुल 50 स्काउट गाइड रहे इनमें जिला संगठन आयुक्त अदिति सिंह, राखी,पायल, सोनम, रश्मि, प्रिया आदि रहे। स्काउट वर्ग में अभिषेक वर्मा, अभय, कुलदीप, शिवम आदि है।

इस अवसर पर संस्था के प्रादेशिक संगठन आयुक्त स्काउट हिमांशु सक्सेना, सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त गाइड बरेली मंडल अलका मिश्रा के नेतृत्व में कार्यक्रम को सफल बनाया गया जिला अध्यक्ष राजीव शर्मा ने सभी स्काउट गाइड को संबोधित करते हुए कहा कि आप लोगों की तरह सेवा अन्य कोई भी संस्था नहीं कर सकती है आपके अंदर लगन है सेवा की भावना है जिला मुख्य आयुक्त एस पी सोराखिया जिला स्काउट कमिश्नर सुबोध अग्रवाल, महानगर सचिव रोहित राकेश जिला गाइड कैप्टन बबीता अग्रवाल जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद नबी उपस्थित रहे ।

# दुराचार करने वाले आरोपी को थाने से छोड़ने पर शाही एसओ सस्पेंड

**बरेली।** छेडछाड और पॉक्सो के आरोपी को थाने से छोड़ने के मामले में बरेली एसएसपी प्रभाकर चौधरी ने एसओ शाही बलवीर सिंह को सस्पेंड कर दिया है। पिछले दिनों शाही थाने में छेड़छाड़ और पॉक्सो का मुकदमा दर्ज हुआ था।इस मामले में नामजद अभियुक्त को विवेचक ने पकड़ लिया लेकिन थाना प्रभारी ने उसे थाने से ही छुड़वा दिया। एसएसपी प्रभाकर चौधरी ने इसकी जांच कराई और एसओ बलवीर सिंह को सस्पेंड कर दिया है। नाबालिग से दुराचार के मामले में आरोपी को 5 जून को हिरासत में लेकर एक रात थाने में बैठा कर अगले दिन छोड़ने के मामले में शाही एसओ बलवीर सिंह को बरेली एसएसपी प्रभाकर चौधरी चौधरी ने सस्पेंड कर दिया। महिला जैसे संवेदनशील अपराध और आइजीआरएस में निस्तारण करने व लापरवाही बरतने में यह कार्रवाई की गई है। देर रात एसएसपी प्रभाकर चौधरी ने गौकशी की घटनाओं को रोकने में नाकाम साबित हो रहे। भोजीपुरा इंस्पेक्टर अजय पाल सिंह और देवरनियां इंस्पेक्टर इंद्र कुमार को थाने से हटा दिया था। इसके कुछ देर बाद ही एसएसपी प्रभाकर चौधरी ने संवेदनशील महिला अपराध के मामले में लापरवाही और लीपापोती करने के मामले में शाही एसओ बलबीर सिंह पर गाज गिरा दी। बता दें कि शाही थाने में नाबालिक से दुराचार के मामले में एक मामला दर्ज किया गया था। इस मामले में शाही पुलिस ने 5 जून को नामजद आरोपी को पकड़ कर थाने लाई थी। जहां आरोपी को पूरा एक दिन थाने में रखने के बाद एसओ बलवीर सिंह ने उसे छोड़ दिया था। इस मामले में पीड़ित पक्ष ने पुलिस अधिकारियों से शिकायत की थी। जिसके बाद से ही शाही एसओ बलबीर सिंह के खिलाफ जांच चल रही थी। जिसमें दोषी पाए जाने के बाद एसएसपी प्रभाकर चौधरी ने एसओ बलबीर सिंह को सस्पेंड कर दिया।

# शिक्षक समस्याओं को लेकर बैठक

**● शिक्षक समस्याओं और उनकी कार्य क्षमताओं से भलीभांति परिचित**



**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ द्वारा शिक्षक समस्याओं को लेकर आयोजित बैठक में नवागत बीएसए और वित्त एवं लेखाधिकारी ने प्राथमिकता के आधार पर समाधान हेतु कार्यवाही का आश्वासन दिया। महानगर के एक होटल में संघ के प्रांतीय महामंत्री एवं जिला अध्यक्ष संजय सिंह की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में मुख्य अतिथि नवागत बीएसए रणवीर सिंह ने कहा कि मैं शिक्षक रहा हूं इसलिए शिक्षक समस्याओं और उनकी कार्य क्षमताओं से भलीभांति परिचित हूं और यह भी जानता हूं कि अधिकांश शिक्षक हमेशा शासन एवं अधिकारियों के आदेशों का तन्मयता से अनुपालन करते हैं। जनपद के शिक्षकों की जो भी समस्या है उन्हें अतिशीघ्र निस्तारित किया जायेगा। नवागत वित्त एवं लेखाधिकारी बेसिक शिक्षा विभा यादव ने कहा मैं शिक्षा परिवार से जुड़ी रही हूं इससे पूर्व माध्यमिक शिक्षा में थी इसलिए मेरी प्राथमिकता होगी कि मेरे कार्यालय में शिक्षकों के कोई कार्य शेष न रहे । संघ के प्रांतीय महामंत्री संजय सिंह ने कहा कि वर्तमान में संघ का प्रथम लक्ष्य पुरानी पेंशन बहाली है लेकिन साथ ही हम सभी शिक्षकों को यह भी ध्यान रखना चाहिए कि धीरे धीरे हमारे अधिकारों पर भी जो कैंची चल रही है उसका भी विरोध करना है हमारे पद समाप्त किये जा रहे वेतन आयोग समाप्त किया गया जाने कितने देय भत्ते समाप्त किये गये , कैश लेश चिकित्सा से वंचित किया जा रहा है, दोषपूर्ण स्थानांतरण नीति के कारण हजारों शिक्षकों का स्थानांतरण उनके गृह जनपद नहीं हुआ जबकि सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाऐ शासन एवं विभाग के आदेशानुसार सभी कार्य को प्राथमिकता के आधार पर करते हैं गत शैक्षिक सत्र में विभाग द्वारा निर्धारित नामांकन लक्ष्य से अधिक छात्रध्छात्रों का नामांकन शिक्षकों ने किया , निपुण लक्ष्य प्राप्त करने के लिए शिक्षक लगातार परिश्रम कर रहे हैं बगैर सरकारी लैपटॉप टैबलेट और बगैर डाटा के पूरे प्रदेश का शिक्षक स्वयं डाटा एंट्री और दर्जनों ऐप के माध्यम से सूचना दे रहा है लेकिन फिर भी शिक्षकों के अधिकारों हनन करते हुए उन्हें अधिकारों से वंचित किया जा रहा है।

## अधेड़ उम्र के व्यक्ति पर नाबालिग साली को भगाने का आरोप

**संवाददाता।** सीतापुर

**कहते हैं** प्यार की कोई उम्र नहीं होती है। ऐसा ही एक मामला थाना थानगांव क्षेत्र से आया है। जहां अधेड़ उम्र के व्यक्ति पर नाबालिग साली को भगाने का आरोप लगा है। मामले में पिता की तरफ से थानगांव थाने में मुकदमा भी दर्ज कर लिया गया है। पीड़ित पिता ने लड़की ढूंढने के नाम पर थानगांव थाने में तैनात दरोगा पर 20 हजार रुपये घूस लेने का आरोप भी लगाया है। थाना थानगांव इलाके के देवरिया गाँव के रहने वाले किशोरीलाल पुत्र ठुन्ना का आरोप है कि उसकी 13 वर्षीय बेटी गोल्डी को उसके भाई का दामाद थाना रामपुर मथुरा क्षेत्र के बांधपुरवा मजरा गौरा सोनू टेलर पुत्र परसादी 1 जून को बहला फुसलाकर भगा ले गया। इंस्पेक्टर थानगांव रामप्रकाश ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पैसे लेने का आरोप निराधार है।

# 35 करोड़ पौधों का रोपण कर उत्तर प्रदेश बनायेगा नया कीर्तिमानः योगी आदित्यनाथ

● वर्चुअल वेबिनार में सीएम ने दिया 'पेड़ लगाओ-पेड़ बचाओ' का संदेश

● मुख्यमंत्री का संकल्प है हरित उत्तर प्रदेश बनाना- चित्रकूट सांसद



**संवाददाता।** चित्रकूट

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने बुद्धवार को वर्चअल वेबिनार के माध्यम से प्रदेश के जनप्रतिनिधियों,अधिकारियों एवं आमजनमानस के साथ जुड़कर वन महोत्सव-2023 को जनांदोलन का रूप देकर ऐतिहासिक बनाने की अपील की। सीएम योगी ने कहा कि आम जन की अधिक से अधिक सहभागिता से ही 'हरित उत्तर प्रदेश' का लक्ष्य पूरा हो सकेगा।

बुद्धवार को चित्रकूटधाम नगर पालिका कर्वी के टाउन हाल में मुख्यमंत्री के पौधारोपण महाअभियान 2023 को लेकर आयोजित वेबिनार को बांदा-चित्रकूट सांसद आर के सिंह पटेल, नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता एवं भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रप्रकाश खरे, अधिशाषी अधिकारी लालजी यादव आदि की मौजूदगी में सैकड़ों लोगों द्वारा सुना गया। वेबिनार में सीएम योगी ने कहा कि हमें 22 जुलाई को 'वन महोत्सव' के रूप में मनाते हुए एक दिन में 35 करोड़ पौधे लगाने हैं। 'पेड़ लगाओ-पेड़ बचाओ' के संदेश से जन-जन को जोड़ना होगा।

वहीं सांसद आर के सिंह पटेल ने कहा कि सीएम योगी आदित्यनाथ का संकल्प 'हरित उत्तर प्रदेश बनाना है। जिसमें हर व्यक्ति की सहभागिता अत्यंत आवश्यक है। चेयरमैन नरेंद्र गुप्ता ने नगर पालिका के अधिकारियों और कर्मचारियों को सीएम के संदेश को जनजन तक पहुंचाने का संकल्प दिलाते हुए वृक्षारोपण महाअभियान में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि सीएम योगी ने मनरेगा के अंतर्गत निजी खेत की मेड़ पर पौधारोपण को प्रोत्साहित करने के लिए 'मुख्यमंत्री कृषक वृक्ष धन योजना' लागू की है। मनरेगा का लाभार्थी यदि अपनी भूमि पर न्यूनतम 200 पौधे लगाकर उनका संरक्षण करता है, तो उसे सरकार द्वारा तीन वर्षों में 50 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी।

## संजय कुमार बने जनपद के नये अपर जिलाधिकारी



**उरई,** जालौन। बनारस जिले में अपर जिलाधिकारी के पद पर तैनात रहे संजय कुमार ने 9 जुलाई को जनपद के अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व पद का उत्तरदायित्व संभालने के उपरांत अनौपचारिक वार्ता के दौरान उन्होंने बताया कि उनकी प्राथमिकता शासन और प्रशासन की नीतियों के अनुकूल लोक हित के कार्यों को प्रमुखता के साथ करने की है। जनहित से जुड़े जो भी कार्य उनके समक्ष आते हैं उनका वह तत्परता के साथ संपादन करेंगे। आज बुधवार को जहां एक और अधीनस्थ कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए तो वहीं कुछ मामलों में तो स्पष्ट कर दिया कि जनहित से जुड़े किसी भी मामले में वह किसी की भी लापरवाही को कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे।

## अमृत सरोवरों में कराएं अधिक से अधिक पौधरोपणः डीएम

● पाक्षिक समीक्षा बैठक में डीएम अभिषेक आनंद ने दिये निर्देश



**संवाददाता।** चित्रकूट

**जिलाधिकारी** अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में कायाकल्प अभियान, मनरेगा कार्य व अमृत सरोवर, खेल मैदान, ग्राम पंचायत में लाइब्रेरी स्थापना, अटल भूजल आदि के संबंध में पाछिक समीक्षा बैठक जिला कलेक्ट्रेट के सभागार में संपन्न हुई।

बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि जितने भी आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत अमृत सरोवर व अटल भूजल तालाब बनाए गए हैं वहां पर अधिक से अधिक वृक्षारोपण कराएं। उन्होंने डीसी मनरेगा को निर्देशित किया कि इनलेट आउटलेट पर विशेष ध्यान दें। जिससे कि पानी की समस्या न हो। उन्होंने सभी बीडीओ से कहा कि जिन तालाबों में काई या गंदगी है उसकी भी सफाई कराएं। उन्होंने डीसी मनरेगा से खेल मैदान के प्रगति के बारे में जानकारी लिए एवं कहा कि इसे जल्द से जल्द पूरा कराएं। लाइब्रेरी के संबंध में उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया कि इसमें पुस्तको की उपलब्धता जहां नहीं है वहां कराएं जिससे कि छात्र-छात्राएं वहां पर आकर पढ़ें ।

## नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता ने सुनीं जनता की समस्याएं



**चित्रकूट।** नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता ने बुद्धवार को जनता दरबार लगाकर क्षेत्रीय जनता की समस्याएं सुनी। साथ ही सम्बंधित अधिकारियों को एक सप्ताह के अंदर जनता की समस्याओं का निराकरण करने के निर्देश दिये। बुद्धवार को नगर पालिका कार्यालय में चेयरमैन ने अधिशाषी अधिकारी लालजी यादव, सफाई निरीक्षक कमलाकांत शुक्ला,अवर अभियंता संतोष सिंह राठौर, प्रकाश निरीक्षक अशरफ खान आदि की मौजूदगी में जनता दरबार लगाकर क्षेत्र के सभी 25 वार्डो से आयी जनता की समस्याएं सुनी। इस दौरान आशा देवी,नमन तिवारी,उमाशंकर,मातादीन जोशी, चमेलिया निषाद,गीता देवी एवं ममता आदि ने जलभराव एवं पेयजल की समस्या बताई।जिस पर पालिका अध्यक्ष श्री गुप्ता ने सफाई निरीक्षक को विशेष टीम लगाकर वार्डो की जलभराव की समस्या का एक सप्ताह के अंदर निराकरण कराने के निर्देश दिये। साथ ही संक्रामक बीमारियों की रोकथाम के लिए नालियों की सफाई के साथ-साथ एंटी लार्वा का छिड़काव करने को कहा।

## आरएलडी जिलाध्यक्ष ने किसानों के साथ एडीएम को सौंपा ज्ञापन



**उरई,** जालौन। राष्ट्रीय लोक दल के जिला अध्यक्ष विपिन शिवहरे (रुव गुप्ता) के नेतृत्व में आज बुधवार को ग्राम औंता के अजयपाल सिंह, बलवीर सिंह, जितेंद्र, लालसिंह, महाराज सिंह, रंजीत सिंह, गोविंद सिंह, संजय सिंह सहित दर्जन किसानों के साथ कलेक्ट्रेट पहुंच कर अपर जिलाधिकारी को ज्ञापन देते हुए बताया कि ग्राम औंता में पावरहाउस है। जिसमें तीन फीडर लगे हुए है। जिनकी सप्लाई ग्राम लहूरा, अमगुवां, चक जगदेवपुर, बनफरा व पडूली में की जाती है तथा फीडर नम्बर दो से ग्राम औंता, जगतपुरा, हजरतपुरा, सिहारी, ककहरा, बिनौरा व पटटीपुरा में की जाती है। परंतु पिछले दो हफ्ते से उपरोक्त तीनों फीडर खराब होने से सभी गांव प्रभावित हो रहे हैं जिसकी बजह से ग्रामीणों को बहुत परेशानी का सामना करना पड़ रहा है तथा किसानों की धान की फसल को बहुत नुकसान हो रहा जिससे किसान अत्यधिक परेशान है। इस मामले को लेकर अधिशाषी अभियंता को भी अवगत कराया पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। किसानों ने कहा कि अगर बिजली की सप्लाई में सुधार नहीं होता है। तो इस समस्या को लेकर सड़क जाम करने को बाध्य होना पड़ सकता है।

## राजमार्ग कर्मचारियों ने कराया पौधरोपण



**कालपी,** जालौन। कालपी उपजिलाधिकारी केके सिंह के मुख्य आतिथ्य में जोल्हूपुर मोड़ मोतीनगर मे राष्ट्रीय राजमार्ग के विभागीय अधिकारियों कर्मचारियों ने एक वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया और डिवाइडर के बीच मे पौधारोपण कराया। एस.डी.एम.कालपी श्री सिंह ने कहा पौधे प्राकृतिक वातावरण को शुद्ध रखने मे सहायक होते है। इसलिए हम सभी को अपना-अपना योगदान सुनिश्चित करना चाहिए। मेरा मानना है की एक परिवार एक वृक्ष का नारा देकर हम सभी को इसे अमली जामा पहनना चाहिए यदि हम सभी आज से एक एक छायादार वृक्ष लगाकर उसकी देखरेख परिवार के सदस्य की भांति शुरू करें तो शायद ऑक्सीजन की दिक्कत का सामना नहीं करना पड़ेगा यह वृक्ष ही है जो बाढ़ से बचाते हैं। बारिश समय से कराने में सहायक हैं और दूसरे वातावरण को स्वच्छ करने में सहायक हैं।

## अवैध हथियार फैक्ट्री का पुलिस ने किया भंडाफोड़, एक गिरफ्तार

● अधबने असलहे व उपकरण बरामद



**संवाददाता।** फतेहपुर

**नवांगत** पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह के जिले का चार्ज संभालते ही मलवां व एसओजी द्वितीय टीम ने अवैध शस्त्र फैक्ट्री का भंडाफोड़ कर कप्तान को तोहफा देने का काम किया। एसपी ने बताया कि मलवां पुलिस व एसओजी टीम द्वितीय ने पनई इनायतपुर गांव में खंडर पड़े मकान में चल रही अवैध शस्त्र फैक्ट्री का भंडाफोड़ करते हुए एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से बड़ी मात्रा में बने व अधबने असलहों के साथ ही उपकरण बरामद किए हैं। पत्रकारों से बातचीत करते हुए नवांगत पुलिस अधीक्षक उदय शंकर ने बताया कि क्षेत्र में कानून व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त रखने के उद्देश्य से मलवां पुलिस व एसओजी टीम द्वितीय गश्त कर रही थी। तभी मुखबिर की सूचना पर पनई इनायतपुर गांव में कब्रिस्तान के समीप खंडहर पड़े मकान में छापा मारकर अवैध शस्त्र फैक्ट्री पकड़ी। मौके से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आठ तमंचा 315 बोर, चार तमंचा 12 बोर, एक अर्द्धनिर्मित तमंचा 12 बोर, एक बंदूक देशी 12 बोर, दो जिंदा कारतूस 315 बोर, तमंचा बनाने के कारण बरामद किए हैं।

पकड़े गये अभियुक्त ने अपना नाम रावेंद्र उर्फ धोकल पुत्र स्व. श्यामलाल निवासी ग्राम पनई इनायतपुर थाना मलवां बताया। एसपी ने बताया कि अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है। जिस पर पूर्व में दो अभियोग पंजीकृत हैं।

अभियुक्त पुराने खराब तमंचे सही करने का भी कार्य करता है और नये तमंचे बनाकर फ्तेहपुर समेत आस-पास के जनपदों में बेचता है।

## क्विक न्यूज

### 21 को होगा किसान यूनियन का अनिश्चितकालीन धरना

**फर्रुखाबाद।** विभिन्न मांगों को लेकर भारतीय किसान यूनियन नें जुलूस निकाल कर ज्ञापन सौंपा। साथ ही मांगों पर कार्यवाही ससमय न होने पर 21 जुलाई को अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन करनें की चेतावनी दी। जिलाध्यक्ष अरविन्द शाक्य के नेतृत्व में भाकियू टिकैत गुट नें 9 सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन नायब तहसीलदार मोनिका तिवारी को सौंपा । जिसमे मुख्य रूप से पांचाल घाट से अमृतपुर तक गंगा किनारे बांध बनाया जाये ।जिससे किसानों को बाढ से निजात मिल सके। इटावा-बरेली हाईवे का निर्माण हो रहा है जिसके लिए खिमसेपुर में ग्रामीणों के मकान व दुकान ध्वस्त किये जा रहे हैं जिन्हें मुआवजा दिया जाये। इस दौरान महासचिव लक्ष्मी शंकर जोशी, मंडल उपाध्यक्ष प्रभाकांत मिश्रा, बाबू सिंह, संजय यादव, जगन्नाथ शाक्य आदि रहे।

### पीड़ितों को न्याय दिलाने से सुधरती है पुलिस की छविः एसपी



**फतेहपुर।** जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने व न्याय प्रिय ढंग से समस्याओं के समाधान से पुलिस की छवि सुधरती है। जनपद में अपराधों पर लगाम लगाने के साथ ही लोगों की समस्याओं का समाधान स्थानीय स्तर पर कराने का कार्य किया जायेगा। लोगों को बार-बार थानों व उनके कार्यालय का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। उक्त बातें नवांगत पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह ने पत्रकारों से बातचीत में कही। नवांगत पुलिस अधीक्षक ने बताया कि अपराधों पर लगाम लगाने के साथ ही लोगों की समस्याओं का स्थानीय स्तर पर समाधान कराये जाने का कार्य करेंगे। पुलिस की छवि बनाने की ज़रूरत नहीं बल्कि जनता की पुलिस के प्रति अपेक्षाओं पर न्याय प्रिय ढंग से समस्याओं के समाधान होने से पुलिस की छवि अपने स्वयं बन जाती है। पीड़ितों को स्थानीय स्तर पर ही न्याय दिलाना सुनिश्चित किया जायेगा। मूल जनपद प्रतापगढ़ निवासी उदय शंकर सिंह की पीपीएस अफसर के रूप में पुलिस विभाग में 1992 में चयनित हुए थे एवं वर्ष 2020 में आईपीएस में पदोन्नत होने के एसपी फतेहपुर के रूप में उनकी तीसरी तैनाती है। प्रथम तैनाती 44 वीं वाहिनी पीएसी कमांडेंट प्रयागराज व दूसरी तैनाती एसएसपी एटा जनपद में रही।

## तहसील मैथा में उप निबन्धक कार्यालय का उद्घाटन

● मैथा से सम्बद्ध 122 राजस्व गांव के लोगों को मिलेगी सुविधा



**संवाददाता।** कानपुर देहात

**तहसील** मैथा में नवसृजित उप निबन्धक कार्यालय का आज मुख्य अतिथि श्री रवीन्द्र जायसवाल जी, राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार), स्टाम्प तथा न्यायालय शुल्क एवं पंजीयन विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार के कर कमलों द्वारा उद्घाटन फीता काटकर व वैदिक मन्त्रोच्चारण के साथ सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर एक रजिस्ट्री भी की गयी, जिसका प्रमाण पत्र मंत्री द्वारा क्रेता को सौंपा गया।

इस मौके पर उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए मंत्री रवीन्द्र जायसवाल ने कहा कि हमारी सरकार का संकल्प है कि ''जनता की सुविधा, जनता के द्वार'' उपलब्ध करायी जाये। उन्होंने कहा कि मैथा क्षेत्र में रजिस्ट्री कार्यालय के खुल जाने से तहसील मैथा से सम्बद्ध 122 राजस्व गांव के लोगों को सुविधा मिलेगी, साथ ही साथ तहसील में कार्य कर रहे अधिवक्ताओं व अन्य अधिकारियों को अब रजिस्ट्री हेतु अकबरपुर तहसील व रसूलाबाद तहसील नहीं जाना पड़ेगा, इससे समय व धन दोनों की बचत होगी। आगे उन्होंने कहा कि रजिस्ट्री कार्यालय के यहां खुल जाने से आर्थिक गतिविधियों में भी वृद्धि होगी, जिससे यहां के लोगों को रोजगार मिलेगा। उन्होने कहा कि हमने रजिस्ट्री में विभिन्न नवाचार किये हैं अब लोगों को केवल एक पेज में ही रजिस्ट्री प्रमाण पत्र मात्र 100 रुपए देकर प्राप्त किया जा सकेगा। इसके अतिरिक्त उन्होंने कहा कि आने वाले समय में हम राजस्व ग्राम के अन्तर्गत समस्त भूमि को जीओ टैग करेंगे जिससे बिक्री की गयी भूमि को ऑनलाइन देखा जा सकेगा।

इस मौके पर जिलाधिकारी नेहा जैन ने कार्यक्रम में सभी का स्वागत करते हुए कहा कि जब भी मैं मैथा तहसील का निरीक्षण करती थी, तो यहां के लोगों तथा अधिवक्ताओं द्वारा हमेशा यह अपेक्षा की जाती थी, कि यहां पर जल्द से जल्द रजिस्ट्री कार्यालय खोला जाये।

इस मौके पर तहसील परिसर में मंत्री रवीन्द्र जायसवाल जी द्वारा वृक्षारोपण किया गया।

## विधिक जागरूकता शिविर का हुआ भव्य आयोजन

**कानपुर देहात।** बुधवार को महिला कल्याण के सम्बन्ध में विधिक जागरूकता शिविर/कार्यक्रम का आयोजन डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम तहसील सभागार, अकबरपुर, कानपुर देहात में शिवा नन्द, अपर जिला जज/नामित सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कानपुर देहात द्वारा किया गया। अपर जिला जज/नामित सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कानपुर देहात द्वारा उक्त शिविर में महिलाओ के उत्थान हेतु कई सरकार द्वारा जो भी प्रयास किये जा रहे हैं, योजनायें चलायी जा रही हैं व विधिक प्रावधान क्या-क्या हैं, उस सम्बन्ध में वहां उपस्थित अधिकारीगण द्वारा कई महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। अपर जिला जज/नामित सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कानपुर देहात द्वारा उक्त शिविर में महिलाओं के उत्थान हेतु कई सरकार किए जा रहे प्रयास एवं योजनाओं व विधिक प्रावधानों के बारे में वहां उपस्थित अधिकारीगण द्वारा कई महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं।

## मोबाइल व बाइक सहित तीन अभियुक्त पुलिस के शिकंजे में



**फर्रुखाबाद।** पुलिस ने 11 मोबाइल सहित तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है,उनके पास एक बाइक भी बरामद की है। पुलिस लाइन सभागार में एएससपी डा संजय कुमार सिंह ने प्रेस वार्ता के दौरान जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अर्जुन गिहार महरूपुर रावी थाना कमालगंज, रितिक गिहार खंडेदेवर, थाना गुरसहायगंज जनपद कन्नौज से भटपुरा मोड़ पर पकड़ा गया जिनके पास से 6 अदद मोबाइल, एक मोटर साइकिल बरामद की गयी है। आसिफ पुत्र महफूज निवासी राजेपुर सरायमेदा थाना कामलगंज की दुकान से 5 मोबाइल भी बरामद किए।

इस प्रकार कुल 11 मोबाइल बरामद किए गए। दोनों अभियुक्त अर्जुन व रितिक ने बताया कि हम दोनों अपनी बाइक से चलते राह मोबाइल चोरी कर लेते थे और आसिफ की दुकान पर 2500 से 3000 रुपये में बेच देते थे। अभी तक हम 15 से 20 मोबाइल चोरी करके बेच चुके हैं। अभियुक्त राजा निवासी ग्राम महरूपर रावी ,थाना कमालगंज, अभियुक्त सोनू निवासी खांडे देवर कोतवाली गुरसहायगंज कन्नौज के नाम भी प्रकाश में आए हैं।

## गौशाला की समस्या को लेकर ग्रामीणों ने एडीएम को सौंपा ज्ञापन



**उरई,** जालौन। कुठौंद विकास खंड क्षेत्र के अंतर्गत पड़ने वाले ग्राम जुगराजपुर के रहने वाले आरएसएस के खंड प्रचार प्रमुख कुठौंद बीपी सिंह सेंगर के नेतृत्व में आज बुधवार को विश्वनाथ प्रताप सिंह, शिवपूजन सिंह, मन्नू निषाद, राजेश याज्ञिक, संजू गौर, सुनील, पहलवान सिंह आदि ने कलेक्ट्रेट पहुंच कर अपर जिलाधिकारी को ज्ञापन भेंट करते हुए बताया कि कई बार विकास खंड कार्यालय एवं आपके कार्यालय में ज्ञापन दे चुके है। लेकिन फिर भी कोई समाधान नहीं हुआ है। उन्होंने बताया कि जुगराजपुर में प्रस्तावित गौ संरक्षण केन्द्र का शिलान्यास भी हो चुका है। फिर भी कार्य अभी शुरू नहीं. हुआ है और न ही कोई स्थाई या अस्थाई समाधान हुआ है। जबकि 300 से 400 गौवंश आवारा घूम रहे है और बाजरा की फसल की बुवाई होने वाली है तथा गौवंश भी लहूलुहान हो रहे है। उन्होंने बताया कि समस्या का समाधान न होने से किसान बहुत आक्रोशित है। उन्होंने कहा कि अगर समस्या का समाधान नहीं होता है। तो 19 जुलाई को इस समस्या को लेकर कलेक्ट्रेट परिसर में धरना प्रदर्शन कर ज्ञापन देगें।

## पेज एक का शेष

### बंगाल पंचायत...

मतगणना शुरू की गई। एक याचिकाकर्ता ने एक वीडियो दिखाया था जिसमें मतदान के दिन कथित चुनावी धांधली को प्रदर्शित किया गया था। अदालत ने याचिकाकर्ता को इस वीडियो की प्रति आयोग, राज्य सरकार और केंद्र के वकीलों को बुधवार तक उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है। अदालत ने निर्देश दिया कि विषय को सुनवाई के लिए 19 जुलाई को उसके समक्ष रखा जाए। राज्य निर्वाचन आयोग के प्रति अप्रसन्नता प्रकट करते हुए पीठ ने कहा कि प्रथम दृष्टया ऐसा लगता है कि आयोग का जवाब पर्याप्त नहीं है और बुधवार को भी इसका कोई अधिकारी अपने वकीलों को आवश्यक निर्देश देने के लिए अदालत में उपस्थित नहीं था। अदालत ने कहा, यह स्पष्ट नहीं है कि आयोग क्यों पहले से सक्रिय नहीं है, खासतौर पर तब, जब अदालत पूरी प्रक्रिया की निगरानी कर रही है और प्रथम फैसला 13 जून को सुनाया गया था। अदालत ने त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव स्वतंत्र एवं निष्पक्ष तरीके से कराने के लिए सिलसिलेवार दिशानिर्देश जारी किए थे। अदालत ने कहा कि यह आश्चर्य की बात है कि चुनाव नतीजों की घोषणा के बाद भी राज्य हिंसा की रोकथाम नहीं कर पा रहा है। अदालत ने कहा, यदि राज्य सरकार अपने नागरिकों की सुरक्षा करने की स्थिति में नहीं है तो यह एक बहुत गंभीर विषय है।

### पंचायत चुनाव...

से जारी आंकड़ों के अनुसार सत्तारूढ़ दल की निकटतम प्रतिद्वंद्वी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) 9,719 सीट पर जीत दर्ज कर चुकी है और 151 सीट पर उसके उम्मीदवार आगे हैं। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) ने 2,938 सीट पर जीत दर्ज की है और 67 सीट पर आगे है। कांग्रेस ने 2,542 ग्राम पंचायत सीट पर जीत दर्ज की तथा 66 अन्य पर आगे है। सत्तारूढ़ तृणमूल ने पंचायत समिति की 6,430 सीट अपने नाम की, जबकि 193 सीट पर आगे है। भाजपा ने 982 सीट जीती तथा 53 सीट पर आगे है, जबकि माकपा ने 176 सीट जीती और 14 अन्य सीट पर बढ़त हासिल की है और कांग्रेस ने 266 सीट अपने नाम की और छह पर उसके उम्मीदवार आगे हैं। पंचायत समिति की कुल 9,728 सीट के लिए चुनाव हुए थे। तृणमूल कांग्रेस ने जिला परिषद की कुल 928 सीट में से 674 अपने नाम कर ली है और अन्य 149 सीट पर वह आगे है। भाजपा ने 21 सीट जीती और पांच सीट पर आगे है। माकपा ने दो सीट जीती जबकि कांग्रेस ने छह सीट अपने नाम की और पांच पर उसके उम्मीदवार आगे हैं। पुलिस ने बताया कि मालदा जिले के रामपुर गांव में कथित तौर पर टीएमसी कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस के 24 वर्षीय एक कार्यकर्ता की पीट-पीट कर हत्या कर दी, जबकि कई अन्य घायल हो गए।

### यमुना में...

के जलस्तर में अभूतपूर्व वृद्धि के लिए गाद जमने के कारण नदी तल के ऊंचा होने को जिम्मेदार ठहराया। आपात बैठक के बाद सीएम केजरीवाल ने कहा कि फिलहाल ध्यान लोगों की जान बचाने पर है। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि दिल्ली सरकार ने राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) को सूचित किया है कि उसकी मदद मांगी जा सकती है। उन्होंने कहा कि जिलाधिकारियों को जरूरत पड़ने पर स्कूलों को राहत शिविरों में बदलने का भी निर्देश दिया गया है।

### उत्तर भारत...

है कि फिलहाल उनका ध्यान बचाव कार्य पर केंद्रित है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, पंजाब और हरियाणा में बारिश के कारण हुए हादसों में मरने वालों की संख्या 18 हो गई है, जिनमें सात मौतें हरियाणा में हुईं। मूसलाधार बारिश से प्रभावित हिमाचल प्रदेश में लोगों को निकालने और मार्गों को खोलने के कार्य ने रफ्तार पकड़ ली है, लेकिन अब भी 850 से ज्यादा सड़कों के बंद होने की वजह से भारी संख्या में पर्यटक अपने-अपने ठिकानों पर ही रुके हुए हैं और हालात के बेहतर होने का इंतजार कर रहे हैं। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने बुधवार को लाहौल और स्पीति के चंद्रताल में फंसे पर्यटकों को निकालने को एक चुनौतीपूर्ण कार्य करार दिया। लोसार और चंद्रताल इलाके का हवाई सर्वेक्षण करने के बाद उन्होंने कहा कि हमने हालात का जायजा लेने के लिए मंत्री और मुख्य विधाई सचिव संजय अवस्थी को चंद्रताल भेजा है।

### आईएम के...

दिया था। आतंकवादी मामलों के विशेष न्यायाधीश ने कहा कि दोषियों को 2013 में गिरफ्तार किया गया था और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि यदि अन्य मामलों में उनकी हिरासत की आवश्यकता नहीं है, तो उन्हें जेल में बिताई गई अवधि के आधार पर रिहा कर दिया जाए।

### श्रद्धा जैसी...

हैं। जांच के लिए आधा दर्जन टीमों का गठन कर दिया गया है। एएटीएस के अलावा स्पेशल स्टाफ को भी जांच में लगा दिया गया है। दिल्ली-एनसीआर के अलावा हरियाणा और पश्चिम उत्तर प्रदेश से गायब महिलाओं का विवरण जुटाया जा रहा है। पुलिस का कहना है कि यमुना का जल स्तर लगातार बढ़ रहा है। इसके चलते यमुना खादर में रहने वाले लोगों को वहां से ?शिफ्ट कर दिया गया है। यदि पुलिस को कुछ घंटे और देर से मामले की सूचना मिलती तो शव यमुना के पानी में बह कर आगे चला जाता।

### विपक्ष की...

इस बैठक में एमडीएमके, केडीएमके, वीसीके, रिवोल्यूशनरी सोशलिस्ट पार्टी (आरएसपी), फॉरवर्ड ब्लॉक, इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) और केरल कांग्रेस (मणि) भी शामिल होंगे। विपक्षी एकजुटता की कवायद के तहत पहली बैठक 23 जून को बिहार की राजधानी पटना में हुई थी जिसमें 15 राजनीतिक दल शामिल हुए थे। राष्ट्रीय लोक दल के अध्यक्ष जयंत चौधरी पारिवारिक कार्यक्रम के चलते इस बैठक में शामिल नहीं हो सके थे। जो 24 राजनीतिक दल विपक्षी बैठक में शामिल होने जा रहे हैं उनके करीब 150 लोकसभा सदस्य हैं। विपक्ष की बैठक में आम आदमी पार्टी को भी आमंत्रित किया गया है। आम आदमी पार्टी ने पिछले दिनों कहा था कि कि अगर कांग्रेस दिल्ली से संबंधित केंद्र के अध्यादेश पर अपनी स्थिति स्पष्ट नहीं करती है तो वह कांग्रेस की मौजूदगी वाली किसी बैठक का हिस्सा नहीं होगी। कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने सोमवार को उम्मीद जताई थी कि कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी 17 और 18 जुलाई को बेंगलुरु में विपक्षी दलों की अगली बैठक में भाग लेंगी।

### राजस्थान में...

समिति के सदस्य भी थे। हिंदूवादी संगठनों से उनका जुड़ाव था। उनकी बेटी एबीवीपी से कॉलेज छात्रसंघ अध्यक्ष रह चुकी है। जयपुर के अतिरिक्त पुलिस आयुक्त राहुल प्रकाश ने बताया कि एक हेड कांस्?टेबल सहित सात सुरक्षाकर्मी बस से बदमाशों को लेकर जा रहे थे। टोल प्लाजा पर आधा दर्जन से अधिक बदमाशों ने बस को घेरकर हमला किया। हमले में किसी पुलिसकर्मी को चोट नहीं आई है। वहीं एक पुलिस प्रवक्?ता के अनुसार राज्य के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) उमेश मिश्रा ने भरतपुर में गोलीबारी की घटना को गंभीरता से लिया है।

### केंद्र दिल्ली...

में भारी वृद्धि के आधार पर की गई है। मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, बुधवार को टमाटर का औसत अखिल भारतीय खुदरा मूल्य 111.71 रुपए प्रति किलोग्राम रहा। पंजाब के बठिंडा में 203 रुपए प्रति किलोग्राम का सर्वाधिक भाव रहा जबकि न्यूनतम दर कर्नाटक के बीदर में 34 रुपए प्रति किलोग्राम थी। महानगरों में से टमाटर की खुदरा कीमत दिल्ली में सबसे अधिक 150 रुपए प्रति किलोग्राम थी। इसके बाद मुंबई में 137 रुपए प्रति किलोग्राम, कोलकाता में 137 रुपए प्रति किलोग्राम और चेन्नई में 123 रुपए प्रति किलोग्राम का भाव रहा। टमाटर की कीमतों में आमतौर पर जुलाई-अगस्त और अक्टूबर-नवंबर की अवधि के दौरान तेजी आती हैं, जो आम तौर पर कम उत्पादन वाले महीने होते हैं। मानसून के कारण आपूर्ति में व्यवधान के कारण दरों में और वृद्धि हुई है। मंत्रालय ने कहा कि महाराष्ट्र के नासिक जिले से जल्द ही नई फसल आने की उम्मीद है। अगस्त में नारायणगांव और औरंगाबाद क्षेत्र से भी अतिरिक्त आपूर्ति आने की उम्मीद है। मध्य प्रदेश से भी आवक शुरू होने की उम्मीद है। मंत्रालय ने कहा, निकट भविष्य में कीमतें कम होने की उम्मीद है। टमाटर का उत्पादन लगभग सभी राज्यों में अलग-अलग मात्रा में किया जाता है। अधिकतम उत्पादन भारत के दक्षिणी और पश्चिमी क्षेत्रों में होता है, जो अखिल भारतीय उत्पादन में 56-58 प्रतिशत का योगदान देता है।

# रूस की यूक्रेन से अनाज समझौते से हटने की धमकी

### ● वैश्विक खाद्य सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ी

**एपी।** लंदन

**रूस** द्वारा संयुक्त राष्ट्र की मध्यस्थता से यूक्रेन के साथ हुए अनाज समझौते को आगे बढ़ाने की मंजूरी नहीं देने की आशंका से पूरी दुनिया में चिंता बढ़ती जा रही है। इस समझौते के तहत यूक्रेन को दुनिया के उन हिस्सों में अनाज की आपूर्ति करने की अनुमति मिली है जहां पर भुखमरी की स्थिति है।

रूस द्वारा समझौते की अवधि नहीं बढ़ाने की आशंका के बीच अब युद्धग्रस्त यूक्रेन के काला सागर बंदरगाह पर पोत नहीं आ रहे हैं और खाद्य सामग्री के निर्यात में कमी आ रही है।

तुर्किए और संयुक्त राष्ट्र ने पिछली गर्मी में वैश्विक खाद्य संकट को दूर करने के लिए मध्यस्थता की थी और उन्होंने अलग से भी रूस से करार किया था ताकि अनाज और उर्वरक के निर्यात के लिए पोतों को सुविधा दी जा सके। मॉस्को जोर दे रहा है कि वह अब भी बाधा का सामना कर रहा है लेकिन आंकड़े दिखा रहे हैं कि वह रिकॉर्ड स्तर पर गेहूं का निर्यात कर रहा है। रूसी अधिकारी लगातार कह रहे हैं कि काला सागर के रास्ते अनाज निर्यात समझौते की अवधि का विस्तार करने का कोई आधार नहीं है, जिसका चौथी बार सोमवार को नवीनीकरण किया जाना है। रूस समझौते से हटने की पहले से धमकी दे रहा है और पूर्व में समझौते में तय चार महीने की अवधि के बजाय करार को दो बार दो-दो महीने के लिए विस्तारित किया गया। संयुक्त राष्ट्र और अन्य देश इस समझौते को बरकरार रखने का प्रयास कर रहे हैं। यूक्रेन और रूस दोनों गेहूं, जौ, वनस्पति तेल और अन्य खाद्य उत्पादों के प्रमुख आपूर्तिकर्ता हैं जिन पर अफ्रीका, मध्य पूर्व और एशिया के कुछ देश निर्भर हैं। समझौते के तहत यूक्रेन को 3.28 करोड़ मीट्रिक टन (36.2 मिलियन टन) अनाज भेजने की अनुमति दी गई है, जिसमें से आधा अनाज विकासशील देशों के लिए है। अंतरराष्ट्रीय खाद्य नीति अनुसंधान संस्थान के वरिष्ठ अनुसंधान फेलो जोसेफ ग्लॉबर ने कहा, रूस अगर समझौते को जारी रखता है तो उसे दुनिया से अच्छी प्रतिक्रिया मिलेगी।

### नाटो ने यूक्रेन के साथ संबंध प्रगाढ़ किए, लेकिन सदस्यता की राह आसान नहीं




**विलनियस( लिथुआनिया )।** उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के नेता यूक्रेन के साथ संबंधों के लिए एक सांकेतिक नया मंच स्थापित करने के उद्देश्य से बुधवार को एकत्र हुए। उन्होंने रूस का मुकाबला करने के लिए यूक्रेन को अधिक सैन्य सहायता उपलब्ध कराने का वादा करने के बाद यह कदम उठाया है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन और उनके नाटो के समकक्षों ने यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के साथ नव नाटो-यूक्रेन परिषद में बैठक की। यह एक स्थाई इकाई है जहां 31 सहयोगी देश और यूक्रेन विचार-विमर्श कर सकते हैं और आपात स्थिति में बैठकें कर सकते हैं। यूक्रेन को सैन्य गठबंधन में शामिल किए बगैर इसके करीब लाने की नाटो की कोशिश के तहत यह व्यवस्था की गई है। मंगलवार को नेताओं ने शिखर सम्मेलन के निष्कर्षों पर अपने बयान में कहा कि जब सहयोगी देश राजी हो जाएंगे और शर्तें पूरी की जाएंगी तब यूक्रेन को (नाटो में) शामिल किया जा सकता है। नाटो महासचिव जेंस स्टोल्टेनबर्ग ने बुधवार को जेलेंस्की के साथ संवाददाता सम्मेलन में कहा, आज हमने बराबरी के स्तर पर बैठक की। मैं उस दिन को लेकर आशावादी हूं जब हम सहयोगी के तौर पर बैठक करेंगे। जेलेंस्की ने कहा, शिखर सम्मेलन के नतीजे अच्छे हैं, लेकिन यदि न्योता मिलता है तो यह एक आदर्श स्थिति होगी। अपनी निराशा के बावजूद यूक्रेनी नेता मंगलवार की तुलना में बुधवार को अधिक आश्वस्त नजर आए, जब उन्होंने सदस्यता की समय सीमा तय नहीं किए जाने की आलोचना की थी।



लिथुआनिया में नाटो शिखर सम्मेलन के दौरान बाएं से, ब्रिटिश प्रधान मंत्री ऋषि सुनक, लातविया के प्रधान मंत्री क्रिस्जानिस कारिन्स, संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति जो बिडेन और नाटो महासचिव जेन्स स्टोलटेनबर्ग।

## फारस खाड़ी क्षेत्र विवाद टिप्पणी पर ईरान ने रूसी राजदूत को किया तलब

**एपी।** दुबई

**रूस** और अरब देशों द्वारा इस सप्ताह की शुरुआत में फारस की खाड़ी में विवादित द्वीपों पर ईरान के दावे को चुनौती देने वाला संयुक्त बयान जारी किए जाने के बाद ईरान ने बुधवार को रूसी राजदूत को तलब किया।

यह ईरान और रूस के बीच विवाद की दुर्लभ घटना है। रूस के यूक्रेन पर हमला करने के बाद से दोनों देशों के संबंध गहरे हुए हैं। ईरान रूस को घातक ड्रोन मुहैया करा रहा है, जो यूक्रेन में तबाही मचा रहे हैं। ईरान और रूस, सीरिया के गृह युद्ध में उसके राष्ट्रपति बशर असद के मजबूत समर्थक हैं। ईरान की आधिकारिक आईआरएनए (इस्लामिक रिपब्लिक न्यूज एजेंसी) समाचार एजेंसी ने कहा कि रूसी राजदूत को सोमवार को जारी एक संयुक्त बयान को लेकर तलब किया गया है, जो रूस और खाड़ी सहयोग परिषद की मॉस्को में हुई बैठक के बाद जारी किया गया था। संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब, कुवैत, कतर, बहरीन और ओमान इस परिषद में शामिल हैं।

सऊदी प्रेस एजेंसी के अनुसार, बयान में मंत्रियों ने द्विपक्षीय वार्ता या अंतरराष्ट्रीय न्यायालय के माध्यम से तीन द्वीपों- ग्रेटर टुनब, लेसर टुनब और अबू मूसा के मुद्दे का शांतिपूर्ण समाधान निकालने के प्रयासों के प्रति अपने समर्थन की पुष्टि की।

ईरान ने 1971 में ब्रितानी बलों की वापसी के बाद इन तीनों द्वीप पर कब्जा कर लिया था और वह उन्हें अपना अविभाज्य हिस्सा मानता है। संयुक्त अरब अमीरात भी इन तीनों द्वीप पर दावा करता है और वार्ता के जरिए समाधान चाहता है।

ईरान ने दिसंबर में विवादित द्वीपों पर इसी प्रकार की टिप्पणियों के लिए चीन के राजदूत को भी तलब किया था।

## पाकिस्तान के पंजाब में एक मकान में आग लगने से परिवार के 10 लोगों की मौत

**भाषा।** इस्लामाबाद



**पाकिस्तान** के पंजाब प्रांत की राजधानी लाहौर के एक मकान में मंगलवार देर रात भीषण आग लगने से एक परिवार के 10 लोगों की मौत हो गई, जिसमें सात बच्चे शामिल हैं। पुलिस ने यह जानकारी दी।

इस घटना में लोगों की मौत होने की पुष्टि करते हुए स्थानीय पुलिस अधिकारी मोहम्मद सज्जाद ने कहा कि घटना पंजाब प्रांत की राजधानी लाहौर के भाटी गेट इलाके की है।

डॉन समाचार पत्र ने लाहौर के उप महानिरीक्षक (अभियान) अली नसीर रिजवी के हवाले से बताया कि आग लगने की घटना में मारे गए लोग एक ही परिवार के हैं।

आपात सेवा द्वारा जारी की गई एक सूची के मुताबिक, इस घटना में जान गंवाने वाले परिवार के 10 सदस्यों में सात महीने का एक नवजात, चार साल का एक बच्चा और पांच किशोर शामिल हैं।

जियो न्यूज चैनल की खबर के मुताबिक, परिवार का एक सदस्य इमारत से कूदकर अपनी जान बचाने में सफल रहा। विभाग ने एक आधिकारिक बयान में कहा कि बचाव 1122 आपात सेवा को मंगलवार देर रात 2:32 बजे घटना की सूचना मिली और 33 बचावकर्मियों व 11 वाहनों को घटनास्थल पर भेजा गया।

बयान के मुताबिक, आग घनी आबादी वाले इलाके के एक मकान की दूसरी मंजिल पर लगी थी।

रेडियो पाकिस्तान की खबर के मुताबिक, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने घटना पर गहरा दुख और शोक व्यक्त किया है। खबर के मुताबिक, पंजाब प्रांत के अंतरिम मुख्यमंत्री मोहसिन नक्वी ने घटना की विस्तृत जांच का आदेश दिया है।

**PUBLIC NOTICE**

It is to inform to the public at large that **Mrs. Preeti Sharma** who is purchasing Property No. 145, admeasuring 75 sq. yards., Khasra No. 11/23, Village Karawal Nagar, Mukund Vihar, Karawal Nagar, Illaqa Shahdara, Delhi, from Mr. Neeraj Kumar who is acquired the aforesaid property after demise of his mother Mrs. Pirmla Devi w/o Mr. Suresh Kumar, who was the owner/attorney holder of Mr. Suraj Palvide Notarized GPA, ATS & Will dated 10.01.1986 and intend to mortgage against the financial assistance from **Aditya Birla Housing Finance Ltd.** To comply the requirements of Bank/NBFC, we give the public notice that If any Person having any type of claim/right/title/interest creating mortgage over the said property, may inform in writing, at the address mentioned below, about his objections, within **7 days** from today, failing which it shall be presumed that the said property is free from all type of Encumbrances, lien etc.

**Lucem Legal LLP**
B-93B, Second Floor, Opp. SBI Bank, Sector 2, Noida, UP - 201301, Contact # 0120-4269379

**PUBLIC NOTICE**

It is to inform to the public at large that **Mr. Ajit Kumar Bansal** s/o Late Mr. Jagannath Prasad Gupta who is the owner of Property No. C-73, admeasuring 297.18 sq. mtrs., Surya Nagar, Ghaziabad, U.P. by virtue of Mutation Letter dated 19.05.2018 issued by GDA after demise of his mother Mrs. Susheela Devi, who was the owner of the aforesaid property vide Freehold Deed dated 14.06.1996, That the Original Documents i.e. Allotment Paper, Possession Letter, Lease Deed from GDA in the name of Kanta Suri, Transfer Deed from Kanta Suri to Banwari Lal, Will of Banwari Lal & Freehold Deed in the name of Mrs. Susheela is misplaced/lostan FIR has been lodged vide L.A.R No. 20230000414827 on dated 03.07.2023 in this regard. If any Person having any type of claim/right/ title/interest over the said property may inform in writing at the address mentioned below, about his objections within **07 days** from today, failing which it shall be presumed that the said property is free from all type of Encumbrances, lien, Charge, disputes etc.

**Lucem Legal LLP**
B-93B, Second Floor, Opp. SBI Bank, Sector 2, Noida, UP - 201301, Contact # 0120-4269379

**Public Notice**

This is to inform general public that Mrs. Nighat Khatoon acquired the Residential Plot no 006, land area measuring 250 sq. mtrs. Block B Sector 108, Noida, District Gautam Buddh Nagar, Uttar Pradesh vide Transfer Deed dated 16.03.2023, Doc no. 1878. Above said owner have misplaced the Original Lease Deed dated 30.12.2008 Doc. No. 9545, SRO- Noida-II. Anyone who find the above said documents, kindly handover the same to the Manager of , Kotak Mahindra Bank Ltd. 2nd floor Ambadeep Tower, CONNAUGHT PLACE, New Delhi, NEW DELHI 110001.Now, Mrs. Nighat Khatoon is intending to sell the above said property to Mrs. Pramila Devi and Mr. Balbir Singh and further Mrs. Pramila Devi and Mr. Balbir Singh, is mortgaging the said property with Kotak Mahindra Bank. & in case anyone has any objection, the same may be raised within 15 days of this publication to Mr. Muneesh Dhawan/ Mr. Sudhir Jain (Advocates), Law Veritas, Unit no 907, 9th Floor, GD-ITL Tower, (B-08), Netaji Subhash Place, Delhi-110034 or contact at 9066707172/ 9818228636 (M)..

## कुरान जलाने की घटना के बाद संरा की मानवाधिकार संस्था ने कार्रवाई का आह्वान किया

**जिनेवा।** संयुक्त राष्ट्र की शीर्ष मानवाधिकार संस्था ने यूरोप में कुरान जलाने की घटनाओं के मद्देनजर धार्मिक घृणा को रोकने के लिए देशों से और अधिक प्रयास करने का आह्वान करने वाले एक प्रस्ताव को जोरदार तरीके से मंजूरी दे दी।

पश्चिमी देश इस पर आपत्ति जता रहे थे और उन्हें आशंका थी कि सरकारों के कड़े कदम अभिव्यक्ति की आजादी को अवरुद्ध कर सकते हैं।

पाकिस्तान और फलस्तीन द्वारा लाए गए एक प्रस्ताव को बुधवार को 12 के मुकाबले 28 वोट से मंजूर कर लिया गया। सात सदस्य मतदान में अनुपस्थित रहे। प्रस्ताव पारित होते ही मानवाधिकार परिषद के सदन में तालियां बजने लगीं। अफ्रीका के कई विकासशील देशों के साथ-साथ चीन और भारत तथा पश्चिम एशियाई देशों ने भी प्रस्ताव का समर्थन किया है।

यूरोप के कुछ हिस्सों में कुरान जलाए जाने की हालिया घटनाओं की पृष्ठभूमि में यह प्रस्ताव आया है। इस प्रस्ताव में देशों से भेदभाव, शत्रुता या हिंसा को उकसाने वाले धार्मिक घृणा के कृत्यों और उसकी हिमायत को रोकने तथा अभियोजन के लिए कदम उठाने का आह्वान किया गया है।

पाकिस्तान के राजदूत खलील हाशमी ने मतदान के बाद इस बात पर जोर दिया कि इस प्रस्ताव में बोलने की आजादी के अधिकार को अवरुद्ध करने की कोई बात नहीं है बल्कि यह अभिव्यक्ति की आजादी और विशेष जिम्मेदारियों के बीच विवेकपूर्ण संतुलन की कोशिश करता है।

## चीन के हैकरों ने पश्चिमी यूरोप में सरकारी ईमेल एकाउंट में सेंध लगाई : माइक्रोसॉफ्ट

**एपी।** हांगकांग

**माइक्रोसॉफ्ट** की एक रिपोर्ट में चीन के एक हैकिंग समूह द्वारा पश्चिमी यूरोप में सरकारी एजेंसियों के ईमेल अकाउंट में सेंधमारी किए जाने के दावे को दुष्प्रचार करार देते हुए बीजिंग ने कहा है कि इस आरोप का मकसद अमेरिका की साइबर गतिविधियों से ध्यान भटकाना है।

मंगलवार को प्रकाशित एक ब्लॉग पोस्ट में माइक्रोसॉफ्ट ने कहा कि स्टॉर्म-0558 नाम से पहचाना गया यह समूह जासूसी और डेटा चोरी जैसे कृत्यों की फिराक में रहता है।

समूह ने ईमेल अकाउंट में सेंध लगा कर सरकारी एजेंसियों और इन संगठनों से जुड़े लोगों के अकाउंट सहित करीब 25 संगठनों को प्रभावित किया है। साथ ही, ग्राहकों द्वारा माइक्रोसॉफ्ट को असमान्य ईमेल गतिविधियों की शिकायत किए जाने तक करीब एक महीने यह गतिविधि बेरोकटोक जारी रही। सुरक्षा मामलों पर माइक्रोसॉफ्ट के कार्यकारी उप प्रमुख चार्ली बेल ने कहा, हमने यह पाया कि यह समूह खुफिया सूचना जुटाने के लिए ईमेल में सेंध लगाता है। वाशिंगटन पोस्ट की एक रिपोर्ट में अमेरिकी अधिकारियों के एक बयान का उल्लेख किया गया है, जिसमें दावा किया गया है कि स्टॉर्म-0588 ने अमेरिकी सरकार से जुड़े ईमेल अकाउंट में भी सेंध लगाई है। इस बीच, चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग वेनबिन ने कहा कि आरोप दुष्प्रचार है, जिसका लक्ष्य चीन पर अमेरिकी साइबर हमले से ध्यान भटकाना है।

उन्होंने नियमित प्रेस वार्ता में कहा, यह मायने नहीं रखता कि किस एजेंसी ने यह सूचना जारी की, यह इस तथ्य को कभी नहीं बदलेगा कि अमेरिका विश्व का सबसे बड़ा हैकर है जो सर्वाधिक संख्या में साइबर सेंधमारी कर रहा।

वेनबिन ने कहा, पिछले साल से, चीन और अन्य देशों के साइबर सुरक्षा संगठनों ने कई रिपोर्ट जारी कर अमेरिकी सरकार द्वारा लंबे समय तक साइबर हमले किए जाने का खुलासा किया है, लेकिन अमेरिका ने अब तक जवाब नहीं दिया है।

इससे पहले, माइक्रोसॉफ्ट ने कहा कि वह इस तरह के हमलों से बचने के लिए गृह सुरक्षा विभाग और साइबर सुरक्षा तथा इंफ्रास्ट्रक्चर सिक्योरिटी एजेंसी के साथ काम कर रहा है। कंपनी ने यह भी कहा कि वह स्टॉर्म-0558 की गतिविधियों की निगरानी जारी रखेगी। पिछले महीने, गूगल के स्वामित्व वाली साइबर सुरक्षा कंपनी मैंडिएंट ने कहा था कि कथित तौर पर सरकार समर्थित चीनी हैकरों ने विश्वभर में सैकड़ों सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्र के संगठनों के नेटवर्क में सेंधमारी की है।

इस साल की शुरूआत में, माइक्रोसॉफ्ट ने कहा था कि सरकार समर्थित चीनी हैकर अमेरिका के महत्पूर्ण प्रतिष्ठानों को निशाना बना रहे हैं और वे अमेरिका एवं एशिया के बीच भविष्य में संकट की स्थिति के दौरान संचार में संभावित व्यवधान डालने की तैयारी कर रहे हैं।

## दक्षिण अफ्रीका में गोलीबारी में छह व्यक्तियों की मौत, चार घायल

**एपी।** जोहानिसबर्ग

**दक्षिण** अफ्रीका में तीन व्यक्तियों ने एक मकान में घुसकर गोलीबारी की जिसमें कम से कम छह व्यक्तियों की मौत हो गई एवं चार अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी।

पुलिस के अनुसार गोलीबारी की यह घटना ईस्टर्न केप प्रांत के करिएगा शहर के समीप क्वानोबुहले में मंगलवार रात में हुई। पुलिस के अनुसार संदिग्धों को अभी गिरफ्तार नहीं किया जा सका है और उनकी तलाश की जा रही है।

पुलिस ने बताया कि मंगलवार की गोलीबारी में पांच पुरुषों और एक महिला की मौत हो गई और घायलों में एक महिला भी शामिल है।

पुलिस प्रवक्ता कर्नल प्रिसिला नायडू ने कहा, आरोप है कि तीन अज्ञात पुरुष यार्ड में घुस गए और वहां और उसके आसपास मौजूद लोगों पर गोलियां चलाने लगे। द्वार पर दो महिलाओं को गोली मार दी गई। इसमें एक महिला की मौत हो गई जबकि अन्य घायल है। पुलिस ने कहा कि गोलीबारी का उद्देश्य अभी स्पष्ट नहीं है।

**Public Notice**

BE IT KNOWN TO ALL THAT my client Mrs PUSHPA GOEL W/o Late K.K. Goel R/o Krishna Convent School, Kayasthwara, Sikandrabad 203205 (U.P) do hereby debar and deprive her son Shivam Goel to claim any right, title or interest in any movable and immovable properties in her name thereof.
My client is forced to take this harsh step due to matrimonial disputes of her son with his wife and insulting behavior of her son's family which has affected her health adversely".

Arun Kumar Kundra (Advocate)
(Enroll No. D-341/78)

**वेलक्योर ड्रग्स एंड फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड**
CIN NO : L24232DL1996PLC227773
**पंजीकृत कार्यालय** : 33/36 बेसमेंट (बेक साईड), वेस्ट पटेल नगर नियर राम जस ग्राउंड, वेस्ट दिल्ली, दिल्ली-110008
ई मेल आईडी : welcuredrugs227@gmail.com, वेबसाईड : www.welcuredrugs.com
31 मार्च, 2023 को समाप्त तिमाही के अंकेक्षित वित्तिय परिणामों का विवरण
भाग-1 (रु. लाख में)

| | विवरण | समाप्त तिमाही/ चालू वर्ष (31.03.2023) (अनंकेक्षित) | तिथि तक वर्ष के आंकडे/ समाप्त चालू वर्ष (31.03.2023) (अनंकेक्षित) | पूर्व में समाप्त तत्स्थानीय 3 महीने (31.03.2022) (अनंकेक्षित) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | परिचालनो से कुल आय | 22.12 | 23.71 | 8.25 |
| 2. | अवधि के लिये शुद्ध लाभ/(हानि) (कर, विशिष्ट एवं/अथवा असाधारण मदों के पूर्व*) | 16.70 | 23.71 | 6.70 |
| 3. | कर से पूर्व अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (विशिष्ट एवं/अथवा असाधारण मदों के बाद*) | 16.70 | 10.17 | 6.70 |
| 4. | कर से बाद अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (विशिष्ट एवं/अथवा असाधारण मदों के बाद) | 16.70 | 10.71 | 6.70 |
| 5. | अवधि हेतु कुल व्यापक आय (अवधि हेतु कर के बाद) लाभ/(हानि) एवं अन्य व्यापक आय (कर के बाद) से शामिल | 16.70 | 10.17 | 6.70 |
| 6. | इक्विटी शेयर पूंजी | 1,343.91 | 1,343.91 | 1,211.86 |
| 7. | आरक्षित (पुर्नमूल्यांकन आरक्षित को छोड़कर) पिछले वर्ष के लेखापरीक्षित तुलनपत्र में दर्शाए गए अनुसार | - | - | - |
| 8. | आय प्रति शेयर (रु 10/- प्रति का) (जारी तथा अवरुद्ध प्रचालनों के लिए) 1) मूल 2) तरल | 0.00 0.00 | 0.00 0.00 | 0.00 0.00 |

दिप्पणी :
1. उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीयन तथा अन्य उद्घाटन अपेक्षा), विनियम, 2015 के विनियम 33 के अन्तर्गत स्टॉक एक्सचेंज के पास दाखिल की गई तिमाही वित्तीय परिणामों के सम्पूर्ण विवरण प्रारुप का सार है। तिमाही वित्तीय परिणामों का संपूर्ण प्रारुप स्टॉक एक्सचेंज तथा सूचीबद्ध सत्ता की वेबसाइटों पर उपलब्ध है।
2. उपरोक्त वित्तीय परिणामों की समीक्षा लेखापरीक्षा समिति द्वारा की गई और निदेशक मंडल द्वारा 11 जुलाई, 2023 को आयोजित उनकी संबंधित बैठकों में अनुमोदित किया गया।
3. लेखा नीतियों में परिवर्तन के कारण शुद्व लाभ/हानि, कुल व्यापक आय अथवा किसी अन्य संबंधित वित्तीय मदों पर प्रभाव को फुट नोट द्वारा उद्धाटित किया जायेगा।
4. # जो भी लागू हो इंड-एएस नियमावली/एएस नियमावली के अनुसार विशिष्ट एवं/अथवा असाधारण मदों को लाभ तथा हानि के विवरण में समायोजित किया गया है।

वेलक्योर ड्रग्स एंड फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड के लिये
हस्ता/-
नाम : विशाल मेहरा
पदनाम : प्रबंध निदेशक
डीआईएन : 09717741
तिथि : 11.07.2023

## नौका में विस्फोटकों के निशान मिले : यूरोपीय राजनयिक

### ● नॉर्ड स्ट्रीम गैस पाइपलाइन विस्फोट मामला

**एपी।** बर्लिन

**पिछले** साल बाल्टिक सागर में नॉर्ड स्ट्रीम गैस पाइपलाइन को उड़ाने के मामले में यूरोपीय राजनयिकों ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) को बताया कि जांच अधिकारियों को एक नौका से लिए गए नमूनों में समुद्र के भीतर इस्तेमाल होने वाले विस्फोटकों के निशान मिले हैं। उन्होंने कहा कि जांच से अभी यह स्थापित नहीं हुआ है कि साजिशकर्ता कौन थे और क्या कोई देश इसमें शामिल था। डेनमार्क, स्वीडन और जर्मनी पिछले साल 26 सितंबर के हमले की जांच कर रहे हैं।

डेनमार्क के विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को ट्वीट किया कि संयुक्त राष्ट्र में तीनों देशों के राजदूतों ने यूएनएससी के अध्यक्ष को अब तक की जांच की जानकारी के साथ एक पत्र सौंपा है।

अधिकारियों ने मार्च में आशंका जताई थी कि इस घटना में यूक्रेन समर्थक समूह शामिल था। जर्मन मीडिया ने तब खबर दी थी कि पांच पुरुषों और एक महिला ने हमले को अंजाम देने के लिए पोलैंड में यूक्रेन के स्वामित्व वाली कंपनी द्वारा किराए पर ली गई एक नौका का इस्तेमाल किया था। यह नौका जर्मनी के रोस्टॉक बंदरगाह से रवाना हुई थी।

जर्मन संघीय अभियोजकों ने खबरों पर सीधी टिप्पणी से इनकार कर दिया है, लेकिन पुष्टि की है कि जनवरी में एक नौका की तलाशी ली गई थी और आशंका जताई गई थी कि संबंधित नौका का इस्तेमाल पाइपलाइन को उड़ाने में विस्फोटक उपकरणों के परिवहन के लिए किया गया होगा। इस सप्ताह पत्र के एक हिस्से में जर्मनी के निष्कर्षों का विवरण देते हुए कहा गया है कि नौका का सटीक मार्ग अभी तक पता नहीं चल पाया है। पत्र में कहा गया है, जांच के दौरान नाव से लिए गए नमूनों में समुद्र के भीतर विस्फोटक के निशान पाए गए लेकिन विस्तार से नहीं बताया गया है। पत्र के अनुसार, इस बिंदु पर साजिश रचने वालों की पहचान और उनके इरादों को ठोस रूप से स्थापित करना संभव नहीं है, खासकर, इस सवाल के संबंध में कि क्या घटना किसी देश या देश-प्रायोजित तत्व द्वारा संचालित थी। समुद्र के नीचे हुए विस्फोटों में नॉर्ड स्ट्रीम-एक पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई। अगस्त के अंत में रूस द्वारा आपूर्ति बंद करने तक, जर्मनी के लिए यह प्राकृतिक गैस आपूर्ति का मुख्य मार्ग था। नॉर्ड स्ट्रीम-दो पाइपलाइन को भी क्षतिग्रस्त कर दिया गया।

THE PIONEER CLASSIFIEDS

**CHANGE OF NAME**

**I, Naveed Fatima, W/o.** Nusrat Ali Siddiqui, R/o. 97, Lane No. 5, Ghaffar Manzil, Jamia Nagar, New Delhi-110025 have declared that my name wrongly mentioned in my passport as Naveed Fatiam instead of Naveed Fatima and my husband's Nustar Ali Siddiqui correct name is Nusrat Ali Siddiqui.

**PD(097)A**

## पूर्व राष्ट्रपति सिरिसेना ने ईस्टर हमले के पीड़ितों को 1.50 करोड़ का हर्जाना दिया

**भाषा।** कोलंबो

**श्रीलंका** के उच्चतम न्यायालय द्वारा तय समय सीमा से पहले ही पूर्व राष्ट्रपति मैत्रिपाला सिरिसेना ने वर्ष 2019 में ईस्टर के मौके पर हुए सिलसिलेवार धमाकों के पीड़ितों के लिए हर्जाने की पहली किस्त के तौर पर 1.5 करोड़ श्रीलंकाई रुपए का भुगतान कर दिया है। मीडिया में बुधवार को आई खबरों में यह जानकारी दी गई है।

श्रीलंका के शीर्ष न्यायालय ने इस साल जनवरी में 71 वर्षीय सिरिसेना को आदेश दिया था कि उन्होंने हमले की पहले से विश्वसनीय सूचना होने के बावजूद, देश के सबसे बड़े आतंकवादी हमले को रोकने में लापरवाही की और इसलिए वह पीड़ितों को 10 करोड़ श्रीलंकाई रुपए बतौर मुआवजा दें।

श्रीलंका में आईएसआईएस से जुड़े स्थानीय इस्लामिक चरमपंथी समूह नेशनल तौहीद जमात (एनटीजे) के नौ आत्मघाती हमलवारों ने जब हमला किया था तब सिरिसेना देश के राष्ट्रपति और रक्षामंत्री थे। आतंकवादियों ने 21 अप्रैल 2019 को तीन कैथोलिक गिरिजाघरों और इतनी ही संख्या में लग्जरी होटल को निशाना बनाया था जिसमें 11 भारतीयों सहित करीब 270 लोग मारे गए थे और 500 से अधिक घायल हुए थे।

अदालत ने सिरिसेना को 10 करोड़ श्रीलंकाई रुपए का मुआवजा देने का आदेश दिया था। इसी के साथ पूर्व पुलिस प्रमुख पुजित जयसुन्दरा और राज्य खुफिया सेवा के पूर्व प्रमुख निलंथा जयवर्धने को 7.5-7.5 करोड़ श्रीलंकाई रुपए और पूर्व रक्षा सचिव हेमासिरी फर्नांडो को पांच करोड़ श्रीलंकाई रुपए का हर्जाना देने को कहा गया था।

कोलंबो गजेट समाचार पोर्टल की खबर के मुताबिक, उच्चतम न्यायालय ने 12 जुलाई तक हर्जाना भरने को कहा था और सिरिसेना ने 28 जून को 1.5 करोड़ रुपए जमा किए। उन्होंने साथ ही अर्जी देकर शेष राशि 85 लाख-85 लाख श्रीलंकाई रुपए की 10 किस्तों में 30 जून 2024 से 20 जून 2033 के बीच भरने की अनुमति देने का अनुरोध किया है।

**राठी बार्स लिमिटेड**
RATHI SEAL OF EXCELLENCE
सीआईएन : एल74899डीएल1933पीएलसी054781
पंजीकृत कार्यालय : ए-24/7, मोहन को-आपरेटिव इंडस्ट्रियल एस्टेट, मथुरा रोड, नई दिल्ली-110044
वेब : www.rathisteels.com ई-मेल : rathibars@hotmail.com
फोन : 011-42760373, 42730360

**30वीं वार्षिक सामान्य बैठक की सूचना**

एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि कम्पनी की 30वीं वार्षिक सामान्य बैठक शुक्रवार, 04 अगस्त, 2023 को पूर्वा. 10.00 बजे ए-24/8, मोहन को-आपरेटिव इंडस्ट्रियल एस्टेट, मथुरा रोड, नई दिल्ली-110044 में आयोजित की जाएगी।
एमसीए सर्कुलर्स तथा सेबी सर्कुलर्स के अनुसार, वर्ष 2022-23 हेतु कम्पनी की वार्षिक रिपोर्ट, वित्तीय विवरण तथा एजीएम की सूचना सहित केवल ई-मेल द्वारा उन सभी सदस्यों को भेजी जाएगी, जिनका ई-मेल पता कम्पनी अथवा उनके संबंधित डिपॉजिटरी पार्टिसिपैंट्स तथा कम्पनी के रजिस्ट्रार एवं ट्रांसफर एजेन्ट के पास पंजीकृत हैं।
ई-मेल द्वारा एजीएम की सूचना का प्रेषण का कार्य 11-07-2023 तक पूरा कर लिया जाएगा। एतद्द्वारा यह भी सूचना दी जाती है कि कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 91 के साथ पठित कम्पनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियमावली, 2014 के नियम 10 तथा भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सूचीयन दायित्व और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 42 के अनुसरण में, कम्पनी के सदस्यों की पंजिका तथा शेयर अंतरण बहियां 28 जुलाई, 2023 से 04 अगस्त, 2023 तक (दोनों तिथियां शामिल हैं) कम्पनी की 30वीं वार्षिक सामान्य बैठक के प्रयोजनार्थ बंद रहेंगी। भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीयन दायित्व और प्रकटन अपेक्षाएं) विनियमावली 2015 के विनियम 44 तथा कम्पनी अधिनियम, 2013 (अधिनियम) की धारा 108 के साथ पठित कम्पनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियमावली, 2014 के नियम 20 के अनुसरण में, कम्पनी हर्ष के साथ यह सूचना दे रही है कि यह उक्त बैठक में निष्पादित की जाने वाली सभी मदों के संबंध में शेयरधारकों को रिमोट ई-वोटिंग की सुविधा प्रदान कर रही है। सदस्यों को यह भी सूचना दी जाती है कि 30वीं एजीएम की सूचना ई-वोटिंग के लिए विस्तृत अनुदेशों तथा वर्ष 2022-23 के लिए वार्षिक रिपोर्ट सहित कम्पनी की वेबसाइट http://rathisteels.com स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट www.bseindia.com पर भी उपलब्ध होगी। ई-वोटिंग अवधि रविवार, 30 जुलाई, 2023 को पूर्वा. 09.00 बजे आरंभ होगी तथा बृहस्पतिवार, 03 अगस्त, 2023 को अप. 5.00 बजे समाप्त होगी।
कम्पनी ने मैसर्स पीडब्ल्यूआर एसोसिएट्स, कम्पनी सेक्रेटरीज, दिल्ली को ई-वोटिंग प्रक्रिया के निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संवीक्षण हेतु संवीक्षक नियुक्त किया है।
सदस्यगण, रिमोट ई-वोटिंग के संबंध में विस्तृत अनुदेशों हेतु एजीएम की सूचना में सूचीबद्ध "नोट्स" देखें। ई-वोटिंग के संबंध में किसी संदेह अथवा तकनीकी सहायता के लिए सदस्य info@masserv.com पर सम्पर्क करें।
जिन सदस्यों ने अपना ई-मेल पता अभी तक पंजीकृत नहीं करवाया है, उनसे अनुरोध है कि वे अपना ई-मेल पता डीमैट धारण के संबंध में अपने संबंधित डिपॉजिटरी पार्टिसिपैंट्स के माध्यम से डिपॉजिटरी के पास पंजीकृत करवा सकते हैं। जिन सदस्यों के शेयर भौतिक रूप में हैं, उनसे अपनी ई-मेल आईडी एमएएस सर्विसेज लिमिटेड, कम्पनी के रजिस्ट्रार एवं शेयर ट्रांसफर एजेन्ट (आरटीए) के पास पंजीकृत करवाने का अनुरोध किया जाता है।

बोर्ड के आदेश द्वारा
वास्ते राठी बार्स लिमिटेड
हस्ता./-
(अनामिका शुक्ला)
कम्पनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी

तिथि : 10-07-2023
स्थान : नई दिल्ली

# जैन मुनि की हत्या पर भाजपा का प्रदर्शन

## ● कहा-सरकार कानून व्यवस्था बनाए रखने में विफल

भाषा। बेंगलुरु

**बेलगावी** में जैन मुनि आचार्य श्री कामकुमार नंदी महाराज की निर्मम हत्या के खिलाफ विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी( भाजपा) के विधायकों ने यहां विधान सौध में महात्मा गांधी की प्रतिमा के पास धरना प्रदर्शन किया।

पूर्व मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई के नेतृत्व में विधायकों ने महात्मा गांधी की प्रतिमा के पास बैठकर राज्य में 'बिगड़ती कानून व्यवस्था की स्थिति के खिलाफ नारे लगाए।

इसके बाद प्रदर्शनकारियों ने राजभवन की ओर मार्च निकाला और राज्यपाल थावरचंद गहलोत को ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शनकारियों ने उनसे राज्य में कानून व्यवस्था और शांति बनाए रखने के लिए सरकार को उचित दिशानिर्देश जारी करने का अनुरोध किया। भाजपा ने कहा कि दिंगबर जैन मुनि कामकुमार नंदी महाराज का शव आठ जुलाई को बेलगावी जिले के चिक्कोडी तालुक के हिरेकोडी में एक बेकार पड़े बोरवेल में मिला। मुनि के शरीर को काटकर एक प्लास्टिक के थैले बांधा हुआ था। राजनीतिक दल ने कहा कि एक अन्य घटना में नौ जुलाई को नमो ब्रिगेड की युवा ब्रिगेड के 32 वर्षीय एक व्यक्ति की मैसूर जिले के टी नरसीपुरा के बाहरी इलाके में हनुमान जयंती समारोह के दौरान हत्या कर दी गई। भाजपा ने अपने ज्ञापन में कहा, इसी तरह, राज्य भर में होसाकोट, धारवाड़ और यादगीर जैसी घटनाएं हुई हैं। नागरिकों के मन में डर पैदा करने के लिए एक विशेष राजनीतिक दल से जुड़े लोगों को निशाना बनाया गया और उनकी निर्मम हत्या कर दी गई। विपक्षी दल ने कहा कि हाल में कलबुर्गी जिले में अवैध रेत माफिया को रोकने की कोशिश करने वाले एक पुलिस सिपाही की हत्या कर दी गई और एक अन्य पुलिस कांस्टेबल ने धमकियों के कारण आत्महत्या करने का प्रयास किया। भाजपा ने कहा कि जब से कांग्रेस दल सत्ता में आया है बेलगवी में सार्वजनिक रूप से पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाने की घटनाएं हो रही हैं और भटकल में नारे लगाए गए हिंदू शवों को उठाने के लिए कोई नहीं होगा। भाजपा ने दावा किया कि राज्य में कानून व्यवस्था बनाए रखने में राज्य सरकार पूरी तरह से विफल रही है। कर्नाटक सरकार ने जैन मुनि की हत्या की केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) जांच से इनकार कर दिया है।

विपक्षी दल भाजपा ने मामले को केंद्रीय जांच एजेंसी को सौंपने की मांग करते हुए मंगलवार को विधानसभा में आसन के समक्ष पहुंचकर विरोध प्रदर्शन किया। भाजपा की मांग को खारिज करते हुए मुख्यमंत्री सिद्दारमैया और गृहमंत्री जी परमेश्वर ने कहा कि सरकार सभी मामलों को गंभीरता से ले रही है।

## सांप्रदायिक तत्वों व अपराधियों की सुरक्षित शरणस्थल बनता जा रहा है कर्नाटक : राजीव चंद्रशेखर

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने बेलगावी जिले में एक जैन मुनि की हत्या को लेकर कर्नाटक की कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए बुधवार को दावा किया कि यह दक्षिणी राज्य सांप्रदायिक तत्वों और अपराधियों के लिए सुरक्षित पनाहगाह बनता जा रहा है। कर्नाटक से राज्यसभा सदस्य चंद्रशेखर ने यह भी दावा किया कि भाजपा के लगातार विरोध के बाद ही राज्य पुलिस इस मामले में हरकत में आई ।केंद्रीय मंत्री के कार्यालय की ओर जारी से जारी एक वीडियो के मुताबिक चंद्रशेखर ने कहा, यह चौंकाने वाला है कि राहुल गांधी की कांग्रेस सरकार के तहत कर्नाटक कुछ ही महीनों में सांप्रदायिक तत्वों और अपराधियों के लिए एक सुरक्षित पनाहगाह बन गया है। जैन मुनि की नृशंस हत्या स्तब्ध करने वाली है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सवाल पूछा जाना चाहिए कि कर्नाटक में क्या हो रहा है जहां भाजपा की पिछली सरकार के तहत कानून और व्यवस्था बहाल की गई थी। अपराध की कई हालिया घटनाओं का हवाला देते हुए चंद्रशेखर ने कहा यह निहित स्वार्थी तत्वों को खुला छोड़ देने जैसा है क्योंकि उन्हें लगता होगा कि कर्नाटक उनके लिए एक सुरक्षित पनाहगाह है जब तक कि वे एक विशेष धर्म या आस्था से जुड़े हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि यह देखना दुखद है कि राज्य इस तरह के क्रूर और हिंसक अपराधों का केंद्र बनता जा रहा है।



जम्मू में अखनूर रोड के पास एक दुर्घटना के बाद क्षतिग्रस्त मेटाडोर वैन।

## सीबीआई ने जासूसी मामले में पत्रकार, पूर्व नौसेना कमांडर के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने स्वतंत्र पत्रकार विवेक रघुवंशी और नौसेना के पूर्व कमांडर आशीष पाठक के खिलाफ रक्षा संबंधी संवेदनशील जानकारी कथित तौर पर गुप्त रूप से हासिल करने और उसे विदेशी खुफिया एजेंसियों के साथ साझा करने के मामले में बुधवार को आरोपपत्र दाखिल किया। उन्होंने बताया कि सीबीआई ने यहां एक विशेष अदालत के समक्ष दाखिल अपने आरोपपत्र में शासकीय गोपनीयता अधिनियम के कथित उल्लंघन और संबंधित अपराधों में रघुवंशी और पाठक को आरोपी के रूप में नामित किया है। रघुवंशी और पाठक को 16 मई को गिरफ्तार किया गया था।

# एनजीटी ने बढ़ते समुद्र स्तर से द्वीप बचाने को समिति का गठन किया

भाषा। नई दिल्ली

**राष्ट्रीय** हरित अधिकरण (एनजीटी) ने एक समिति का गठन किया गया है जो समुद्र में बढ़ते जल स्तर के द्वीपों पर पड़ने वाले प्रभाव का अध्ययन करेगी और उन्हें जलमग्न होने, कटाव, बाढ़ और अन्य प्रतिकूल पर्यावरणीय प्रभावों से बचाने के लिए एक उपयुक्त नीति तैयार करेगी।

एनजीटी ने एक मीडिया रिपोर्ट का स्वत: संज्ञान लेते हुए मामले की सुनवाई के दौरान यह आदेश दिया। रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय तटों के पास कई द्वीपों में कटाव होने और उनके डूबने का खतरा है।

कार्यवाहक अध्यक्ष न्यायमूर्ति एस. के. सिंह, न्यायमूर्ति अरुण कुमार त्यागी और विशेषज्ञ सदस्य ए. सेंथिल वेल की पीठ ने केंद्रीय पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के जवाब पर गौर किया, जिसके अनुसार देश का औसत तापमान 1901 और 2021 के बीच लगभग 0.63 डिग्री सेल्सियस बढ़ा है और इसका मुख्य कारण ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन है।

पीठ ने मंत्रालय के जवाब पर गौर किया जिसमें कहा गया है, तापमान में वृद्धि के कारण हिमनदियां पिघल रही हैं, समुद्र के स्तर में वृद्धि हो रही है, वर्षा की प्रणाली बदल रही है और वैश्विक स्तर पर मौसम और जलवायु की प्रवृत्ति में बदलाव हो रहा है।

पीठ ने कहा कि द्वीपों की रक्षा करना बहुत जरूरी है। उसने एक समिति का गठन किया जिसमें गोवा स्थित राष्ट्रीय समुद्र विज्ञान संस्थान (एनआईओ), चेन्नई स्थित राष्ट्रीय सतत तटीय प्रबंधन केंद्र, चेन्नई स्थित राष्ट्रीय महासागर प्रौद्योगिकी संस्थान और देहरादून स्थित भारतीय सर्वेक्षण विभाग के निदेशक शामिल होंगे।

# उत्तराखंड आयुर्वेद विवि के कुलपति डॉ. सुनील जोशी को हटाया गया

भाषा। देहरादून

**उत्तराखंड** उच्च न्यायालय के आदेश पर कार्वाई करते हुए डॉ. सुनील कुमार जोशी को बुधवार को उत्तराखंड आयुर्वेद विश्वविद्यालय देहरादून के कुलपति पद से तत्काल प्रभाव से हटा दिया गया।

राजभवन से इस संबंध में जारी आदेश के अनुसार, नियमित कुलपति की नियुक्ति होने तक अंतरिम व्यवस्था हेतु विश्वविद्यालय के हरिद्वार स्थित गुरूकुल परिसर में कार्यरत प्रोफेसर अरुण कुमार त्रिपाठी को जोशी के स्थान पर कुलपति नियुक्त किया गया है।

त्रिपाठी की नियुक्ति कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से छह महीने या नियमित कुलपति की नियुक्ति होने तक रहेगी।

उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने जोशी की नियुक्ति में नियमों का उल्लंघन किए जाने और पद के लिए उनके योग्य न होने के संबंध में दायर एक याचिका पर निर्णय सुनाते हुए पांच जुलाई को राज्य सरकार को जोशी को पद से तत्काल हटाने का निर्देश दिया था।

# मोदी की फ्रांस यात्रा सामरिक गठजोड़ के लिए नए मानदंड तय करेगी : क्वात्रा

भाषा। नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी की बृहस्पतिवार से शुरू होने वाली दो दिवसीय फ्रांस यात्रा काफी महत्वपूर्ण होगी और आने वाले वर्षों में दोनों देशों के सामरिक गठजोड़ के लिए नए मानदंड तय करेगी। विदेश सचिव विनय क्वात्रा ने बुधवार को यह बात कही।

प्रधानमंत्री मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के बीच बातचीत रक्षा संबंधों को बढ़ाने पर केंद्रित रहने की उम्मीद है। समझा जाता है कि भारत द्वारा राफेल के नौसेना प्रारूप के 26 विमानों की खरीद के लिए आवश्यक तैयारियां की गई है ताकि इसकी घोषणा की जा सके। इसके साथ ही विमान के इंजन के संयुक्त विकास से जुड़े सौदे पर भी बात आगे बढ़ सकती है।

क्वात्रा ने संवाददाताओं से कहा, प्रधानमंत्री की फ्रांस यात्रा काफी महत्वपूर्ण होगी और हम समझते हैं कि यह आने वाले वर्षों में दोनों देशों के सामरिक गठजोड़ के लिए नए मानदंड तय करेगी।

मोदी 14 जुलाई को फ्रांस में बैस्टिल दिवस समारोह में विशिष्ट अतिथि होंगे। इसमें भारतीय सेना के तीनों अंगों की एक टुकड़ी भी हिस्सा ले रही है। इस यात्रा के दौरान फ्रांस के साथ सामारिक, वैज्ञानिक, अकादमिक और आर्थिक सहयोग जैसे विविध क्षेत्रों में भविष्य के सहयोग का रास्ता तलाशने पर भी चर्चा होगी। इसमें रक्षा, अंतरिक्ष, कारोबार एवं निवेश के क्षेत्र शाामिल हैं। बैस्टिल दिवस समारोह में हिस्सा लेने के लिए भारतीय सशस्त्र बलों की 269 सदर्स्ईय तीनों सेनाओं की टुकड़ी दो सी-17 ग्लोबमास्टर विमानों में सवार होकर बृहस्पतिवार को पेरिस के लिए रवाना हुई थी। इसमें फ्रांसिसी लड़ाकू विमानों के साथ भारतीय वायु सेना के कम से कम तीन राफेल लड़ाकू विमान भी हिस्सा लेंगे।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दो दिवसीय फ्रांस यात्रा पूरी करने के बाद लौटते समय 15 जुलाई को अबू धाबी जाएंगे क्वात्रा ने हाल ही में फ्रांस के कई शहरों में हिंसक घटनाओं को उस देश का आंतरिक मामला बताया और कहा कि इसका इस यात्रा पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।

मोदी-मैक्रों वार्ता के आयामों के बारे में कोई विशिष्ट जानकारी देने से इंकार करते हुए विदेश सचिव ने कहा कि चर्चा में सैन्य उपकरणों का सह उत्पादन, सह विकास और मिलकर डिजाइन तैयार करने से जुड़ना और इसे भारत की आत्मनिर्भरता की प्राथमिकताओं से जोड़ना शामिल हो सकता है।

# खुदरा मुद्रास्फीति जून में बढ़कर 4.81 प्रतिशत पर, तीन माह का उच्चस्तर

भाषा। नई दिल्ली

**खाद्य** उत्पादों की कीमतें बढ़ने से जून में खुदरा मुद्रास्फीति बढ़कर तीन महीनों के उच्चस्तर 4.81 प्रतिशत पर पहुंच गई। सरकार ने बुधवार को उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित मुद्रास्फीति के आंकड़े जारी किए। मई में खुदरा मुद्रास्फीति 4.31 प्रतिशत रही थी जबकि साल भर पहले जून, 2022 में यह सात प्रतिशत थी। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, जून में खाद्य उत्पादों की मुद्रास्फीति 4.49 प्रतिशत रही जबकि मई में यह 2.96 प्रतिशत थी। सीपीआई में खाद्य उत्पादों का भारांक लगभग आधा होता है।

जून में खुदरा मुद्रास्फीति की दर बढ़ने के बावजूद यह भारतीय रिजर्व बैंक के छह प्रतिशत के संतोषजनक स्तर के नीचे है। सरकार ने रिजर्व बैंक को खुदरा मुद्रास्फीति को दो प्रतिशत घट-बढ़ के साथ चार प्रतिशत तक सीमित रखने का दायित्व सौंपा हुआ है। रिजर्व बैंक खुदरा मुद्रास्फीति के आंकड़े को ध्यान में रखते हुए द्विमासिक मौद्रिक समीक्षा करता है। रिजर्व बैंक ने पिछले महीने की मौद्रिक समीक्षा में नीतिगत दर रेपो को 6.5 प्रतिशत पर कायम रखा था।



बेंगलुरु के हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) हवाई अड्डे पर एक निजी विमान को अपने नोज लैंडिंग गियर में तकनीकी खराबी के कारण आपातकालीन लैंडिंग करनी पड़ी।

# 24 घंटे में पांच अमरनाथ तीर्थयात्रियों की मौत, अब तक 19 की जान गई

भाषा। श्रीनगर

**दक्षिण** कश्मीर हिमालय में पिछले 24 घंटे में पांच अमरनाथ तीर्थयात्रियों की मौत हो गई जिसके बाद इस वर्ष की यात्रा के दौरान मरने वालों की संख्या 19 हो गई है। अधिकारियों ने बुधवार को इसकी जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि तीर्थयात्रियों की मौत दिल का दौरा पड़ने से हुई है। उन्होंने बताया कि तीन की मौत यात्रा के पहलगाम मार्ग पर और दो की मौत बालटाल मार्ग पर हुई। इनमें दो उत्तर प्रदेश और दो मध्य प्रदेश के रहने वाले, जबकि एक की अभी तक पहचान नहीं हो पाई है। अधिकारियों के अनुसार, इस साल की यात्रा के दौरान मरने वाले 19 लोगों में यात्री ड्यूटी में तैनात रहे भारत तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) का एक अधिकारी और एक सेवादार भी शामिल हैं। चूंकि, अमरनाथ यात्रा काफी ऊंचाई पर है। ऐसे में कम ऑक्सीजन सांद्रता के कारण हृदय गति रुकना तीर्थयात्रियों और वहां तैनात सुरक्षाकर्मियों की मौत की सामान्य वजहों में से एक है। प्राकृतिक रूप से बने बर्फ के शिवलिंग की झलक पाने के लिए मंगलवार तक 1,37,353 तीर्थयात्री गुफा मंदिर के दर्शन कर चुके हैं।

# आंबेडकर समान नागरिक संहिता के पक्ष में थे : आठवले

भाषा। अहमदाबाद



**केंद्रीय** मंत्री रामदास आठवले ने यहां बुधवार को कहा कि समान नागरिक संहिता (यूसीसी) मुसलमानों या आदिवासी समुदाय के हितों को नुकसान नहीं पहुंचाएगा। उन्होंने कहा कि डॉ भीम राव आंबेडकर यूसीसी के समर्थन में थे, और धार्मिक सद्भाव के लिए इसकी आवश्यकता है। केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री ने संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया, कांग्रेस यह दुष्प्रचार कर रही है कि भाजपा और इसकी सरकार संविधान को बदल देगी। आठवले ने कहा, विपक्ष द्वारा यह दुष्प्रचार किया जा रहा है। हिंदुओं और मुसलमानों के बीच एकता एवं सद्भाव सुनिश्चित करने के लिए यूसीसी की जरूरत है। यहां तक कि संविधान निर्माता आंबेडकर भी यूसीसी के समर्थन में थे। उन्होंने कहा, मैं सभी मुसलमानों से यह कहना चाहता हूं कि यूसीसी आपके खिलाफ नहीं है। इसपर राजनीति करने के बजाय सभी राजनीतिक दलों को इसका समर्थन करना चाहिए। सभी आदिवासी इसके खिलाफ नहीं हैं। यह कानून आदिवासियों, दलितों, हिंदुओं या मुसलमानों के खिलाफ नहीं है। यूसीसी लाने के लिए यह बहुत महत्वपूर्ण है। विधि आयोग ने जून में यूसीसी पर धार्मिक संगठनों और लोगों से विचार एवं सुझाव आमंत्रित करते हुए एक सार्वजनिक नोटिस जारी किया था।

# यूट्यूब पर भ्रामक वीडियो से गलत निवेश सलाह देने वाली नौ इकाइयों पर रोक जारी

भाषा। नई दिल्ली

**बाजार** नियामक सेबी ने सोशल मीडिया मंच यूट्यूब के कई चैनलों पर भ्रामक वीडियो डालकर शार्पलाइन ब्रॉडकास्ट लिमिटेड की शेयर कीमतों में हेराफेरी करने के मामले में नौ इकाइयों पर लगाई गई पाबंदी हटाने से इनकार कर दिया है। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने इस मामले की प्रथम दृष्टया जांच के आधार पर मार्च में 24 इकाइयों को शेयर बाजारों में कारोबार करने से प्रतिबंधित कर दिया था। इनमें से नौ कंपनियों पर लगाए गए प्रतिबंध की अब उसने पुष्टि कर दी है। सेबी ने मंगलवार को जारी आदेश में कहा कि ए इकाइयां फर्जी एवं अनुचित व्यापार व्यवहार निषेध (पीएफयूटीपी) नियमों के तहत प्रथम दृष्टया संलिप्त पाई गई थीं और इस अंतरिम आदेश को पुष्ट किया जाता है। इस आदेश में जतिन मनुभाई शाह, अंगद एम राठौड़, हेली जतिन शाह, दैविक जतिन शाह, अशोक कुमार अग्रवाल, अंशु अग्रवाल, अंशुल अग्रवाल, हेमंत दुसाद और अंशुल अग्रवाल कंपनी एचयूएफ पर प्रतिबंध बरकरार रखा गया है। इनमें से चार लोगों को सेबी ने कुछ रियायतें दी हैं।

# औद्योगिक उत्पादन मई में 5.2 प्रतिशत बढ़ा

भाषा। नई दिल्ली

**विनिर्माण** और खनन क्षेत्रों के बेहतर प्रदर्शन से देश में औद्योगिक उत्पादन इस साल मई में 5.2 प्रतिशत बढ़ा है। इससे पिछले महीने अप्रैल में इसमें 4.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी।

औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) के आधार पर मापा जाने वाला औद्योगिक उत्पादन पिछले साल मई में 19.7 प्रतिशत की दर से बढ़ा था। आधिकारिक बयान में कहा गया है, मार्च, 2020 के बाद से कोविड-19 महामारी के कारण उत्पन्न असामान्य परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए पिछले साल के इसी महीने की वृद्धि के आंकड़े को देखा जाना चाहिए।

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के आंकड़ों के अनुसार, विनिर्माण क्षेत्र का उत्पादन इस साल मई में 5.7 प्रतिशत बढ़ा। जबकि एक साल पहले इसी महीने में इसमें 20.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। बिजली उत्पादन में आलोच्य महीने में 0.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई जबकि पिछले साल मई महीने में यह 20.7 प्रतिशत रही थी। खनन क्षेत्र के उत्पादन में इस साल मई महीने में 6.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई जबकि एक साल पहले इसी महीने में यह 11.2 प्रतिशत की दर से बढ़ा था। उपयोग आधारित वर्गीकरण के आधार पर पूंजीगत वस्तुओं की वृद्धि दर आलोच्य महीने 8.2 प्रतिशत रही जो एक साल पहले इसी महीने में 53.3 प्रतिशत थी।

टिकाऊ उपभोक्ता सामानों का उत्पादन मई महीने में 1.1 प्रतिशत की दर से बढ़ा जबकि एक साल पहले इसी माह में इसमें 59.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। गैर-टिकाऊउपभोक्ता सामानों के उत्पादन में मई महीने में 7.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई जबकि एक साल पहले इसी माह में यह 1.4 प्रतिशत की दर से बढ़ा था। बुनियादी ढांचाानिर्माण वस्तुओं के मामले में वृद्धि दर आलोच्य महीने में 14 प्रतिशत रही जो एक साल पहले इसी अवधि में 18.4 प्रतिशत थी। आंकड़ों के अनुसार, प्राथमिक वस्तुओं का उत्पादन इस साल मई में 3.5 प्रतिशत बढ़ा जो एक साल पहले इसी महीने में 17.8 प्रतिशत बढ़ा था। मध्यवर्ती वस्तुओं का उत्पादन मई में 1.6 प्रतिशत बढ़ा जबकि एक साल पहले इसी माह में इसमें 17.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी।

चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-मई के दौरान औद्योगिक उत्पादन में 4.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जो पिछले साल की इसी तिमाही में 12.9 प्रतिशत रही थी।

# अल-इस्सा ने मोदी के समावेशी विकास के प्रति चाहतपूर्ण दृष्टिकोण की सराहना की

भाषा। नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी से मुलाकात के एक दिन बाद मुस्लिम वर्ल्ड लीग (एमडब्ल्यूएल) के महासचिव शेख मोहम्मद बिन अब्दुलकरीम अल-इस्सा ने समावेशी विकास के प्रति प्रधानमंत्री के चाहतपूर्ण दृष्टिकोण की सराहना की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी चरमपंथ और घृणा के सभी पहलुओं का मुकाबला करने के लिए मिलकर काम करने के महत्व पर सहमत हुए, भले ही ऐसी घटनाओं का स्रोत कुछ भी हो। भारत की यात्रा पर आए अल-इस्सा ने मंगलवार को प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात की और अंतरधार्मिक सद्भाव, शांति को आगे बढ़ाने और मानव प्रगति की दिशा में काम करने के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। अल-इस्सा ने बुधवार को एक ट्वीट में कहा कि उन्होंने भारतीय प्रधानमंत्री के साथ विभिन्न मुद्दों पर व्यावहारिक चर्चा की, जिसमें मानव-केंद्रित विकास को आगे बढ़ाने के तरीके, विश्वास और संस्कृति के अनुयायियों के बीच समझ और सद्भाव को बढ़ावा देने का महत्व शामिल है। मुस्लिम वर्ल्ड लीग के महासचिव ने कहा, मैं समावेशी विकास के प्रति प्रधानमंत्री के चाहतपूर्ण दृष्टिकोण की सराहना करता हूं। उन्होंने कहा कि चरमपंथ और घृणा के सभी पहलुओं का मुकाबला करने के लिए मिलकर काम करने के महत्व पर भी सहमति हुई, भले ही उनका स्रोत और कारण कुछ भी हो, क्योंकि इस विविधतापूर्ण दुनिया में शांति और समृद्धि केवल जागरूक और व्यापक नागरिकता के साथ ही प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने कहा, इसके अलावा, मैंने इंडिया इस्लामिक कल्चरल सेंटर में अपने व्याख्यान में इस महत्वपूर्ण बैठक के विवरण के बारे में विस्तार से बताया, जो प्रधानमंत्री के साथ बैठक के बाद दिया गया था। इसमें भारत के विभिन्न राज्यों से आने वाले विचारकों, मुस्लिम और गैर-मुस्लिम वरिष्ठ विद्वानों और राजनेताओं ने भाग लिया और उन्होंने व्याख्यान की सराहना की। अल-इस्सा के ट्वीट को टैग करते हुए मोदी ने कहा, मुस्लिम वर्ल्ड लीग के महासचिव और मुस्लिम विद्वानों के संगठन के अध्यक्ष शेख मोहम्मद बिन अब्दुलकरीम अल-इस्सा से मिलकर खुश हूं। हमने अंतरधार्मिक वार्ता को आगे बढ़ाने, चरमपंथी विचारधाराओं का मुकाबला करने, वैश्विक शांति को बढ़ावा देने और भारत और सऊदी अरब के बीच साझेदारी को गहरा करने पर विचारों का आदान-प्रदान किया। इससे पहले, प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने मंगलवार रात एक ट्वीट में कहा था, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मुस्लिम वर्ल्ड लीग के महासचिव और मुस्लिम विद्वानों के संगठन के अध्यक्ष शेख मोहम्मद बिन अब्दुलकरीम अल-इस्सा से मुलाकात की। दोनों ने अंतर-धार्मिक सद्भाव, शांति को आगे बढ़ाने और मानव प्रगति की दिशा में काम करने के विभिन्न पहलुओं पर व्यावहारिक चर्चा की। भारत की यात्रा पर आए अल-इस्सा ने यहां खुसरो फाउंडेशन और इंडिया इस्लामिक कल्चरल सेंटर द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम को भी संबोधित किया।

# प्रधानमंत्री फ्रांस से लौटते हुए यूएई की यात्रा पर जाएंगे

भाषा। नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी दो दिवसीय फ्रांस यात्रा पूरी करने के बाद लौटते हुए 15 जुलाई को अबू धाबी जाएंगे जहां वे संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के राष्ट्रपति और अबू धाबी के शासक शेख मोहम्मद बिन जाएद अल नह्यान के साथ ऊर्जा, खाद्य सुरक्षा, रक्षा सहित विभिन्न क्षेत्रों पर द्विपक्षीय संबंधों को आगे ले जाने के लिए वार्ता करेंगे।



विदेश मंत्रालय के बयान के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 13-14 जुलाई को फ्रांस की यात्रा पर जा रहे हैं। फ्रांस की यात्रा पूरी करने के बाद प्रधानमंत्री मोदी अबू धाबी जाएंगे।

बयान में कहा गया है भारत-यूएई की समग्र सामरिक साझेदारी सतत रूप से मजबूत हो रही है और प्रधानमंत्री की यात्रा ऊर्जा, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, खाद्य सुरक्षा, फिनटेक, रक्षा और संस्कृति सहित विभिन्न क्षेत्रों में इसे गहरा बनाने के रास्ते तलाशने का अवसर प्रदान करेगी।

इसमें कहा गया है कि प्रधानमंत्री की इस यात्रा से दोनों पक्षों को वैश्विक मुद्दों पर सहयोग को लेकर चर्चा करने का अवसर मिलेगा जो खासतौर पर सीओपी -28 की यूएई की अध्यक्षता और जी20 की भारत की अध्यक्षता के परिप्रेक्ष्य में अहम है। यूएई जी20 सम्मेलन में विशेष आमंत्रित देश है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 13-14 जुलाई को फ्रांस की यात्रा पर जा रहे हैं। प्रधानमंत्री की यह यात्रा फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के निमंत्रण पर हो रही है। मोदी 14 जुलाई को फ्रांस में बैस्टिल दिवस समारोह में विशिष्ट अतिथि होंगे। इसमें भारतीय सेना के तीनों अंगों की एक टुकड़ी भी हिस्सा ले रही है। विदेश मंत्रालय के अनुसार, राष्ट्रपति मैक्रों, प्रधानमंत्री के सम्मान में एक राजकीय भोज की मेजबानी करेंगे तथा एक निजी रात्रि भोज भी देंगे। दोनों नेताओं के बीच विविधि विषयों पर व्यापक चर्चा होगी।

इसमें कहा गया है कि, प्रधानमंत्री मोदी का फ्रांस के प्रधानमंत्री तथा वहां की सीनेट एवं नेशनल एसेम्बली के अध्यक्षों से मुलाकात का भी कार्यक्रम है।

# विविधता में एकता को मानता है भारत : राष्ट्रपति मुर्मू

भाषा। नई दिल्ली

**राष्ट्रपति** द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को कहा कि बहु-सांस्कृतिक, बहु-भाषी, बहु-जातीय और बहु-धार्मिक समाज के रूप में भारत विविधता में एकता को मानता है और 20 करोड़ से अधिक मुसलमान इसे दुनिया में दूसरी सबसे बड़ी मुस्लिम आबादी वाला देश बनाते हैं।



राष्ट्रपति मुर्मू ने यह बात तब कही जब मुस्लिम वर्ल्ड लीग (एमडब्ल्यूएल) के महासचिव डॉ. मोहम्मद बिन अब्दुल करीम अल-इस्सा उनसे भेंट करने राष्ट्रपति भवन आए। राष्ट्रपति भवन के बयान के अनुसार, राष्ट्रपति ने कहा कि भारत सहनशीलता के मूल्यों, चेतना जागृति और अंतर धार्मिक वार्ता को बढ़ावा देने में मुस्लिम वर्ल्ड लीग के योगदान एवं भूमिका की सराहना करता है। उन्होंने कहा कि बहु-सांस्कृतिक, बहु-भाषी, बहु -जातीय और बहु-धार्मिक समाज के रूप में भारत विविधता में एकता को मानता है। मुर्मू ने कहा, हमारे 20 करोड़ से अधिक मुस्लिम भाई एवं बहन देश को दुनिया में दूसरी सबसे बड़ी मुस्लिम आबादी वाला देश बनाते हैं।

उन्होंने कहा कि भारत, सऊदी अरब के साथ अपने संबंधों को काफी महत्व देता है। राष्ट्रपति ने कहा कि दोनों देशों के सौहार्दपूर्ण संबंधों का लम्बा इतिहास है जो कारोबार एवं लोगों के बीच संबंधों में निहित है तथा दोनों देशों के पास दुनिया के साथ बहुमूल्य शिक्षा साझा करने के लिए है। उन्होंने कहा कि भारत और सऊदी अरब आतंकवाद के सभी स्वरूपों की निंदा करते हैं और आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने का आह्वान करते हैं। बयान के अनुसार, दोनों नेताओं ने इस बात पर सहमति व्यक्त की कि आतंकवाद एवं हिंसक चरमपंथ से मुकाबला करने के लिए समग्र दृष्टिकोण अपनाने की जरूरत है और यह केवल उदारवादी विचारों से ही संभव है। राष्ट्रपति ने चरमपंथ, हिंसा और आतंकवाद के खिलाफ डा. अल इस्सा के रूख की सराहना की। अल-इस्सा भारत सरकार के आधिकारिक निमंत्रण पर यहां आए हैं।

# आश्विन की फिरकी में फंसे वेस्टइंडीज के बल्लेबाज

## ● भारत ने पहले टेस्ट में चाय के विश्राम तक 137 रन पर वेस्टइंडीज के आठ विकेट चटका दिए

**भाषा।** रोसीयू



**रविचंद्रन** अश्विन की अगुवाई में गेंदबाजों के प्रभावशाली प्रदर्शन से भारत ने दो मैचों की श्रृंखला के पहले टेस्ट में चाय के विश्राम तक 137 रन पर वेस्टइंडीज के आठ विकेट चटका दिए। अश्विन ने अब तक 21 ओवर में 49 रन देकर चार विकेट लिए है। वामहस्त स्पिनर रविंद्र जडेजा ने 11 ओवर में 24 रन पर दो विकेट लिए है। तेज गेंदबाज शारदुल ठाकुर और मोहम्मद सिराज को एक-एक सफलता मिली है। वेस्टइंडीज के लिए पदार्पण कर रहे एलिक अथानेज अर्धशतक से चूक गए। वह 47 रन बनाकर अश्विन का चौथा शिकार बने। चाय के विश्राम के समय रहकीम कॉर्नवाल (आठ) और केमार रोच (शून्य) क्रीज पर मौजूद थे।

अश्विन (25 रन पर दो विकेट) ने तेगनारायण चंद्रपॉल (12) और कप्तान क्रेग ब्रेथवेट (20) को आउट किया तो वहीं तीसरे तेज गेंदबाज के तौर पर खेल रहे शारदुल ठाकुर (सात रन पर एक विकेट) ने रेमंड रीफर (दो) को पदार्पण कर रहे विकेटकीपर इशान किशन के हाथों कैच कराया। रविंद्र जडेजा (छह रन पर एक विकेट) ने लंच के विश्राम से ठीक पहले जर्मेन ब्लैकवुड (14) को आउट किया।

पदार्पण कर रहे एलिक अथानजे 13 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद है। इस 28 ओवर के सत्र में वेस्टइंडीज के बल्लेबाजों ने जरूरत से ज्यादा सतर्कता से साथ बल्लेबाजी की और छह चौके लगाए।

टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला करने के बाद ब्रेथवेट और तेगनारायण ने शुरुआती ओवरों में जोखिम नहीं लिया। दोनों ने मोहम्मद सिराज और बाएं हाथ के गेंदबाज जयदेव उनादकट के खिलाफ अति रक्षात्मक रवैया अपनाया।

नए गेंद के इन दोनों गेंदबाजों को हालांकि किस्मत का साथ नहीं मिला और गेंद कई बार बल्ले के करीब से निकली।

तेज गेंदबाजों के द्वारा बनाए गए दबाव का फायदा अश्विन को हुआ। अश्विन ने यहां धीमी और फ्लाइटेड गेंद का शानदार तरीके से इस्तेमाल किया। उनकी पहली गेंद पर तेगनारायण कैच आउट होने से बचे। गेंद उनके बल्ले का किनारा लेते हुए शॉट लेग के पास से निकल गई। इसी ओवर की आखिरी गेंद पर ब्रेथवेट ने आक्रामक शॉट खेल कर चौका जड़ा। अश्विन ने हालांकि अपने पहले ओवर के बाद पिच का मिजाज पढ़ लिया और बल्लेबाजों पर शिकंजा कस दिया। तेगनारायण उनकी ऑफ स्पिन गेंद पर गच्चा खाकर बोल्ड हो गए। रन बनाने पर लगे अंकुश को दूर करने की कोशिश में ब्रेथवेट ने मिडविकेट के ऊपर से बड़ा शॉट मारने की कोशिश की लेकिन गेंद कवर क्षेत्र में खड़े रोहित शर्मा के हाथों में चली गई। वामहस्त बल्लेबाज रीफर क्रीज पर सहज नहीं दिखे। सिराज की गेंदों पर परेशानी झेलने के बाद उन्होंने शारदुल के खिलाफ रन बनाने की कोशिश की लेकिन गेंद ने उनके बल्ले का बाहरी किनारा लिया और किशन ने बाईं ओर डाइव लगाकर शानदार कैच लपका। ब्लैकवुड ने क्रीज पर समय बिताने के बाद जडेजा के सिर के ऊपर से शॉट मारा लेकिन सिराज ने मिड-ऑफ से अपनी दाईं ओर दौड़ लगाते हुए शानदार कैच लपक कर उनकी पारी को खत्म किया।

# भारोत्तोलन में ज्ञानेश्वरी ने स्वर्ण पदक जीता

## राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप:

**भाषा।** ग्रेटर नोएडा



**स्टार** भारोत्तोलक मीराबाई चानू की गैरमौजूदगी में ज्ञानेश्वरी यादव ने बुधवार को यहां राष्ट्रमंडल भारोत्तोलन चैंपियनशिप की महिला 49 किग्रा स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर घरेलू दर्शकों को जश्न मनाने का मौका दिया। छत्तीसगढ़ की 20 साल की ज्ञानेश्वरी ने स्नैच और क्लीन एवं जर्क दोनों वर्ग में अपना निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। उन्होंने कुल 176 किग्रा (78 किग्रा और 98 किग्रा) वजन उठाकर शीर्ष स्थान हासिल किया।

पिछले साल अक्टूबर में एशियाई चैंपियनशिप में ज्ञानेश्वरी को पछाड़ने वाली हमवतन झिली डालबेहड़ा ने इस बार भी उन्हें कड़ी चुनौती दी। झिली ने 169 किग्रा (75 किग्रा और 94 किग्रा) वजन उठाकर पिछली बार की तरह रजत पदक जीता। ज्ञानेश्वरी ने पीटीआई से कहा, मुझे ना केवल प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करने बल्कि अपने देश के लिए स्वर्ण पदक जीतने की भी खुशी है। उन्होंने कहा, प्रतियोगिता से पहले मैं अच्छा महसूस नहीं कर रही थी। मुझे उल्टी आ रही थी।

स्पर्धा के दौरान 49 किग्रा वर्ग में मीराबाई और अन्य भारतीय भारोत्तोलकों के बीच का अंतर साफ दिखा। मणिपुर की इस भारोत्तोलक ने तोक्यो ओलंपिक के 49 किग्रा वर्ग में 202 किग्रा (87 किग्रा और 115 किग्रा) वजन उठाकर रजत पदक जीता था। मीराबाई ने तोक्यो ओलंपिक में बुधवार को स्नैच में ज्ञानेश्वरी के प्रयास से 10 किग्रा अधिक जबकि क्लीन एवं जर्क में 21 किग्रा अधिक वजन उठाया था। उम्मीद के मुताबिक प्रतियोगिता में भारतीय भारोत्तोलकों का दबदबा रहा। मेजबान ने पहले दिन युवा, जूनियर और सीनियर वर्ग में 19 पदक जीते। पुरुष 55 किग्रा वर्ग में दो भारोत्तोलकों के बीच मुकाबला रहा। भारत के मुकुंद अहेर चैंपियन बने। जूनियर वर्ग में भी चुनौती पेश कर रहे मुकुंद ने 239 किग्रा (106 किग्रा और 133 किग्रा) वजन उठाया जबकि बांग्लादेश के मोहम्मद अशिकुर रहमान ने 207 किग्रा (92 किग्रा और 115 किग्रा) वजन उठाकर रजत पदक जीता। सीनियर वर्ग में महिलाओं का 55 किग्रा एकमात्र स्पर्धा रही जिसमें भारत ने स्वर्ण पदक नहीं जीता। सोलोमन आइलैंड की जेनली तेगु ने 189 किग्रा (83 किग्रा और 106 किग्रा) वजन उठाकर स्वर्ण अपने नाम किया। भारत की श्रावणी दास ने 181 किग्रा (81 किग्रा और 100 किग्रा) वजन उठाकर रजत पदक जीता। वह अगर क्लीन एवं जर्क के अपने अंतिम प्रयास में 109 किग्रा वजन उठाने में सफल रहती तो स्वर्ण पदक जीत लेती। ऑस्ट्रेलिया की 17 साल की क्लो पर्किन्स ने 152 किग्रा (66 किग्रा और 86 किग्रा) वजन उठाकर कांस्य पदक जीता।

सुबह के सत्र में भारत की कोमल कोहर ने महिला 45 किग्रा वर्ग में मेजबान टीम को स्वर्ण पदक दिलाया। यह गैर ओलंपिक वर्ग है। कोमल ने तीन खिलाड़ियों के बीच 154 किग्रा (68 किग्रा और 86 किग्रा) वजन उठाकर स्वर्ण पदक जीता। स्नैच में उनका केवल एक प्रयास वैध था।

श्रीलंका की श्रीमाली समरकून दिविशेकर मुदियानसेलागे ने कुल 146 किग्रा (61 किग्रा और 85 किग्रा) वजन उठाकर रजत पदक जीता जबकि माल्टा की किम लेगानो 134 किग्रा (58 किग्रा और 76 किग्रा) वजन उठाकर तीसरे स्थान पर रहीं। माल्टा की इस भारोत्तोलक ने सीनियर, जूनियर और युवा तीनों वर्ग में पदक जीते।

## सहर, स्नेहा ने एमेच्योर खिलाड़ी मन्नत के साथ बढ़त बनाई

**बेंगलुरू।** सहर अटवाल ने अंतिम लम्हों में दो बर्डी के साथ बुधवार को यहां पहले दौर में दो ओवर 69 के स्कोर से महिला पेशेवर गोल्फ टूर के 11वें चरण में स्नेहा सिंह और एमेच्योर खिलाड़ी मन्नत बरार के साथ बढ़त बना ली। सहर ने एक डबल बोगी और दो बोगी की लेकिन 15वें और 18वें होल में बर्डी से वह दो ओवर का स्कोर बनाने में सफल रहीं। स्नेहा ने पहले दौर में चार बोगी और दो बर्डी की जबकि मन्नत ने भी दो बर्डी और चार बोगी की। त्वेसा मलिक तीन ओवर 70 के स्कोर से दुर्गा नित्तुर और अनन्या दतार के साथ संयुक्त रूप से चौथे स्थान पर चल रही हैं। पिछले दो दौर से बाहर रहने के बाद वापसी कर रही गौरिका बिश्नोई और गौरी करहादे संयुक्त रूप से सातवें स्थान पर हैं। दोनों का स्कोर चार ओवर 71 है।

## हैदराबाद एफसी ने कोस्टा रिका के स्ट्राइकर जोनाथन मोया को अनुबंधित किया

**हैदराबाद।** इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) फ्रेंचाइजी हैदराबाद एफसी ने कोस्टा रिका के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी जोनाथन मोया के साथ अनुबंध किया है। क्लब ने बुधवार को यह जानकारी दी। यह 31 वर्षीय स्ट्राइकर कोरिया में दो साल बिताने के बाद हैदराबाद एफसी से जुड़ेगा। वह 2023-24 सत्र से पहले टीम से जुड़ने वाले पहले नए विदेशी खिलाड़ी है। सेन जोस में जन्मे मोया ने अपने करियर की शुरुआत डिपोर्टिवो सापरिसा अकादमी में की जिसने देश को उसके सबसे बेहतरीन खिलाड़ियों में से कुछ दिए है। वह कोस्टा रिका प्रीमियर डिविजन, स्पेन में सेगुंडा डिविजन के अलावा यूक्रेन की शीर्ष लीग में भी खेल चुके है।

## एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भारत के अभिषेक को 10 हजार मीटर पैदल चाल में कांस्य

**बैंकॉक।** अभिषेक पाल ने एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भारत के पदक का खाता खोलते हुए बुधवार को यहां प्रतियोगिताओं के पहले दिन कांस्य पदक जीता। अभिषेक ने 10 हजार मीटर पैदल चाल में 29 मिनट 33.26 सेकेंड के साथ के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया। वह जापान के रेन तजावा (29 मिनट 18.44 सेकेंड) और कजाखस्तान के कोएच किमुताइ शैडैक (29 मिनट 31.63 सेकेंड) के बाद तीसरे स्थान पर रहे।

## शंकर मुथुसामी अमेरिकी ओपन सुपर 300 के मुख्य ड्रॉ में

**काउंसिल ब्लफ्स (अमेरिका)।** जूनियर विश्व चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता शंकर मुथुसामी ने यहां दो जीत दर्ज करते हुए अमेरिकी ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल के मुख्य ड्रॉ में जगह बनाई। चेन्नई के 19 साल के शंकर ने मंगलवार रात अपने अभियान की शुरुआत ब्राजील के डेवी सिल्वा के खिलाफ 21-17 21-11 की जीत के साथ की और फिर कनाडा के बीआर संकीर्थ को 21-11 21-17 से हराया। सीनियर सर्किट पर पहले सत्र में हिस्सा ले रहे दुनिया के 80वें नंबर के खिलाड़ी शंकर को मुख्य ड्रॉ के पहले दौर में आयरलैंड के नहात एनगुएन से भिड़ना है। राष्ट्रमंडल खेलों के पूर्व चैंपियन पारुपल्ली कश्यप हालांकि जापान के कू ताकाहाशी के खिलाफ अपने दूसरे दौर के मुकाबले के बीच से हट गए। कश्यप ने जब हटने का फैसला किया तब वह 21-23 7-11 से पीछे चल रहे थे। उन्होंने पहले दौर में इंग्लैंड के रोहन मिधा को 21-19 21-17 से हराया था। कृष्ण प्रसाद गारगा और विष्णुवर्धन गौड़ पंजाला की पुरुष युगल की जोड़ी को मुख्य ड्रॉ के पहले दौर में ही चीनी ताइपे के लिन यू चीह और सू ली वेई के खिलाफ 14-21 14-21 से हार का सामना करना पड़ा।

# जय शाह और जाका अशरफ ने तय किया एशिया कप का कार्यक्रम

## ● भारत-पाकिस्तान का मैच दाम्बुला में

**भाषा।** नई दिल्ली



**भारत** और पाकिस्तान के बीच एशिया कप का बहुचर्चित मैच श्रीलंका में होगा जिस पर मेजबान पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के पूर्व पदाधिकारियों ने मंजूरी जताई थी। आईपीएल चेयरमैन अरुण धूमल ने बुधवार को इसकी पुष्टि की।

धूमल इस समय डरबन में आईसीसी मुख्य कार्यकारियों की बैठक के लिए गए हैं। उन्होंने पुष्टि की कि बीसीसीआई सचिव जय शाह और पीसीबी प्रमुख जाका अशरफ की बृहस्पतिवार को होने वाली आईसीसी बोर्ड की बैठक से पहले मुलाकात हुई ताकि एशिया कप का कार्यक्रम तय हो सके। इस महीने की शुरूआत में पद संभालने वाले अशरफ ने नजम सेठी की अध्यक्षता वाले पीसीबी के पूर्व प्रशासन द्वारा हाइब्रिड मॉडल को मंजूरी दिए जाने पर नाराजगी जताई थी। पीसीबी 31 अगस्त से 17 सितंबर तक होने वाले एशिया कप का मेजबान है जो पाकिस्तान और श्रीलंका में खेला जाएगा। धूमल ने डरबन से पीटीआई से कहा , हमारे सचिव ने पीसीबी प्रमुख जाका अशरफ से मुलाकात की और एशिया कप के कार्यक्रम को अंतिम रूप दिया गया। यह उसी के अनुरूप है जिस पर पहले बात की गई थी। पाकिस्तान में लीग चरण के चार मैच होंगे जिसके बाद नौ मैच श्रीलंका में होंगे।इसमें भारत और पाकिस्तान का मैच शामिल है। दोनों टीमें फाइनल खेलती हैं तो वह भी श्रीलंका में होगा। उन्होंने पाकिस्तान मीडिया में आ रही इन अटकलों को खारिज किया कि भारतीय टीम पाकिस्तान जाएगी। पाकिस्तान के खेल मंत्री अहसान मजारी के हवाले से ऐसी खबरें आ रही थीं। धूमल ने कहा , इस तरह की कोई बात नहीं हुई। भारतीय टीम या हमारे सचिव पाकिस्तान नहीं जाएंगे। सिर्फ कार्यक्रम तय किया गया है।

भारतीय टीम श्रीलंका के दाम्बुला में पाकिस्तान से खेल सकती है। पाकिस्तान का अपनी धरती पर एकमात्र घरेलू मैच नेपाल के खिलाफ होगा। इनके अलावा पाकिस्तान में अफगानिस्तान बनाम बांग्लादेश, बांग्लादेश बनाम श्रीलंका और श्रीलंका बनाम अफगानिस्तान मैच होंगे। हाल ही में पाकिस्तान के खेल मंत्री मजारी ने कहा था कि अगर भारतीय टीम एशिया कप खेलने पाकिस्तान नहीं आएगी तो पाकिस्तानी टीम भी वनडे विश्व कप खेलने भारत नहीं जाएगी। बीसीसीआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि शायद पाकिस्तानी खेलमंत्री को एशियाई क्रिकेट परिषद की पूर्व में हुई बैठक के बारे में पता नहीं है जिसमें कार्यकारी समिति ने हाइब्रिड मॉडल को मंजूरी दी थी जिसका सुझाव पूर्व पीसीबी अध्यक्ष सेठी ने दिया था।

बैठक के दौरान मौजूद एसीसी बोर्ड के एक वरिष्ठ सदस्य ने पीटीआई को बताया , हमें पीसीबी की अंदरूनी घटनाओं से कोई सरोकार नहीं है।हमें इतना पता है कि हाइब्रिड मॉडल पर पीसीबी ने मंजूरी जताई थी। इसके बारे में पीसीबी ने आधिकारिक प्रेस विज्ञप्ति भी जारी की थी कि चार मैच पाकिस्तान में होंगे और बाकी श्रीलंका में।

जहां तक विश्व कप का सवाल है तो पीसीबी को आईसीसी सदस्य प्रतिभागिता समझौता मानना होगा जिस पर 2015 में आठ साल के लिए सभी पूर्ण सदस्यों ने हस्ताक्षर किए थे।

# सबालेंका विंबलडन सेमीफाइनल में, रानी कैमिला ने रॉयल बॉक्स में बैठकर देखा मैच

**एपी।** विंबलडन



**एरिना** सबालेंका ने बुधवार को यहां मेडिसन कीज के खिलाफ सीधे सेट में जीत के साथ लगातार दूसरी बार विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल सेमीफाइनल में जगह बनाई।

बेलारूस की दूसरी वरीय सबालेंका 2021 में भी सेमीफाइनल में पहुंची थी जबकि 2022 में उन्हें प्रतिबंधित किया गया था। यूक्रेन में युद्ध के कारण पिछले साल की प्रतियोगिता में बेलारूस और रूस के खिलाड़ियों को प्रतियोगिता में हिस्सा लेने की स्वीकृति नहीं दी गई थी। सबालेंका ने कीज को 6-2, 6-4 से हराकर अंतिम चार में प्रवेश किया। उप विजेता कैरोलिना प्लिसकोवा के खिलाफ 2021 में सेमीफाइनल में शिकस्त झेलने वाली सबालेंका ने कहा, सेमीफाइनल में एक बार फिर जगह बनाकर शानदार महसूस हो रहा है। मैं विंबलडन में अपने दूसरे सेमीफाइनल में खेलने के लिए इंतजार नहीं कर सकती। उम्मीद करती हूं कि मैं पिछली बार से बेहतर कर पाऊंगी। इस साल ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट में सबालेंका की जीत-हार का रिकॉर्ड 17-। है। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया ओपन का खिताब जीता जबकि फ्रेंच ओपन के सेमीफाइनल में पहुंची। विंबलडन में भी वह पांच जीत दर्ज कर चुकी हैं।

ग्रैंडस्लैम के क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में सबालेंका की यह लगातार छठी जीत है। सबालेंका सेमीफाइनल में ओन्स जेब्युर का सामना करेंगी। ट्यूनीशिया की छठी वरीयता प्राप्त जेब्यूर ने एक अन्य क्वार्टर फाइनल में गत चैंपियन एलिना रिबाकिना 6-7, 6-4, 6-। से हराकर पिछले साल फाइनल में मिली हार का बदला लिया। पिछले साल प्रतिबंध का सामना करने वाले एक अन्य खिलाड़ी रूस के दानिल मेदवेदेव भी पुरुष एकल में सेमीफाइनल में पहुंचने में सफल रहे। दूसरी वरीयता प्राप्त इस खिलाड़ी ने अमेरिका के क्रिस यूबैंक्स को 6-4, ।-6, 4-6, 7-6, 6-। से हराया। टूर्नामेंट के 10वें दिन रानी कैमिला भी रॉयल बॉक्स में मैच देखने के लिए मौजूद थीं।

# भारत की नजरें बांग्लादेश का सूपड़ा साफ करने पर

**भाषा।** मीरपुर

**भारतीय** महिला क्रिकेट टीम बल्लेबाजी की कमजोरियों से पार पाते हुए बांग्लादेश के खिलाफ बृहस्पतिवार को यहां तीसरे और आखिरी टी20 मैच के लिए उतरेगी तो उसकी नजरें श्रृंखला 3 - 0 से जीतने पर रहेंगी। हरमनप्रीत कौर की कप्तानी वाली भारतीय टीम ने पहले दो मैच आसानी से जीते। दूसरे मैच में हालांकि भारत की बल्लेबाजी निराशाजनक रही जब 20 ओवर में टीम आठ विकेट पर 95 रन ही बना सकी। भारतीय गेंदबाजों ने हालांकि बल्लेबाजों की नाकामी की भरपाई करते हुए बांग्लादेश को 87 रन पर ही समेट दिया था। दो मैचों में नाकाम रहने के बाद एक बार फिर सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा पर सभी की नजरें होंगी। पिछले मैच में उन्होंने 14 गेंद में 19 रन बनाए। वह अच्छी शुरुआत का फायदा उठाने में नाकाम रही लेकिन उनका यह स्कोर भारतीय पारी में सर्वोच्च स्कोर था। शेफाली को अपनी क्षमता और लोगों की अपेक्षाओं का अहसास है। उनके पास 16 जुलाई से शुरू हो रही वनडे श्रृंखला से पहले फॉर्म में लौटने का एक और मौका है। जेमिमा रोड्रिग्स, हरलीन देओल, यस्तिका भाटिया बाउंड्री के लिए गेंदबाजों की गति पर निर्भर करती हैं लेकिन बांग्लादेश की स्पिनरों के खिलाफ उन्हें परेशानी हुई।

हरलीन ने 28.57 के बेहद खराब स्ट्राइक रेट से रन बनाए जबकि जेमिमा ने 21 गेंद में आठ रन की पारी खेली जो आधुनिक क्रिकेट के हिसाब से उपयुक्त नहीं है। उपकप्तान स्मृति मंधाना को भी बड़ी पारी का इंतजार है। भारतीय सलामी बल्लेबाज टीम को अच्छी शुरूआत देने में नाकाम रहे हैं और अब उनके पास अपनी गलतियों में सुधार करने का एक और मौका है। पहले मैच में शानदार प्रदर्शन के बाद दूसरे मैच में खाता भी नहीं खोल सकी कप्तान हरमनप्रीत फिर लय में आने की कोशिश में होंगी। भारतीय गेंदबाजों दीप्ति शर्मा, मीनू मनी और शेफाली ने दूसरे मैच में शानदार प्रदर्शन किया। मेजबान टीम के बल्लेबाज भी बेहतर प्रदर्शन की कोशिश करेंगे। उसके गेंदबाजों ने हालांकि अच्छा प्रदर्शन किया था लेकिन भारत जैसी मजबूत टीम को हराने के लिए उन्हें एक ईकाई के रूप में अच्छा खेलना होगा।

टीमें : भारत : हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना, दीप्ति शर्मा, शेफाली वर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), हरलीन देओल, देविका वैद्य, उमा छेत्री (विकेटकीपर), अमनजोत कौर, एस मेघना, पूजा वस्त्राकर, मेघना सिंह , अंजलि सरवनी, मोनिका पटेल, राशि कनौजिया, अनुषा बारेड्डी, मीनू मणि।

बांग्लादेश: निगार सुल्ताना (कप्तान, विकेटकीपर), नाहिदा अख्तर, दिलारा अख्तर, शाथी रानी, शमीमा सुल्ताना, शोभना मोस्तरी, मुर्शिदा खातून, शोर्ना अख्तर, रितु मोनी, दिशा बिस्वास, मारुफा अख्तर, संजीदा अख्तर मेघला, राबिया खान, सुल्ताना खातून, सलमा खातून, फाहिमा खातून।

मैच भारतीय समयानुसार दोपहर डेढ़ बजे शुरू होगा।

# एशियाई खेलों के लिए कुश्ती ट्रायल 22 व 23 जुलाई को दिल्ली में

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारतीय** ओलंपिक संघ (आईओए) द्वारा कुश्ती के संचालन के लिए नियुक्त तदर्थ समिति ने एशियाई खेलों के लिए बहुप्रतीक्षित कुश्ती ट्रायल 22 और 23 जुलाई को आयोजित करने का बुधवार को फैसला किया।

समिति हालांकि अभी यह निर्णय नहीं ले सकी है कि भारतीय कुश्ती महासंघ के निवर्तमान अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करने वाले छह पहलवानों में से किसी को ट्रायल में छूट दी जाए या नहीं।

आईओए ने ओसीए (एशियाई ओलंपिक परिषद) से इस तिथि को 22 जुलाई से आगे बढ़ाने की मांग की थी। ओसीए ने इस मांग को खारिज कर दिया। इसके बाद तदर्थ समिति ने नई दिल्ली में बैठक की और निर्णय लिया कि पुरुषों के ग्रीको रोमन और महिलाओं के ट्रायल 22 जुलाई को आयोजित किए जाएंगे और फ्री स्टाइल टीम का चयन अगले दिन होगा।

तदर्थ समिति ओलंपिक के 18 भार वर्गों के ट्रायल का आयोजन करेगी। इसमें तीनों प्रारूपों में छह-छह (पुरुषों के लिए फ्री स्टाइल और ग्रीको रोमन और महिलाओं के लिए फ्री स्टाइल) स्थानों के लिए ट्रायल होगा।

तदर्थ समिति के प्रमुख भूपेंदर सिंह बाजवा ने पीटीआई-भाषा को बताया, हमने 22 और 23 जुलाई को इंदिरा गांधी स्टेडियम के केदार जाधव हॉल में ट्रायल आयोजित करने का फैसला किया है। पहले हम ग्रीको रोमन और महिला पहलवानों को आमंत्रित करेंगे और फिर पुरुष फ्री स्टाइल पहलवानों को आमंत्रित करेंगे। हम चाहते हैं कि एशियाई खेलों के ट्रायल में हमारे अंडर-20 पहलवान भी चुनौती पेश करें। वे 21 जुलाई को भारत लौटेंगे और इसलिए हम उन्हें भी दावा पेश करने का मौका देना चाहते है। बाजवा ने कहा, मैं आप सभी के साथ मानदंड से जुड़ी जानकारी कल साझा करूंगा। हमने अभी तक इस पर कोई फैसला नहीं किया है।

# गेंदबाजों ने दक्षिण क्षेत्र के खिलाफ पश्चिम क्षेत्र का पलड़ा भारी किया

## दलीप ट्रॉफी:

**भाषा।** बेंगलुरू

**गेंदबाजों** के शानदार प्रदर्शन की बदौलत पश्चिम क्षेत्र ने बुधवार को यहां दलीप ट्रॉफी फाइनल के पहले दिन दक्षिण क्षेत्र का स्कोर सात विकेट



पर 182 रन करके अपना पलड़ा भारी रखा। पश्चिम क्षेत्र ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया और उसके गेंदबाजों ने आसमान में छाए बादलों का पूरा फायदा उठाया। खराब रोशनी और बारिश के कारण बुधवार को हालांकि 65 ओवर का ही खेल हो पाया। केवल कप्तान हनुमा विहारी (130 गेंद में 63 रन) ही दक्षिण क्षेत्र की ओर से टिककर बल्लेबाजी कर पाए।

अर्जन नागवासवाला, चिंतन गजा और अतीत सेठ की तेज गेंदबाजी तिकड़ी ने दक्षिण क्षेत्र के बल्लेबाजों को काफी परेशान किया। तीनों ने गेंद से अच्छी मूवमेंट हासिल करते हुए दक्षिण क्षेत्र के सलामी बल्लेबाजों मयंक अग्रवाल (28) और आर समर्थ (07) को खुलकर बल्लेबाजी नहीं करने दी। समर्थ का धैर्य जल्द ही जवाब दे गया और वह चिंतन की शॉर्ट गेंद को कट करने की कोशिश में विकेटकीपर हार्विक देसाई को कैच दे बैठे। अग्रवाल और तिलक वर्मा (40) ने इसके बाद पारी का आगे बढ़ाया। अग्रवाल इस दौरान 159 पारियों में 7000 प्रथम श्रेणी रन पूरे करने में सफल रहे। अग्रवाल अच्छी शुरुआत का फायदा उठाने में नाकाम रहे और वह सेठ की गेंद पर ड्राइव खेलने की कोशिश में तीसरी स्लिप में सरफराज खान को कैच दे बैठे। दक्षिण क्षेत्र के दोनों सलामी बल्लेबाज 42 रन तक पवेलियन लौट चुके थे। तिलक और विहारी ने इसके बाद पारी को संभाला।

# कोहली को आप देख सकते थे कि वह लंबे समय तक टिकेगा

**भाषा।** डोमिनिका



**भारत** 2011 में पिछली बार जब यहां खेल रहा था तब विराट कोहली टेस्ट क्रिकेट में अपने शुरुआती कदम रख रहे थे लेकिन उस समय टीम के दिग्गज बल्लेबाज राहुल द्रविड़ को पता था कि उनमें विशेष प्रतिभा है और उनका करियर लंबा तथा सफल रहेगा। दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला के पहले टेस्ट से पूर्व भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा साझा किए गए वीडियो में अब टीम के मुख्य कोच द्रविड़ और सीनियर बल्लेबाज कोहली ने एक दशक से भी अधिक समय पहले खेले गए उस मैच की यादें ताजा की। द्रविड़ ने कहा, जब मैं 2011 में यहां आया था तो वह इस द्वीप और यहां के मैदान के लिए एक बहुत ही विशेष अवसर था। एक अलग भूमिका में वापस आना, एक कोच के रूप में यहां आना और टीम को यहां लाना, विराट एकमात्र व्यक्ति हैं जो 2011 में जब हम यहां आए थे तो टीम में थे और अब भी हैं। मुझे याद है कि वह भारतीय टीम के साथ विराट की पहली टेस्ट श्रृंखला थी, वह एक युवा खिलाड़ी था जिसने वनडे क्रिकेट में काफी अच्छा प्रदर्शन किया था और वह टेस्ट क्रिकेट में अपने पैर जमा रहा था। द्रविड़ ने कहा, लेकिन आप देख सकते थे कि वह एक विशेष प्रतिभा थी और आप देख सकते थे कि वह लंबे समय के लिए वहां रहने वाला था। कोहली ने हाल ही में ट्विटर पर द्रविड़ के साथ अपनी एक तस्वीर साझा की और 12 साल बाद दोबारा एक साथ यहां आने के लिए आभार व्यक्त किया।

# एशियाई खेलों की तैयारी के लिए अहम है जर्मनी और स्पेन दौरा : सविता

**बेंगलुरू।** भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान सविता ने बुधवार को कहा कि उनकी टीम आगामी जर्मनी और स्पेन दौरे को हांगझोउ में होने वाले एशियाई खेलों की तैयारी के मौके के रूप में देख रही है। भारतीय टीम बुधवार को यूरोप रवाना होगी। टीम पहले तीन मैचों की श्रृंखला के लिए जर्मनी जाएगी जहां मेजबान जर्मनी के अलावा चीन से भी खेलना है। इसके बाद स्पेन के टेरासा में 25 जुलाई को मेजबान से, 27 जुलाई को दक्षिण अफ्रीका और 28 जुलाई को इंग्लैंड से खेलना है। सविता ने जर्मनी रवाना होने से पहले कहा, हमें इस दौरे का इंतजार है। एशियाई खेलों से पहले अच्छी टीमों का सामना करने से काफी कुछ सीखने को मिलेगा। उन्होंने कहा , ए मैच काफी अहम हैं क्योंकि हम एशियाई खेलों की तैयारी कर रहे हैं। पिछले कुछ महीने में हमने अपनी ताकत और कमजोरियों पर काम किया है और हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की कोशिश करेंगे। एशियाई खेल चीन के हांगझोउ में 23 सितंबर से आठ अक्टूबर तक खेले जाएंगे। भारतीय टीम :गोलकीपर : सविता (कप्तान), बिछू देवी खारीबाम डिफेंडर : दीप ग्रेस इक्का, निक्की प्रधान, इशिका चौधरी, उदिता, सुशीला चानू